जागरूक टाइम्स
YOUTUBE चैनल को सब्सक्राइब करने के लिए स्कैन करें

# जागरूक टाइम्स

jagruktimes.co.in

जयपुर, शनिवार, 8 मार्च, 2025 ▸▸ वर्ष 16 ▸▸ अंक 308 ▸▸ पृष्ठ 12 ▸▸ मूल्य 1.50 रु.



पेरिस फैशन वीक में रवीना टंडन ने बिखेरा जलवा

पेज: 10

# दिल्ली में महिला सम्मान योजना की लॉन्चिंग आज संभव

## रजिस्ट्रेशन के लिए पोर्टल जारी होगा, रुपए 2500 मिलेंगे; 20 लाख महिलाओं को फायदा

**नई दिल्ली।** दिल्ली में बीजेपी सरकार 8 मार्च को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर महिला समृद्धि योजना का शुरू कर सकती है। इस योजना के तहत पात्र महिलाओं को हर महीने 2500 रुपए दिए जाएंगे। अनुमान है कि करीब 20 लाख महिलाओं को इस योजना का फायदा मिलेगा। योजना का फायदा उन महिलाओं को मिलेगा जिनकी सलाना आय 3 लाख रुपए से कम है और जो टैक्स नहीं देतीं। योजना का फायदा 18 से 60 साल तक की महिलाओं को मिलेगा जो सरकारी नौकरी नहीं करतीं और जिनको अन्य सरकारी वित्तीय सहायता नहीं मिल रही है। अधिकारियों ने बताया कि योजना के लिए इस साल योजना के लिए 1 हजार करोड़ रुपए जारी किए गए हैं।



### रजिस्ट्रेशन के लिए 8 मार्च को लॉन्च होगा स्पेशल पोर्टल

महिला समृद्धि योजना का फायदा उठाने के लिए महिलाओं को ई-रजिस्ट्रेशन कराना अनिवार्य होगा। इसके लिए सरकार 8 मार्च को एक पोर्टल और मोबाइल ऐप लॉन्च कर सकती है। इस पोर्टल पर महिलाएं अपने जरूरी दस्तावेज, जैसे वोटर कार्ड, बीपीएल कार्ड, आधार कार्ड और आय प्रमाण पत्र जमा करके आवेदन कर सकेंगी।

### लगभग 20 लाख महिलाएं को मिलेगा योजना का फायदा

दिल्ली में 72 लाख महिला मतदाता हैं। अनुमान है कि करीब 20 लाख महिलाओं को इस योजना का फायदा मिलगा। इसमें से करीब 50 प्रतिशत महिलाएं मतदाता हैं। सरकार महिला लाभार्थियों की पहचान के लिए अलग-अलग विभागों से डेटा एकत्र कर रही है।

### जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में लॉन्च होगी योजना

महिला समृद्धि योजना की शुरुआत के लिए जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में एक बड़े कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इसमें करीब 5 हजार महिलाओं के शामिल होने की संभावना है। कार्यक्रम में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता और अन्य वरिष्ठ नेता शामिल होंगे।

## मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर शुभकामनाएं

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस (8 मार्च) के अवसर पर प्रदेश की सभी महिलाओं को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। शर्मा ने कहा कि यह दिन नारी शक्ति के सम्मान, समर्पण और उपलब्धियों का उत्सव है। महिलाएं समाज की आधारशिला हैं, जो अपनी प्रतिभा, कौशल एवं जज्बे के



दम पर जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में नई ऊंचाइयां छू रही हैं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार महिलाओं के सशक्तीकरण, उन्हें समान अवसर देने और उनके अधिकारों की रक्षा करने के लिए कृतसंकल्पित है। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर प्रदेशवासियों का आह्वान किया कि वे लैंगिक समानता को बढ़ावा देने के साथ ही महिला सशक्तीकरण की दिशा में अपनी सक्रिय भूमिका निभाएं और विकसित व खुशहाल राजस्थान के निर्माण में योगदान दें।

## कर्नाटक सरकार का बजट पेश

# अल्पसंख्यकों को बड़े तोहफे

## शिक्षा क्षेत्र में मिलेंगी बुनियादी सुविधाएं

**बेंगलुरु।** कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने शुक्रवार को राज्य का बजट पेश कर दिया है। इस बजट में राज्य के अल्पसंख्य समुदाय के लिए कई बड़े ऐलान किए गए हैं।

कर्नाटक पब्लिक स्कूलों की तर्ज पर 250 मौलाना आज़ाद मॉडल इंग्लिश मीडियम स्कूलों में चरणबद्ध तरीके से प्री-प्राइमरी से लेकर पीयू तक की कक्षाएं शुरू की जाएंगी। इस उद्देश्य के लिए 500 करोड़ रुपए की कुल लागत वाला एक कार्यक्रम तैयार किया जाएगा।



वर्तमान वर्ष में इस उद्देश्य के लिए 100 करोड़ रुपए का आवंटन किया गया है, यह कार्यक्रम स्कूल शिक्षा विभाग के सहयोग से लागू होगा।

### नए स्टार्ट-अप को प्रोत्साहित करने की योजना

*कर्नाटक अल्पसंख्यक विकास निगम के माध्यम से अल्पसंख्यक युवाओं को नए स्टार्ट-अप शुरू करने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा। मुख्यमंत्री अल्पसंख्यक कॉलोनी विकास कार्यक्रम के तहत 1,000 करोड़ रुपए की कार्ययोजना तैयार की गई है। वित्त वर्ष 2025-26 में कार्य क्रियान्वित किए जाएंगे।*

### धार्मिक पुजारियों को मानदेय

जैन पुजारियों, सिखों के मुख्य ग्रंथी और मस्जिदों के पेश-इमामों को दिया जाने वाला मानदेय बढ़ाकर 6,000 रुपए प्रति माह किया जाएगा। सहायक ग्रंथी और मुअज्जिन को दिया जाने वाला मानदेय बढ़ाकर 5,000 रुपए प्रति माह किया जाएगा।

### बहुउद्देश्यीय हॉल बनाए जाएंगे

*अल्पसंख्यक समुदायों के सांस्कृतिक और सामाजिक गतिविधियों के आयोजन के लिए राज्य भर में बहुउद्देश्यीय हॉल बनाए जाएंगे। हॉल का निर्माण होबली और तालुक स्तर पर 50 लाख रुपए और जिला मुख्यालयों और नगर निगम क्षेत्रों में 1 करोड़ रुपये की लागत से किया जाएगा। कलबुर्गी जिले के चित्तपुरा तालुका में प्राचीन बौद्ध केंद्र सन्नति में सन्नति विकास प्राधिकरण की स्थापना की जाएगी।*

## महाराष्ट्र में 3500 अल्पसंख्यक स्कूल

# 400 से ज्यादा उर्दू स्कूलों में फर्जीवाड़ा

**मुंबई।** महाराष्ट्र में उर्दू मीडियम के अल्पसंख्यक स्कूलों में बड़े पैमाने पर फर्जीवाड़ा होने की बात सामने आई है। 400 से ज्यादा स्कूलों की शिकायत मिलने के बाद मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने जांच के आदेश दिए हैं। अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष ने कई स्कूलों पर एफआईआर दर्ज कराई है। महाराष्ट्र में लगभग 3500 उर्दू मीडियम के अल्पसंख्यक दर्जा प्राप्त स्कूल हैं। इनमें से 400 से ज्यादा स्कूलों में कर्मचारियों पर दबाव बनाकर धन उगाही, महिला शिक्षकों का शोषण, शिक्षक पद पर संस्थान में अपने परिवार के सदस्यों की नियुक्ति, एक ही स्कूल परिसर में दो-दो स्कूल चलाने की शिकायतें अल्पसंख्यक आयोग को मिली हैं।



सीएम ने दिए जांच के आदेश

### स्कूल संचालक हड़प रहे शिक्षकों का वेतन

अकोला के एक स्कूल की महिला शिक्षकों ने गंभीर आरोप लगाया कि वेतन का 50 हिस्सा जबरन वसूलता है, विरोध करने पर मारपीट और धमकियां दी जाती हैं। महिला शिक्षिकाओं को अश्लील टिप्पणियों और मानसिक प्रताड़ना का सामना करना पड़ता है।

### एक परिवार के 12 शिक्षक, कुछ की डिग्री फर्जी

अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष प्यार खान ने कहा कि एक ही परिवार के 10/12 लोग टीचर हैं। कुछ टीचरों की डिग्री भी बोगस है, हजार डेढ़ हजार स्क्वायर फीट में स्कूल चल रहे हैं, एक ही बिल्डिंग में दो-दो स्कूल चल रहे हैं, नियम यह है कि एक किलोमीटर में दूसरा स्कूल नहीं होना चाहिए।

### सभी स्कूलों की जांच हो: कांग्रेस

कांग्रेस नेता विजय वडेट्टीवार ने कहा कि राइट टू एजुकेशन के तहत जो भी बच्चा हो उसको एजुकेशन देना जरूरी है ऐसा कानून बना है। हर स्कूल की जांच होना चाहिए, शिक्षा क्षेत्र में धांधली नहीं होना चाहिए। मुख्यमंत्री की मांग है तो हमारी भी मांग है, सिर्फ अल्पसंख्यक का स्कूल में ही गड़बड़ियां हो रही हैं, ऐसा सोचने की जरूरत नहीं है। माइनॉरिटी यानी कि सिर्फ मुस्लिम ही नहीं होते हैं, माइनॉरिटी में बहुत सारे समाज आते हैं, शिक्षा के क्षेत्र में धांधली होने वाले सभी स्कूलों की जांच होनी चाहिए।

# एयफोर्स का फाइटर जेट प्लेन क्रैश

## दोनों हादसों में पायलट सुरक्षित, वायुसेना ने दिए जांच के आदेश

**अंबाला।** एयरफोर्स का फाइटर जेट जगुआर शुक्रवार को तकनीकी खराबी की वजह से दोपहर करीब 3.45 बजे हरियाणा में पंचकूला के नजदीक क्रैश हो गया। फाइटर जेट ने अंबाला एयरबेस से प्रशिक्षण के लिए उड़ान भरी थी। हादसा के दौरान पायलट विमान से सुरक्षित बाहर निकल गया।



हादसा पंचकूला के मोरनी में बालदवाला गांव के पास हुआ। एक अन्य घटना में वायुसेना का एक परिवहन विमान पश्चिम बंगाल के बागडोगरा में उतरने के बाद क्रैश हो गया। इसका चालक दल सुरक्षित है। रूसी मूल का विमान, एएन-32, वायुसेना का प्रमुख ट्रांसपोर्ट विमान है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, विमान पहले पेड़ों से टकराया, फिर जंगल के बीच एक खाई में गिरा। विमान के गिरते ही उसमें आग लग गई। वह कई टुकड़ों में बंट गया। विमान के टुकड़े आसपास के क्षेत्रों में बिखरे पाए गए। पायलट विमान को रिहायशी इलाके से दूर ले गया पायलट विमान को रिहायशी इलाके से दूर ले गया, फिर खुद सुरक्षित रूप से बाहर निकल गया। जिसके बाद ग्रामीणों ने वहां पहुंचकर पायलट को पानी पिलाकर मदद की। हादसे की जांच के लिए वायुसेना के विशेषज्ञों की टीम मौके पर पहुंच गई है।

## 7 साल बाद जम्मू और कश्मीर का बजट पेश...

# जम्मू-कश्मीर की महिलाओं के लिए फ्री बस सेवा का ऐलान



### 200 यूनिट मुफ्त बिजली और पर्यटन को बढ़ावा देने का मास्टरप्लान तैयार

**जम्मू-कश्मीर।** 7 साल बाद जम्मू और कश्मीर का बजट पेश हो रहा है। इस मौके पर नेशनल कॉन्फ्रेंस की गठबंधन सरकार के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने कई बड़े ऐलान किए।

दिल्ली की तरह अब जम्मू-कश्मीर की महिलाओं को भी सरकारी बसों में मुफ्त सफर की सुविधा, और हर घर को 200 यूनिट फ्री बिजली मिलेगी। इसके अलावा 15,000 नए प्राइमरी स्कूल और पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए मास्टर प्लान तैयार करने का ऐलान हुआ। साथ ही बजट में अमरनाथ यात्रा के दौरान सुरक्षा और रहने की व्यवस्था को और मजबूत करने की बात भी कही गई।

### महिलाओं और युवाओं के लिए बड़े ऐलान

हर महिला को फ्री बस सफर 1 अप्रैल 2025 से सरकारी और ई-बसों में यात्रा मुफ्त
'लखपति दीदी' योजना महिलाओं को 40,000 रुपये की आर्थिक मदद
शादी पर आर्थिक सहायता बढ़ी 5,000 की जगह अब 75,000 रुपये मिलेंगे

### बिजली, स्वास्थ्य और शिक्षा में सुधार

200 यूनिट तक बिजली मुफ्त हर घर को राहत
स्मार्ट मीटर इंस्टॉल होंगे, बिजली चोरी रोकने और सप्लाई सुधारने के लिए
स्वास्थ्य सेवाएं अपग्रेड सभी जिला अस्पतालों में सिटी स्कैन की सुविधा, 110 करोड़ का बजट
15,000 नए प्राइमरी स्कूल खोलने की योजना

### पर्यटन और धार्मिक स्थलों पर फोकस

अमरनाथ यात्रा यात्रियों की सुरक्षा और रहने की बेहतर व्यवस्था
शिव खोड़ी, पीर खो और रंजीत सागर बांध में पर्यटन सुविधाएं बढ़ेंगी
पर्यटन के लिए 390 करोड़ का बजट

### खाद्य सुरक्षा और कृषि क्षेत्र में सुधार

हर परिवार को 10 किलो मुफ्त राशन, कृषि विकास के लिए 815 करोड़ रुपये
नए उद्यमियों के लिए 50 करोड़ का पैकेज

### बीजेपी बोली, पाकिस्तान की बात करने वालों से सख्ती से निपटा जाए

जम्मू-कश्मीर में अवैध खनन पर उमर अब्दुल्ला ने कहा कि हम लोगों की आकांक्षाओं को पूरा करेंगे। साथ ही अवैध खनन को रोकने के लिए सख्त कदम उठाएंगे। वहीं बजट के बीच हंगामा हुआ कि विधानसभा में पाकिस्तान पर ज्यादा बाते होती हैं, जो नहीं होनी चाहिए। इस पर विपक्ष नेता सुनील शर्मा ने स्पीकर को चिट्ठी लिखी। पत्र में कहा गया कि पाकिस्तान की चर्चा करने वाले विधायकों से सख्ती से निपटा जाए। साथ ही पाकिस्तान की जहां भी बात की गई है उन शब्दों को सदन की कार्यवाही से हटाया जाए।

## डब्ल्युटीसी पर ईडी का शिकंजा / भूटानी समूह के खिलाफ मनी लॉन्ड्रिंग की कार्रवाई

# नोएडा में 3000 करोड़ का स्कैम

### रियल एस्टेट क्षेत्र में वित्तीय अनियमितता-धोखाधड़ी का आरोप

**नोएडा।** हाल ही में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने दिल्ली-एनसीआर क्षेत्र में स्थित वर्ल्ड ट्रेड सेंटर (डब्ल्युटीसी) समूह और भूटानी समूह के खिलाफ मनी लॉन्ड्रिंग के तहत कार्रवाई की है। यह कार्रवाई रियल एस्टेट क्षेत्र में कथित वित्तीय अनियमितताओं और धोखाधड़ी के आरोपों के संदर्भ में की गई है। ईडी ने दिल्ली फरीदाबाद समेत एनसीआर के 12 इलाकों में डब्ल्युटीसी बिल्डर और प्रमोटर आशीष भल्ला और भूटानी ग्रुप और इसके प्रमोटर आशीष भूटानी पर शिकंजा कस दिया है।



### आशीष भल्ला गिरफ्तार

रियल एस्टेट धोखाधड़ी मामले में डब्ल्युटीसी ग्रुप के प्रमोटर आशीष भल्ला को ईडी ने गिरफ्तार कर लिया है। भल्ला पर हजारों इनवेस्टर्स को धोखा देने और ठगने की साजिश का आरोप है। भल्ला के कारण निवेशकों को भारी नुकसान उठाना पड़ा है। ईडी ने गिरफ्तारी के बाद उन्हें विशेष अदालत में पेश किया, जहां ईडी ने रिमांड की मांग की थी। कोर्ट ने भल्ला को 6 दिनों की कस्टडी में भेज दिया है। डब्ल्युटीसी ग्रुप को लेकर जांच में खुलासा हुआ कि सैकड़ों करोड़ रुपये विदेश, खासकर सिंगापुर भेजे गए हैं। जहां उनके परिवार के लोग लाभार्थी हैं। 27 फरवरी 2025 को ईडी ने उनके ठिकानों पर छापेमारी की थी। इस दौरान वे वो फरार हो गए थे। आखिरकार 6 मार्च 2025 को उन्हें गिरफ्तार किया गया।

### मनेसर से लेकर चंडीगढ़ तक फैला कारोबार

#### भूटानी समूह पर आरोप

डब्ल्यूटीसी ग्रुप और भूटानी ग्रुप रियल एस्टेट सेक्टर में एक्टिव हैं। इन पर आरोप है कि इन्होंने निवेशकों से बड़ी रकम जुटाई, लेकिन प्रोजेक्ट्स को समय से पूरा नहीं किया जिससे निवेशकों को भारी नुकसान हुआ है। निवेशकों की शिकायतों के बाद ईडी ने डब्ल्युटीसी और भूतानि ग्रुप पर बड़ी कार्रवाई की है।

#### 25 एकड़ में फैला डब्ल्यूटीसी

दिल्ली के नौरोजी नगर में हाल ही में एक आधुनिक वर्ल्ड ट्रेड सेंटर का उद्घाटन किया गया है, जो 25 एकड़ में फैला हुआ है और अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस है। इसमें 12 टावर हैं, प्रत्येक 10 मंजिला, जो लगभग 34 लाख वर्ग फीट प्रीमियम वाणिज्यिक स्थान प्रदान करते हैं। यह केंद्र राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय कॉर्पोरेट हाउस, सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों (पीएसयूस) और वित्तीय संस्थानों के लिए एक उपयुक्त स्थान है।

#### कई शहरों में फैला कारोबार

डब्ल्युटीसी का कारोबार सिर्फ नोएडा ही नहीं बल्कि चंडीगढ़, अहमदाबाद, अमृतसर, भोपाल, फरीदाबाद, गिफ्ट सिटी, लखनऊ, नोएडा, नोएडा सीबीडी, पटना, सूरत, वडोदरा और वाराणसी में भी कंपनी का कारोबार फैला है।

# उदयपुर सेंचुरी में लगी आग मानसून पैलेस तक पहुंची

### 60 फीट गहरी खाई में उतरे 10 कर्मचारी

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**उदयपुर।** उदयपुर के सज्जनगढ़ सेंचुरी में लगातार चौथे दिन आग भड़क रही है। अब तक आग पर काबू नहीं पाया गया है। करीब 50 हेक्टेयर एरिया आग की चपेट में आ चुका है। आग की लपटें अब मानसून पैलेस तक पहुंच गई है। पैलेस से 800 मीटर की दूरी पर आग की लपटें दिखाई दे रही है। आग बुझाने के लिए 60 फीट गहरी खाई में 10 कर्मचारियों को उतारा गया है। ऐसे में आग पर काबू पाने के लिए पहाड़ी पर बने पैलेस के पास करीब 9 फायर ब्रिगेड को तैनात किया गया है। इसके अलावा जहां गाड़ी नहीं पहुंच पा रही है,



वहां खाई में 50-50 मीटर के 8 पाइप को जोड़कर आग की लपटों तक पानी का पानी पहुंचाया गया है। उदयपुर के चीफ फायर ऑफिसर बाबूलाल चौधरी ने बताया कि बैकअप के तौर पर चित्तौड़गढ़ और नाथद्वारा के एक-एक फायर ब्रिगेड मंगवाई गई है।

गुरुवार देर रात तक आग की लपटें सेंचुरी में जानवरों के पिंजरे तक पहुंच गई थी। जिस पर काबू पाया गया। दावा किया जा रहा है कि वहां पिंजरा खाली था और कोई नुकसान नहीं हुआ है।

## महिलाओं के कानूनी अधिकारों की सुरक्षा करना प्रत्येक समाज की जिम्मेदारी : रेखा यादव




**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**धौलपुर।** महिला दिवस के अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव रेखा यादव द्वारा मंजरी फाउंडेशन और सहेली समिति के सहयोग से जिला विधिक सेवा प्राधिकरण धौलपुर में 7 मार्च शुक्रवार को महिला सप्ताह के अंतर्गत विधिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सचिव रेखा यादव द्वारा उपस्थित महिलाओं को बताया कि महिला सप्ताह भारतीय संविधान के तहत महिलाओं को कई मौलिक अधिकार मिलते हैं, इनमें शामिल हैं- समानता का अधिकार, स्वतंत्रता का अधिकार, शोषण के ख़लिफ़ अधिकार, धर्म की स्वतंत्रता का अधिकार, संस्कृति और शिक्षा संबंधी अधिकार, संवैधानिक उपचारों का अधिकार, मत देने का अधिकार, सार्वजनिक पद धारण करने का अधिकार, कानूनी कारोबार में प्रवेश करने का अधिकार, पारिवारिक कानून में बराबर है। इसके अलावा, महिलाओं के लिए कुछ विशेष प्रावधान भी किए गए है। पंचायती राज संस्थाओं में एक तिहाई आरक्षण की व्यवस्था, गर्भवती महिलाओं और शिशुओं को कुछ विशेष कानूनी अधिकार, कामकाजी माताओं के लिए कुछ प्रावधान, महिलाओं के लिए कुछ और अधिकार जैसे यौन हिंसा से मुक्ति, प्रजनन अधिकारों की स्वतंत्रता, शिक्षा प्राप्ति का अधिकार, विधानमंडलों, नगर पालिकाओं, स्थानीय निकायों और सभी समितियों, सम्मेलनों, आयोगों या प्रतिनिधि मंडलों में प्रतिनिधित्व पाने का अधिकार। भारतीय संविधान के तहत महिलाओं को समानता, स्वतंत्रता और शोषण के खिलाफ अधिकार मिलते हैं, इसके अलावा महिलाओं के लिए कुछ विशेष प्रावधान भी किए गए हैं जैसे समानता का अधिकार, कानून के सामने सभी लोगों को समानता मिलती है। जन्म, विचार, संप्रदाय, जाति, लिंग, या वंश के आधार पर भेदभाव नहीं किया जा सकता। रोजगार के क्षेत्र में समान अवसर मिलते हैं, स्वतंत्रता का अधिकार, बोलने और अभिव्यक्ति की आजादी मिलती है, आदि के बारे में तथा घरेलू हिंसा से महिलाओं का संरक्षण अधिनियम, 2005, महिलाओं के विरुद्ध अपराध, महिलाओं के स्वास्थ्य अधिकार, गर्भ का चिकित्सीय समापन अधिनियम, 1971, गर्भधारण पूर्व और प्रसव पूर्व निदान-तकनीक लिंग चयन प्रतिषेध अधिनियम, 1994, गिरफ्तार एवं बंदी महिलाओं के अधिकार, संदिग्ध और गिरफ्तार व्यक्तियों के अधिकार, महिला बंदियों के अधिकार, बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम, 2006, माता-पिता और वरिष्ठ नागरिकों का भरण-पोषण, रख-रखाव तथा कल्याण अधिनियम, 2007, विधिक सेवा प्राधिकरण अधिनियम, 1987 एवं इसके साथ ही चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098 एवं नालसा के टोल - फ्री राष्ट्रीय विधिक सहायता हेल्पलाइन नम्बर 15100 की जानकारी दी इसके साथ ही रालसा व नालसा स्कीम के बारे में भी जानकारी दी गई।

## जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता 9 मार्च को

**चूरू।** युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार के अंतर्गत नेहरू युवा केंद्र चूरु द्वारा जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन 9 मार्च को जिला खेल स्टेडियम में किया जाएगा। कार्यक्रम आयोजन प्रभारी अनिल प्रजापत ने बताया है कि प्रतिवर्ष आयोजित इस खेलकूद प्रतियोगिता में वॉलीबॉल, कबड्डी, एथलेटिक्स एवं रस्सा-कस्सी के इवेंट आयोजित किए जाएंगे जिसमें 15 से 29 वर्ष के युवा- युवतियां भाग ले सकेंगे। इस प्रतियोगिता में ब्लॉक स्तर से चयनीत टीमें एवं खिलाड़ी भाग लेंगे। जिला स्तर पर विजेता टीमों को राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेने का अवसर मिलेगा तथा खेल सामग्री दी जाएगी । यह कार्यक्रम फिट इंडिया अभियान के तहत स्वस्थ जीवन शैली तथा फिटनेस का संदेश देने तथा खेलों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से प्रतिवर्ष ब्लॉक जिला एवं राज्य स्तर पर आयोजित किया जाता है।

## सांसद राव ने जन औषधि केंद्र का निरीक्षण किया



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**फुलेरा।** जन आरोग्य दिवस के अवसर पर उप जिला चिकित्सालय स्थित जन औषधि केंद्र का सांसद राव राजेन्द्र सिंह ने पूर्व विधायक निर्मल कुमावत के साथ प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि केन्द्र का निरीक्षण किया गया। इस अवसर पर सांसद जन औषधि केंद्र पर निरीक्षण कर दवाइयां की गुणवत्ता व स्टॉक की जानकारी लेकर लाभार्थियों से संवाद किया । इस पर लाभार्थियों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार जताया। वहीं सांसद राव राजेन्द्र सिंह व राष्ट्रीय परिषद सदस्य निर्मल कुमावत द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर में जाकर पर्ची काउंटर,दवा वितरण केंद्र, प्रयोगशाला, ईसीजी एवं चिकित्सक कक्ष का निरीक्षण कर मरीजों व परिजनों से चर्चा कर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की लोककल्याणकारी परियोजना के तहत कम खर्च में उच्च गुणवत्ता वाली जेनेरिक दवाइयां जन औषधि केन्द्र से खरीदने का आह्वान किया। वहीं पूर्व विधायक निर्मल कुमावत ने कहा कि केंद्र सरकार स्वास्थ्य सुविधाओं को मजबूत और सुलभ बनाने के लिए निरंतर प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री की इस पहल पर शुरू किए गए जन औषधि केंद्र लोगों को सस्ती और गुणवत्तापूर्ण दवाइयां उपलब्ध कराने में मदद कर रहे हैं। जिससे चिकित्सा सुविधा अधिक किफायती बन रही है । इस अवसर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष प्रणव कयाल, ब्लॉक चिकित्सा अधिकारी राज चौधरी, चिकित्सा प्रभारी डॉ धर्मेंद्र भांभू, औषधी नियंत्रण अधिकारी पूनम महिंद्रा, केमिस्ट एसोशिएशन अध्यक्ष आलोक तिवारी, नेता प्रतिपक्ष संजय पारीक, व्यापार महासंघ अध्यक्ष मनोज आहूजा,पार्षद व पूर्व मंडल अध्यक्ष महावीर जैन, सुमित्रा नाथावत सहित स्वास्थ्य कर्मी मौजूद रहे। मंच संचालन भाजपा उपाध्यक्ष सुरेश कुमार सैनी ने किया।

## राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन आज

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**धौलपुर।** राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर के निर्देशानुसार 8 मार्च को संपूर्ण प्रदेश में इस वर्ष की प्रथम राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जायेगा। राष्ट्रीय लोक अदालत में सिविल न्यायालयों में लंबित राजीनामा योग्य प्रकरणों के साथ-साथ बैंक के ऋण संबंधी प्री-लिटिगेशन प्रकरणों, एनआई एक्ट के प्रकरण व राजस्व न्यायालयों में लंबित राजीनामा योग्य प्रकरणों का निस्तारण किया जाएगा। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश सचिव रेखा यादव ने बताया कि जिले में न्यायालयों में लंबित प्रकरणों के निस्तारण हेतु कुल 10 बेंचों का गठन किया गया है। जिला मुख्यालय पर 4 बेंचों का गठन किया गया है जिसमें स्थायी लोक अदालत एवं उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग के प्रकरणों हेतु बेंच संख्या 1, सेशन न्यायालयों के प्रकरणों हेतु बैंच संख्या 2, मजिस्ट्रेट न्यायालयों के प्रकरणों हेतु बैंच संख्या 3, प्रि-लिटिगेशन प्रकरणों हेतु बैंच संख्या 4 गठित की गई है। इसी प्रकार सैंपऊ मुख्यालय हेतु न्यायिक मजिस्ट्रेट सैंपऊ की बैंच संख्या 05 गठित की गई है। ताल्लुका बाड़ी मुख्यालय पर 4 बैंचों का गठन किया गया है जिसमें बैंच संख्या 1 सेशन न्यायालय एवं प्री लिटिगेशन प्रकरणों हेतु, बैंच संख्या 2 मजिस्ट्रेट न्यायालयों बाड़ी हेतु गठित की गई है एवं बैंच संख्या 3 न्यायिक मजिस्ट्रेट सरमथुरा के लिए गठित की गई है एवं बैंच संख्या 4 न्यायालय न्यायिक मजिस्ट्रेट बसेड़ी के लिए गठित की गई है। ताल्लुका राजाखेड़ा मुख्यालय हेतु बैंच संख्या 1 न्यायालय न्यायिक मजिस्ट्रेट राजाखेड़ा के लिए गठित की गई है। उक्त राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाने हेतु न्यायालयों में लंबित प्रकरणों के साथ-साथ, बैंक व वित्तीय संस्थानों के लंबित या प्री-लिटिगेशन प्रकरणों का आपसी सुलह के माध्यम से राजीनामें द्वारा निस्तारण का प्रयास किया जायेगा। सचिव द्वारा बताया गया कि पक्षकारों द्वारा आपसी समझाइश एवं राजीनामे के आधार पर अपने प्रकरणों का राष्ट्रीय लोक अदालत के माध्यम से निस्तारण कराते हुए शीघ्र सस्ता एवं सुलभ न्याय प्राप्त करने के इस अवसर का आमजन को लाभ उठाना चाहिए।

## प्रभावी वैक्सीन प्रबंधन के अंतर्गत केंद्रीय टीम ने जिला वैक्सीन भंडार का निरीक्षण किया



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**धौलपुर।** वैक्सीन आपूर्ति श्रृंखलाओं का आकलन और निगरानी करने हेतु प्रभावी वैक्सीन प्रबंधन के अंतर्गत राष्ट्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण संस्थान दिल्ली की केंद्रीय टीम दो दिन से जिले के दौरे पर है। टीम द्वारा वैक्सीन भंडारों का निरीक्षण कर वैक्सीन के रख-रखाव की जांच की जा रही है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. धर्म सिंह मीणा ने बताया कि यह टीम 8 मार्च तक जिले में वैक्सीन के परिवहन, भंडारण और अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लेगी। जिला प्रजनन एवं शिशु स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.शिव कुमार शर्मा ने बताया कि केंद्रीय टीम ने आज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सरमथुरा के कोल्ड चैन भंडार का निरीक्षण कर वैक्सीन के रख-रखाव व वैक्सीन के टेम्प्रेचर आदि की मॉनिटरिंग की। टीम में शामिल हरकेश सिंह, तथा राहुल मंगल ने सीएचसी पर वैक्सीन के रखरखाव को पूर्ण और गुणवत्तापूर्ण पाया। टीम द्वारा 8 मार्च को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बरेह के कोल्ड चैन भंडार का निरीक्षण किया जायेगा। निरीक्षण के दौरान चिकित्सा अधिकारी प्रभारी डॉ. गोरेलाल मीणा, प्रहलाद शर्मा सहित अन्य चिकित्सा कर्मी मौजूद रहे।

## जिला स्तरीय कार्यशाला आयोजित



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**चूरू।** जिला उद्योग एवं वाणिज्य केन्द्र में जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में वाणिज्यिक कर विभाग के राज्य कर अधिकारी भारत भूषण शर्मा, अग्रणी जिला प्रबंधक अमर सिंह, सहायक अग्रणी जिला प्रबन्धक दिनेश कुमार, रिको एसआई गौरव स्वामी व रिको एएसई जयसारण आदि उपस्थित रहे। कार्यशाला में जिला उद्योग एवं वाणिज्य केन्द्र महाप्रबन्धक उजाला ने राज्य सरकार की ओर से निवेश एवं रोजगार को बढावा देने के लिए जारी नीतियों, योजनाओं ओडीओपी पॉलिसी, राजस्थान निवेश प्रोत्साहन योजना 2024, एमएसएमई पॉलिसी 2024 आदि की विस्तृत जानकारी दी। महाप्रबंधक उजाला ने जिला स्तरीय कार्यशाला में पात्रतानुसार विभिन्न योजनाओं, नीतियों, विशेष रूप से रिप्स योजना के तहत परिलाभ प्राप्त करने के संबंध में जानकारी दी। कार्यशाला में अधिकारियों ने उद्यमियों की सवालों का समाधान किया। कार्यशाला में विश्वकर्मा उद्योग संघ अध्यक्ष धर्मेन्द्र बुडानिया, सरदारशहर उद्योग संघ अध्यक्ष शंकरलाल प्रैमानी, लघु उद्योग भारती प्रांतीय सदस्य दौलत तंवर, बनवारीलाल जांगिड़ सरदारशहर, अति. प्रशासनिक अधिकारी आदुसिंह गुर्जर व कनिष्ठ सहायक महेश आदि उपस्थित रहे।

## एडीजे रेखा यादव ने किया जिला कारागृह का निरीक्षण



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**धौलपुर।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव रेखा यादव द्वारा जिला कारागृह धौलपुर का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने जिला कारागृह में स्थापित प्रिजिन लीगल एड क्लिनिक के संबंध में माननीय नालसा द्वारा जारी एस.ओ.पी. में वर्णित दिशा-दिशा निर्देशों की पालना सुनिश्चित किये जाने के निर्देश दिये। कारागृह में निरीक्षण के दौरान सर्वप्रथम जेल में बंद ऐसे अंडर ट्रायल बंदी जो प्रथम बार जेल में आए हैं उनसे संवाद किया एवं उनसे उनके प्रकरण के बारे में जानकारी ली गई जिसमें से एक बंदी ने अवगत कराया कि मेरी परीक्षा होने वाली है इसलिए मुझे किताबों की आवश्यकता रहेगी जिस पर सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा जेल अधीक्षक सुमन मीणा को निर्देश दिए गए कि उक्त बंदी को उसकी आवश्यकतानुसार आवश्यक किताबें उपलब्ध कराई जाए तथा कारागृह के वातावरण के बारे में पूछा गया। सचिव ने बंदियों को कारागृह मे मिलने वाली मूलभूत सुविधाओं जैसे भोजन, आवास, नाश्ता, स्वच्छ पेयजल, चिकित्सीय सुविधाओं व रसोईघर, बैरक इत्यादि का जायजा लिया तथा कारागृह में निरुद्ध बंदीगण से वार्ता कर उनके प्रकरणों के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने जेल में स्थित नए भण्डार गृह के बारे में जानकारी ली तथा साथ ही नई रसाई घर की भी जानकारी ली एवं भण्डार गृह में पहुंच कर उपलब्ध राशन सामग्री की गुणवत्ता का अवलोकन किया। उन्होंने जेल में निरुद्ध बंदी एवं उनके परिजन के मध्य मिलाई वार्ता प्रक्रिया की जानकारी ली, जिसके दौरान जेल अधीक्षक सुमन मीणा को निर्देशित किया कि ऐसे बंदी जिनके अभी तक न्यायालय में जमानत प्रार्थना पत्र प्रस्तुत नहीं हुए हैं, ऐसे बंदियों का जमानत प्रार्थना पत्र जिला विधिक सेवा प्राधिकरण में प्रेषित करें, ताकि उन्हें संबंधित न्यायालय में प्रस्तुत किए जा सकें।

## रबी विपणन वर्ष 2025-26 में न्यूनतम समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीद को लेकर बैठक आयोजित



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**धौलपुर।** समर्थन मूल्य पर गेहूं की खरीद व्यवस्थाओं के संबंध में जिला कलक्टर श्रीनिधि बी टी ने एजेंसीज खरीद प्रक्रिया से जुड़े विभागों की बैठक ली। रबी विपणन वर्ष 2025-26 के दौरान गेहूं का न्यूनतम समर्थन मूल्य 2425 रुपए प्रति क्विंटल घोषित किया गया। राज्य सरकार द्वारा किसानों के लिए राजस्थान कृषक समर्थन योजना अंतर्गत न्यूनतम समर्थन मूल्य के ऊपर 150 रुपए प्रति क्विंटल बोनस घोषित किया गया है। इस प्रकार समर्थन मूल्य प्रक्रिया एजेंसी के माध्यम से गेहूं विक्रय करने वाले पंजीकृत किसानों को उनके जन आधार से जुड़े बैंक खाते में कुल 2575 रुपए प्रति क्विंटल की दर से मूल्य प्राप्त होगा। बैठक में एजेण्डा अनुसार प्रत्येक बिंदु पर विस्तृत चर्चा की गयी। गेहूं खरीद हेतु ऑनलाईन पंजीकरण खाद्य विभाग के पोर्टल https://food.rajasthan.gov.in पर 1 जनवरी से जारी है, जो 25 जून तक किया जा सकता है। बैठक में किसानों के पंजीकरण को बढ़ाने तथा किसानों को अपना बैंक खाता जन-आधार से लिंक कराने के लिए व्यापक प्रचार-प्रसार हेतु निर्देशित किया गया। राज्य में रबी विपणन सीजन 2025-26 के दौरान न्यूनतम समर्थन मूल्य पर गेहूँ खरीद का कार्य 10 मार्च से 30 जून तक किया जायेगा। पंजीकरण पश्चात तुलाई दिनांक व खरीद संबंधी सूचना किसान के पंजीकृत मोबाइल नंबर पर एसएमएस द्वारा दी जायेगी। समस्त क्रय एजेंसियां को खरीद लक्ष्य के अनुसार पर्याप्त भण्डारण व्यवस्था बारदाना व अन्य आवश्यक प्रक्रिया किये जाने हेतु निर्देशित किया गया। क्रय एजेंसियों को समुचित मूवमेंट प्लान तथा उठाव के समय अनुसार करवाने के लिए पाबंद किया गया, जिससे मण्डियां में भराव/जाम की स्थिति न होने पाये। मण्डियों तथा खरीद केन्द्रों पर लाईट, छाया-पानी, विश्रामगृह, तिरपाल, सुरक्षा, सिलाई मशीन, जल निकासी, वेब कैमरा, वीडियोग्राफी की व्यवस्थाओं हेतु कृषि विपणन विभाग को निर्देशित किया गया। बैठक में उपखण्ड अधिकारी बसेड़ी सुधा मीना, उपखण्ड अधिकारी बाड़ी भगवत शरण त्यागी, जिला रसद अधिकारी कल्याण सहाय करोल, सचिव मण्डी समिति कैलाश चंद मीना उपस्थित रहे।

## बुजुर्ग, बेजुबान, बेसहारा प्राणियों की मदद के लिए भामाशाह आगे आएं : न्यौल



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**चूरू।** अखिल राजस्थान किसान मजदूर कर्मचारी संयुक्त महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष एवं कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष वरिष्ठ किसान नेता आदूराम न्यौल ने कहां की सामाजिक संगठनों के पदाधिकारी एवं भामाशाह बुजुर्ग, बेजुबान तथा बेसहारा प्राणियों की मदद के लिए आगे आवे। किसान नेता न्यौल ने आज यहां विभिन्न सामाजिक संगठनों के पदाधिकारी तथा भामाशाहों से बातचीत जीत कर रहे थे, उन्होंने कहा कि बुढ़ापा, बीमारी मनुष्य को असहाय व पराधीन बना देते हैं उनकी सेवा करना हम सब का दायित्व बनता है । बेजुबान बेसहारा मनुष्य व पशु पक्षियों के भोजन खाने पीने की व्यवस्था भी सार्वजनिक तौर से करना सच्चे मायने में धर्म है। किसान नेता न्यौल ने उपस्थित सामाजिक संगठनों के पदाधिकारी व भामाशाहों से कहा कि जो जनहित में काम करता है। वहीं सच्चा सामाजिक भामाशाह है। अकेले शासन, प्रशासन के भरोसे बेसहारा, बुजुर्ग तथा बेजुबान को ना छोड़े। इस अवसर पर ओमप्रकाश चौधरी, धर्मेंद्र फोगाट, ओमप्रकाश जांगिड़, ओम बिजारणिया, हरिराम पूनिया किसना राम बाबल, सुरेन्द्र फगेड़िया, द्रोणाचाय , रामेश्वर नायक, जितेंद्र न्यौल, श्रवण बसेर, बलबीर आदि मौजूद रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### जिला कलेक्टर ने किया नगर परिषद का औचक निरीक्षण

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**धौलपुर।** जिला कलक्टर श्रीनिधि बी टी ने शुक्रवार को नगर परिषद कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान प्रधानमंत्री जन आवास योजना 2.0 की समीक्षा की गई। जिला कलक्टर द्वारा आयुक्त नगर परिषद अशोक कुमार शर्मा को योजना में अधिक से अधिक लोगों को लाभान्वित करने के निर्देश दिये गये। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना लाभार्थी मुन्नी देवी पत्नी रमेश चन्द्र को योजना में गलत तरीके से राशि हस्तानान्तरण करवाने के प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए योजना के कार्मिक एमआईएस स्पेशलिस्ट मनमोहन नागवंशी को कार्यमुक्त करने व तात्कालिक लिपिक को नोटिस जारी करने व गलत तरीके से हस्तान्तरित 1 लाख 20 हजार रुपए की राशि को उसके वेतन से वसूलने के निर्देश दिये। जिस पर जिला कलक्टर के निर्देशानुसार आयुक्त नगर परिषद द्वारा योजना के कार्मिक एमआईएस स्पेशलिस्ट मनमोहन नागवंशी को कार्यमुक्त एवं तत्कालीन लिपिक को नोटिस जारी किया गया।

### निशुल्क लैंस प्रत्यारोपण शिविर में हुए ऑपरेशन



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**चूरू।** स्व. मनोहरलाल जी गोयनका की स्मृति में लक्ष्मीदेवी गोयनका, गणेशप्रसाद गोयनका के आर्थिक सौजन्य से एवम जिला अंधता निवारण समिति एवम राजस्थान मेडिकेयर रिलीफ सोसायटी चूरू के सहयोग से लायंस क्लब चूरू द्वारा तीन दिवसीय मोतियाबिंद ऑपरेशन शिविर आई अस्पताल में लाभार्थियों के ऑपरेशन हुए। क्लब अध्यक्ष अनुराग शर्मा ने बताया की मोतियाबिंद ऑपरेशन शिविर में डॉ. शशिधर एवम उनकी टीम ने पहले दिन भर्ती 65 रोगियों के ऑपरेशन किये। मेडिकल कॉलेज प्रिंसिपल मोहन एम पुकार ने शिविर का निरीक्षण किया एवम दानदाता परिवार व लायंस क्लब के आभार व्यक्त किया। शिविर सह प्रभारी राजीव चाहर ने बताया कि तीन दिन तक चलने वाले निशुल्क लैंस प्रत्यारोपण शिविर में रोगियों के आपरेशन के साथ ही खाने की एवं दवाइयां की व्यवस्था निशुल्क है। शिविर में गोयनका परिवार के गणेशप्रसाद गोयनका, लक्ष्मीदेवी गोयनका, शेरू गोयनका, गौरीशंकर गोयनका, विक्रम, आकाश, सूर्यप्रकाश, विवेक गोयनका, संजय खेमका, रामगोपाल लोहिया, राकेश फोगला आदि स्वयं उपस्थित रहकर लाभार्थियों की आवभगत की। शिविर में प्रभारी सुनील रंजन टकणेत, मुकुल सिगतिया, चंद्र प्रकाश खत्री, डॉ. कमल वशिष्ठ, विनोद शर्मा, राजीव शर्मा, ताराचंद प्रजापत, महेंद्र राजगढ़िया आदि लायन सदस्यों ने अपनी सेवाएं दी एवं आयोजकीय भूमिका निभाई।

### जिलेभर में तालुका स्तर पर हजारों प्रकरण राष्ट्रीय लोक अदालत में राजीनामा से सुलझाएंगे

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**


**चूरू।** जिले भर में सभी न्यायालयों के तालुका स्तर पर आज 8 मार्च को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया है लोक अदालत की जिला मुख्यालय पर तीन बैंचों का गठन किया है। प्रथम बेंच जिला एवं सत्र न्यायालय में न्यायाधीश रविन्द्र कुमार अध्यक्ष, एडवोकेट गफ्फार खान सदस्य, द्वितीय बेंच में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण में न्यायिक अधिकारी शरद कुमार ब्यास अध्यक्ष व विवेक प्रिय सोनी अधिवक्ता सदस्य, तृतीय बैंच में मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, न्यायिक अधिकारी हरीश कुमार अध्यक्ष व उपखंड अधिकारी विजेन्द्र सिंह सदस्य, तथा एडवोकेट रामेश्वर प्रजापति सदस्य अधिवक्ता नियुक्त किए हैं। लोक अदालत में प्रि लिटिगेशन में मनी रिकवरी आदि व लम्बित प्रकरणों में राजीनामा योग्य अपराध अन्तर्गत धारा 138 एन आई एक्ट दाण्डिक शमनीय, मोटर वाहन दुर्घटना दावा प्रकरण, परिवारिक विवाद तलाक को छोड़कर, भरण पोषण अन्य सीवील मामले, सभी प्रकार के राजस्व मामले, पैमाईश, डिवीजन आंफ होर्डिंग सहित उपभोक्ता एवं विक्रेता, सेवा प्रदाता के मध्य के विवाद, किशोर न्याय बोर्ड एवं स्थाई लोक अदालत के राजीनामा योग्य लम्बित प्रकरणों के सम्बन्ध में आपसी समझाइश से राष्ट्रीय लोक अदालत के दिन निस्तारित किया जाएगा।

### होली के रंग दादीजी के संग कार्यक्रम 14 को

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**चूरू।** ढ़ांढ़ंण वाली दादीजी का टाबरिया परिवार की ओर से होने वाले होली के रंग दादीजी के संग कार्यक्रम आगामी 14 मार्च को स्थानीय सत्संग भवन में हर्षोल्लास के साथ आयोजित किया जाएगा। आयोजन समिति के संजय बजाज ने बताया कि प्रतिवर्ष होने वाले इस होली उत्सव व भजन संध्या में सूरत की वर्षा सोनी, फतेहपुर की कृष्णा किशोरी व्यास, चूरू के हिमांशु चोटिया, मेहुल शर्मा व आशीष डीडवानिया अपनी मधुर वाणी से भजनों की अमृत वर्षा करेंगे। बजाज ने बताया कि कार्यक्रम में मां ढ़ांढ़ंण वाली की दिव्य ज्योत, चुनरी उत्सव, गजरा उत्सव व कोलकाता के कलाकारों द्वारा दादी का अलौकिक श्रृंगार आकर्षण का केंद्र होंगे। कार्यक्रम का शुभारंभ 14 मार्च शुक्रवार को सांय 5 बजे मां ढ़ांढ़ंण वाली की दिव्य ज्योत प्रज्जवलित कर किया जायेगा।

### जन्मदिवस पर रोजा कर अमन-चैन की दुआ मांगी



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**चूरू।** शहर के वार्ड नम्बर 7 निवासी हमीद खान रिसालदार की पुत्री शना खान ने अपने 7वे जन्मदिवस के अवसर पर रमजान माह के पहले शुक्रवार को अपना पहला रोजा रखा। शना खान ने समाज में अमन-चैन की दुआ मांगी और देष और प्रदेश में शांति की कामना की।

### सी.ए. (इन्टरमिडिएट) पास विद्याथियों को किया सम्मानित

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सादुलपुर।** मोहता पब्लिक स्कूल राजगढ में आज प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया जिसमें सी.ए. (इन्टरमिडिएट) 2025 में पास होने वाले विद्यालय के छात्रों को सम्मानित किया गया। प्राचार्य मनीष कुमार शर्मा ने बताया कि विद्यालय के पूर्व छात्र हर्ष प्रजापत पुत्र नोपीराम प्रजापत तथा छात्रा गरिमा अग्रवाल पुत्री महेन्द्र अग्रवाल को सी.ए. (इन्टरमिडिएट) परीक्षा 2025 पास करने पर विद्यालय में माला पहनाकर व प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। दोनों विद्याथियों ने सभी छात्र/छात्राओं को सम्बोधित करते हुए अपनी सफलता का श्रेय अपने गुरूजनों व माता-पिता को दिया। मोहता संस्थाओं के चेयरमैन श्रीवर्धन मोहता ने दोनों विद्यार्थियों को बधाई व शुभकामनाएं दी व उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर प्राचार्य मनीष शर्मा, उप-प्राचार्य इन्द्रसिंह व अदरीश मोहम्मद, तारावती, उर्मिला, सुरेखा, दयासिंह,कुलदीप, चुन्नीलाल, रोहताश, ललिता, सोनल, सन्तोष, आर.एस. शेखावत आदि सभी अध्यापक /अध्यापिकाएं व छात्र/छात्राएं उपस्थित थे।

# गलता तीर्थ पर देवस्थान विभाग कराएगा 10 मार्च को फागोत्सव, बृज और अवध की होली होंगी

## भगवान श्री राम के सम्मुख मर्यादित अवध होली तो लीलापुरुषोत्तम श्री कृष्ण के सम्मुख बृज होरी



### » भरतपुर व स्थानीय लोक कलाकार देंगे प्रस्तुतियां

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जयपुर।** राज्य सरकार के देवस्थान विभाग द्वारा पहलीबार गलता तीर्थ पर 10 मार्च को फागोत्सव का आयोजन कर बृज और अवध होली का एक साथ आयोजन किया जाएगा। देवस्थान विभाग के सचिव श्री कृष्णाकांत पाठक ने बताया कि यह पहला मौका होगा जब गालव ऋषी की तपोभूमि पर आयोजित फागोत्सव में एक और भगवान श्री राम के सम्मुख मर्यादित अवध होरी का आयोजन होगा तो ठीक उसी समय भगवान श्री कृष्ण के सम्मुख बृज की होरी का आयोजन होगा।

देवस्थान सचिव पाठक ने बताया कि फागोत्सव हमारी संस्कृति में रचा बसा है और इस दौरान मंदिरों के साथ ही अन्य स्थानों यहां तक कि घरों में भी फागोत्सव का आयोजन होता है। ऐसे में देवस्थान विभाग ने पहल करते हुए गलता तीर्थ स्थित मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम के विग्रह के सम्मुख फागोत्सव का आयोजन करते हुए उसे पूरी तरह से मर्यादित अवध होरी के रुप में आयोजन किया जाएगा वहीं लीला पुरुषोत्तम भगवान श्री कृष्ण के दरबार में परंपरागत बृज होरी का आयोजन होगा।

पाठक ने शुक्रवार को गलता तीर्थ व वहां स्थित श्री सीता राम मंदिर (श्री राम मंदिर) और श्री ज्ञान गोपाल मंदिर (श्री कृष्ण मंदिर) दोनों मंदिरों का देवस्थान विभाग के अधिकारियों के साथ दौरा किया और फागोत्सव की तैयारियों को लेकर आवश्यक मार्गदर्शन दिया। उन्होंने फागोत्सव में जयपुरवासियों को आमंत्रित करते हुए बताया कि गलता तीर्थ स्थित श्री राम मंदिर में भगवान श्रीराम के विग्रह की विशेषता यह है कि यहां श्री राम धनुर्धर भी है तो बांसुरी धारक भी है। इस तरह से यह अपने आपमें अनूठा विग्रह है।

सचिव कृष्णाकांत पाठक ने बताया गलता तीर्थ स्थित श्रीराम मंदिर और श्री कृष्ण मंदिर में 10 मार्च को अपरान्ह 4 बजे से फागोत्सव का आयोजन किया जाएगा। फागोत्सव में भरतपुर और स्थानीय लोक कलाकारों द्वारा परंपरागत प्रस्तुतियां दी जाएगी। फागोत्सव को और अधिक गरिमामय और विशिष्ठ बनाने के लिए आवश्यक तैयारियां की जा रही है। इसमें माखन मिश्री व श्रीखण्ड का प्रसाद अर्पित किया जाएगा वहीं इसे और अधिक गरिमामय बनाने की रुपरेखा तैयार की जा रही है।

# जेडीए ने किया सात बीघा भूमि पर दो अवैध कॉलोनियों को ध्वस्त

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जयपुर।** जयपुर विकास प्राधिकरण द्वारा जोन-11 में निजी खातेदारी की करीब 07 बीघा कृषि भूमि पर 2 नवीन अवैध कॉलोनियों को पूर्णत: ध्वस्त किया गया। महानिरीक्षक पुलिस कैलाश चन्द्र विश्नोई ने बताया कि जोन-11 के क्षेत्राधिकार में अवस्थित ग्राम जगन्नाथपुरा, तह. सांगानेर, जिला जयपुर में करीब 5 बीघा निजी खातेदारी कृषि भूमि पर जेडीए की बिना स्वीकृति-अनुमोदन के एवं बिना भू रूपान्तरण करवायें भूमि को समतल ''अयोध्या नगर'' के नाम से कर बनाई गई मिट्टी, ग्रेवेल सड़कें व अन्य अवैध निर्माण कर नवीन अवैध कॉलोनी बसाने की सूचना प्राप्त होने पर आज जोन-11 के राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा जेसीबी मशीन व मजदूरों की सहायता से ध्वस्त किया जाकर नवीन अवैध कॉलोनी बसाने के प्रयास को विफल किया गया।

जोन-11 के क्षेत्राधिकार में अवस्थित ग्राम जगन्नाथपुरा, तह. सांगानेर, जिला जयपुर में ही करीब 2 बीघा निजी खातेदारी कृषि भूमि पर जेडीए की बिना स्वीकृति-अनुमोदन के एवं बिना भू रूपान्तरण करवायें भूमि को समतल कर बनाई गई मिट्टी, ग्रेवेल सड़कें व अन्य अवैध निर्माण कर नवीन अवैध कॉलोनी बसाने की सूचना प्राप्त होने पर आज जोन-11 के राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा जेसीबी मशीन व मजदूरों की सहायता से ध्वस्त किया जाकर नवीन अवैध कॉलोनी बसाने के प्रयास को विफल किया गया।

उक्त कार्यवाहियां मुख्य नियंत्रक प्रवर्तन आदर्श चौधरी के पर्यवेक्षण में उपनियंत्रक प्रवर्तन-प्रथम, प्रवर्तन अधिकारी जोन-11 तथा प्राधिकरण में उपलब्ध जाप्ते, लेबर गार्ड एवं जोन में पदस्थापित राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा सम्पादित की गई। प्रवर्तन प्रकोष्ठ जविप्रा द्वारा वर्ष 2024 में 383 व वर्ष 2025 में 84 आज तक कुल 467 नवीन अवैध कॉलोनियों को ध्वस्त कर अवैध कॉलोनी बसाने के प्रयासों को विफल किया गया।



# जोन उपायुक्तों एवं जोन ओआईसी ने किया सफाई व्यवस्था का औचक निरीक्षण



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जयपुर।** नगर निगम ग्रेटर आयुक्त रूकमणि रियाड़ के निर्देश पर शुक्रवार को सभी जोन उपायुक्त एवं जोन ओआईसी ने सफाई व्यवस्थाओं का अपने-अपने जोन में सफाई व्यवस्था का औचक निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान सभी जोन उपायुक्तों एवं जोन ओआईसी ने सफाई कर्मचारियों की हाजरी, ओपन कचरा डिपो की स्थिति, दुकानों के बाहर हरे व नीले रंग के डस्टबिन की स्थिति, स्वच्छ सर्वेक्षण के अंतर्गत चयनित सीटीयू पॉइंट्स की मॉनिटरिंग, स्वच्छ सर्वेक्षण के अंतर्गत आने वाले सभी मापदंडों की मॉनिटरिंग, डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण, सीएनडी वेस्ट आदि का औचक निरीक्षण किया तथा कमियां पाई जाने पर तत्काल रूप से उन्हें सुधारने के निर्देश दिये गये।

**इन अधिकारियों को दी गई है जोन ओआईसी की जिम्मेदारी:-** उपायुक्त अशोक शर्मा विद्याधर नगर जोन, उपायुक्त कविता चौधरी जगतपुरा जोन, उपायुक्त करणी सिंह झोटवाडा जोन, उपायुक्त कौशल कुमार मुरलीपुरा जोन, गीता कारनानी सांगानेर जोन, उपायुक्त श्यामलाल जांगिड़ मानसरोवर जोन, मुख्य स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. रश्मि कांकरिया मालवीय नगर जोन को ओआईसी नियुक्त किया गया है सफाई व्यवस्था के सुव्यवस्थित एवं सफल संचालन हेतु जोन ओआईसी की जिम्मेदारी दी गई है।

# जयपुर में पड़ोसी ने किया नाबालिग लड़की से रेप

**जयपुर।** जयपुर में पड़ोसी युवक के एक नाबालिग लड़की से रेप करने का मामला सामने आया है। डरा-धमका मिलने बुलाकर देहशोषण के चलते नाबालिग प्रेग्नेंट हो गई। शास्त्री नगर थाने में नाबालिग पीड़िता की मां ने आरोपी पड़ोसी के खिलाफ मामला दर्ज करवाया। पुलिस कम्पलेंड का पता चलने पर बचने के लिए बीकानेर भागे आरोपी पड़ोसी को अरेस्ट किया गया है। डीसीपी (नॉर्थ) राशि डोगरा डूडी ने बताया कि शास्त्री नगर की रहने वाली एक महिला ने 3 मार्च को रिपोर्ट दर्ज करवाई। उनकी नाबालिग बेटी के साथ पड़ोस में रहने वाले लड़के ने रेप किया। आरोप है कि अक्टूबर-2024 में मिलने के बहाने आरोपी परिचित ने अपने कमरे पर बुलाया। मिलने जाने पर नाबालिग बेटी को डरा-धमकाकर रेप किया। डरा-धमकाकर उसे कमरे पर बुलाकर आरोपी जबरन देहशोषण करने लगा। बार-बार रेप के चलते नाबालिग के प्रेग्नेंट होने पर परिजनों को पता चला। शास्त्री नगर थाने में नाबालिग पीड़िता की मां ने आरोपी पड़ोसी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करवाई। पुलिस कम्पलेंड का पता चलने पर आरोपी पड़ोसी फरार हो गया। पुलिस टीम ने तुरंत कार्रवाई कर बीकानेर में दबिश देकर आरोपी को धर-दबोचा।

# सूरतगढ़ में 413 गांव और 25 ढाणियों को लाभान्वित करने के लिए 98 योजनाएं स्वीकृत: कन्हैया लाल

## सूरतगढ़ विधानसभा क्षेत्र के लिए स्वीकृत 98 जल योजनाओं में से 35 जल योजनाएँ पूर्ण की जा चुकी हैं

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जयपुर।** जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री कन्हैया लाल ने शुक्रवार को विधानसभा में कहा कि सूरतगढ़ विधानसभा क्षेत्र में 481 आबाद ग्रामों तथा 50 चिह्नित ढाणियों में से 413 गांवों तथा 25 ढाणियों को जल जीवन मिशन के अन्तर्गत लाभान्वित किया गया है। उन्होंने बताया कि इन गांव, ढाणियों तक जल पहुंचाने के लिए राज्य स्तरीय योजना स्वीकृति समिति द्वारा लगभग 98 योजनाओं की स्वीकृतियां जारी की गई हैं।

जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री प्रश्नकाल के दौरान सदस्य द्वारा इस संबंध में पूछे गए पूरक प्रश्नों का जवाब दे रहे थे। उन्होंने कहा कि सूरतगढ़ विधानसभा क्षेत्र के लिए स्वीकृत 98 जल योजनाओं में से 35 जल योजनाएँ पूर्ण की जा चुकी हैं। इनका मुख्य जल स्रोत इंदिरा गांधी नहर प्रणाली तथा भाखड़ा नहर प्रणाली पर आधारित है। शेष रही 61 जल योजनाओं का कार्य वर्तमान में प्रगति पर है तथा 2 योजनाओं की निविदा सक्षम स्तर पर अनुमोदन के लिए प्रक्रियाधीन है।

उन्होंने बताया कि 481 आबाद ग्रामों में से शेष 67 ग्रामों को जल जीवन मिशन के नए दिशानिर्देशों के तहत लाभान्वित किया जाना तकनीकी रूप से फिजिबल नहीं है तथा 1 ग्राम विद्युत संयंत्र कॉलोनी सूरतगढ़ के माध्यम से लाभान्वित है। इसी प्रकार विधानसभा क्षेत्र सूरतगढ़ की 50 चिह्नित ढाणियों में से 25 ढाणियां ग्राम की मूल आबादी के समीप होने के कारण विभिन्न विभागीय जल योजनाओं के अंतर्गत घर-घर जल संबंधों द्वारा लाभान्वित हैं। शेष 25 ढाणियों की आबादी बिखरी, एकल घर, खेतों में बसे होने के कारण इनको लाभान्वित किया जाना तकनीकी रूप से फिजीबल नहीं है।

इससे पहले विधायक डूंगरराम गेदर के मूल प्रश्न के लिखित जवाब में जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री ने कहा कि विधान सभा क्षेत्र सूरतगढ़ में जनवरी 2023 से दिसम्बर 2024 तक की अवधि में विभाग द्वारा जल जीवन मिशन अंतर्गत किसी भी कार्य की स्वीकृति जारी नहीं की गई। जल जीवन मिशन के अतिरिक्त अन्य विभागीय योजनाओं में कुल 17 कार्यों की राशि रूपये 452.42 लाख की स्वीकृतियां जारी की गई। उन्होंने बताया कि स्वीकृत समस्त 17 कार्य पूर्ण किये जा चुके हैं। उन्होंने इन कार्यों का विवरण सदन के पटल पर रखा। उन्होंने कहा कि विधान सभा क्षेत्र सूरतगढ़ में जल जीवन मिशन योजना के अंतर्गत स्वीकृत 17 विभिन्न जल योजनाओं में जनवरी 2023 से दिसम्बर 2024 तक की अवधि में कुल 19 उच्च जलाशयों का निर्माण कार्य पूर्ण किया गया है। उन्होंने योजनावार विवरण सदन के पटल पर रखा।

जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री ने कहा कि उक्त विधानसभा क्षेत्र में माह जनवरी, 2023 से दिसम्बर, 2024 तक जल जीवन मिशन योजना के तहत किसी भी ढाणी में जल संबंध जारी नहीं किये गये हैं। जल जीवन मिशन के तहत स्वीकृत योजनाओं के अंतर्गत विधानसभा क्षेत्र सूरतगढ़ के विभिन्न ग्रामों में माह जनवरी 2023 से दिसम्बर 2024 तक की अवधि में कुल 20 हजार 614 जल संबंध जारी किये गये हैं। उन्होंने ग्रामवार विवरण सदन के पटल पर रखा।

# भंडारे का हर्षोल्लास से समापन

## पिछले तीन वर्षों से लगातार जारी है भंडारा

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जयपुर/रींगस।** राजावास से पहले श्री श्याम भक्तों के लिए श्री श्याम सेवा समिति की ओर से विशाल भण्डारे का आयोजन किया गया। यह भंडारा 2 मार्च से शुरू किया गया था और लगातार चार दिनों तक जारी रहा। भंडारे में पूड़ी-सब्जी, रायता और खीर की प्रसादी वितरित की गई। साथ ही केले, संतरे भी वितरित किए गए।

इस भंडारे के आयोजनकर्ता ऑटो चालक, सब्जी विक्रेता, कारीगर और अन्य लोग हैं। सभी जयपुर के सोडाला, सुशीलपुरा क्षेत्र के रहने वाले हैं। वे सभी श्याम भक्त पिछले तीन साल से लगातार भंडारा लगा रहे हैं। भंडारे के संचालक रंजीत सिन्हा ने बताया कि पहले हम सभी मिलकर बाबा के दर्शन करने जाते थे। इसी दौरान भंडारा लगाने का विचार आया। उन्होंने बताया भंडारे में 50 लोगों की टीम लगातार 24 घंटे सेवा में लगी रहती है।



रोज 500 किलो फलों का प्रसाद भक्तों को वितरित करते हैं। इसी पंडाल से कुछ दूरी पर युवाओं ने एक और पंडाल लगाया था, जहां भक्तों को गन्ने का जूस, आईसक्रीम और ककड़ी वितरित की गई।

# वॉयसस फॉर इक्वलिटी थीम पर अनेक प्रतियोगिताओं का हुआ आयोजन

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जयपुर।** कानोड़िया महिला महाविद्यालय में शुक्रवार 7 मार्च को युवा महोत्सव 'कस्तूरी-25' के अंतर्गत वॉयसस फॉर इक्वलिटी थीम के अनुसार आज तीसरे दिन 'इक्वलिटी इज द सोल ऑफ लिबर्टी' विषय पर अंतर महाविद्यालय अंग्रेजी वाद-विवाद प्रतियोगिता से कस्तूरी-2025 की शुरूआत हुई। इस प्रतियोगिता में कानोड़िया महिला महाविद्यालय से हर्षिता शर्मा ने प्रथम सुबोध महिला पीजी महाविद्यालय से श्रेया सिंह द्वितीय एवं श्री टोडरमल दिगंबर जैन महाविद्यालय से आदित्य जैन ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। डिजाइन मेनिया प्रतियोगिता में सुबोध पीजी कॉलेज से अंशिका शर्मा, सान्निध्य सैनी प्रथम, कानोड़िया महिला महाविद्यालय से गीताजंलि राजोरिया, इशिता तनवानी द्वितीय, पूर्णिमा यूनिवर्सिटी से देवांग शुक्ला, अमन यति तृतीय स्थान पर रहे। परवाज-ओपन माइक प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने स्वरचित रचनाएँ प्रस्तुत की, इनमें साउथ एशियन स्टडीज सेंटर, राजस्थान यूनिवर्सिटी से अंजली कुमारी प्रथम, हिन्दी विभाग, राजस्थान विश्वविद्यालय से गज़ल तंवर द्वितीय, ईश्वरम्मा एसपीएम कॉलेज से सलोनी शर्मा तृतीय स्थान पर रही। खबर-मीडिया हंट में प्रतिभागियों ने वॉयसस फॉर इक्वलिटी थीम पर आधारित विभिन्न सामाजिक और राजनीतिक विषयों पर खबरें प्रस्तुत की, कानोड़िया स्कूल ऑफ लॉ फॉर वीमेन से खनक कुमावत ने प्रथम, कानोड़िया महिला महाविद्यालय से कशिश गौड़ ने द्वितीय और राजस्थान कॉलेज से अतुल गुप्ता ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

# वित्त समिति की बैठक सम्पन्न

## वित्त समिति अध्यक्ष शील धाभाई की अध्यक्षता में हुई बैठक

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जयपुर।** नगर निगम ग्रेटर मुख्यालय के ई.सी. मीटिंग हॉल में शुक्रवार को वित्त समिति अध्यक्ष शील धाभाई की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। जिसमें नगर निगम ग्रेटर के एनएसीपी योजनान्तर्गत स्वीकृत कार्य का बजट मद बदलने के संबंध में एजेण्डा रखा गया। जिसे सर्वसम्मति से पारित किया गया।

बैठक में चैयरमेन एवं पार्षद लक्ष्मण नूनीवाल, भंवर लाल मालाकार, सुमन गुप्ता राजवंशी, अक्षत खूंटेटा, रामबाबू रावत वित्तीय सलाहकार मौजूद रहे।

**जयपुर विकास प्राधिकरण, जयपुर — लोक सूचना**

क्रमांक : [illegible] दिनांक : 06.03.2025

दीविजा मार्केटिंग एलएलपी जरिये अधिकृत हस्ताक्षरकर्ता श्री सार्थक शर्मा पुत्र श्री ओम प्रकाश सेवदा पंजीकृत कार्यालय 42, शिवटेला स्ट्रीट, कोलकत्ता। ने इस कार्यालय में नीचे उल्लिखित भूमि का आवासीय प्रयोजन के उपयोग हेतु ऐसी भूमि के अपने अभिधृति अधिकारी के निर्वापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है, अर्थात:

| क्र. सं. | ग्राम तहसील व जिले का नाम | खातेदार का नाम | खसरा सं. | क्षेत्रफल (वर्गमीटर) | क्षेत्रफल (हैक्.) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | हरगुन की नांगल उर्फ धारणवाला, सांगानेर (जयपुर) | दीविजा मार्केटिंग एलएलपी पंजीकृत कार्यालय 42, शिवटेला स्ट्रीट, कोलकत्ता | 224 | 4900 | 0.49 |
| | | | | कुल | 0.49 |

इसलिए, इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम, 1956 की धारा 90-क और राजस्थान अभिधृति अधिनियम, 1955 की धारा 63 के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजनों के लिए भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिधृति अधिकारों के निर्वापन पर कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 7 दिन के भीतर भीतर अपनी एसएसओ आईडी से लॉग इन कर 90-A For Development Authority (UDH) आईकॉन पर जाकर समर्थक दस्तावेज को अपलोड कर अपना आक्षेप दर्ज कर सकते है। उपयुक्त नियम समय के भीतर भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जायेगा कि किसी को आक्षेप नहीं है और तद्नुसार मामले का निपटारा किया जायेगा। यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज 06.03.2025 को जारी की गयी।

प्राधिकृत अधिकारी जोन-11

**Abridged NIB 07/2024-25**
**SE cum PM WCDC Sirohi**

File no. 919 Date : 24.02.2025

**NOTICE INVITING BID**
**NIB No. 07 YEAR 2024-25**

Bids for

| S. No. | Detail of Work | UBN |
|---|---|---|
| 1 | Different types of water harvesting structure in block sheoganj of amount 144.765 lac | WSC2425WSOB 01244 |

are invited from interested bidders up to 17.03.2025 time 6 pm. Other particulars of the bid may be visited on the procurement portal (https://eproc.rajasthan.gov.in or https://sppp.rajasthan.gov.in) of the state.

**NIB Code WSC2425A0606**

**DIPR/C/2854/2025**

**SE cum PM**
**WCDC Sirohi**

# 20 हजार 500 रूपये का किया कैरिंग चार्ज वसूल, 5 केन्टर सामान जब्त

## नगर निगम ग्रेटर सतर्कता शाखा की टीम ने की कार्रवाई

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जयपुर।** नगर निगम ग्रेटर आयुक्त रूकमणि रियाड़ के निर्देशानुसार उपायुक्त सतर्कता अजय कुमार शर्मा के नेतृत्व में शुक्रवार को सतर्कता शाखा की टीम द्वारा नगर निगम जयपुर ग्रेटर के क्षेत्राधिकार में सोढानी टोंक रोड़, राजधानी हॉस्पिटल के सामने, जगतपुरा अक्षय पात्र के सामने, शिक्षा विहार जगतपुरा, वैशाली नगर, सिरसी रोड़ झोटवाड़ा, विद्याधर नगर स्टेडियम के पास, अम्बाबाड़ी आदि स्थानों से अस्थाई अतिक्रमण को करने वालों के विरूद्ध 20 हजार 500 रूपये का कैरिंग चार्ज कर 05 केन्टर सामान जब्त किया गया।

उपायुक्त सतर्कता अजय कुमार ने बताया कि नगर निगम ग्रेटर क्षेत्राधिकार में सोढानी टोंक रोड़, राजधानी हॉस्पिटल के सामने, जगतपुरा अक्षय पात्र के सामने, शिक्षा विहार जगतपुरा, वैशाली नगर, सिरसी रोड़ झोटवाड़ा, विद्याधर नगर स्टेडियम के पास, अम्बाबाड़ी आदि स्थानों से अस्थाई अतिक्रमण हटवाया गया। उपरोक्त कार्यवाही के दौरान 5 केन्टर सामान जब्त कर गोदाम में भिजवाया गया व मौके पर अस्थाई अतिक्रमण करने वालों से मौके पर 20 हजार 500 रूपये का केरिंग चार्ज वसूल किया गया तथा दौरे के दौरान कार्यवाही सतर्कता टीम द्वारा मौके पर समझाईश करते हुए मौखिक पाबंद करवाया कि भविष्य में अस्थाई अतिक्रमण समय से हटा ले अन्यथा नगर निगम जयपुर ग्रेटर के क्षेत्राधिकार में अवैध अतिक्रमण करने वालों के विरूद्ध भारी चालान या प्रभावी कार्यवाही अमल में लाई जायेगी।

# खोले के हनुमान मंदिर में फागोत्सव आज

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जयपुर।** श्री खोले के हनुमान मंदिर में रंग गुलाल व फूलों की झांकी सजाकर शनिवार को फागोत्सव मनाया जायेगा। श्री नरवर आश्रम सेवा समिति के महामंत्री बृजमोहन शर्मा ने बताया कि सायं 6 बजे शेखावाटी सांस्कृतिक कला मंदिर के कलाकार सोहनलाल तंवर के नेतृत्व में चंग व ढप्प वाद्ययंत्रों पर होली गीत व धमाल नृत्य प्रस्तुत करेंगे। कलाकारों की ओर से रासलीला की भी प्रस्तुति दी जाएगी। लोक नृत्य के साथ फूल व गुलाल से होली खेली जाएगी। शेखावाटी के कलाकार हर वर्ष फागुन माह में अपनी प्रस्तुति के लिए श्री खोले के हनुमान मंदिर आते हैं।

**जागरूक टाइम्स**

संपर्क करें

विज्ञापन देने के लिए

+91-9819170710
+91-9587022840
+91-8696111716

प्रति के लिए

9057203837

कार्यालय :- 0141-2743001

Email :- jtjaipur@gmail.com

**कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता जन स्वा.अभि. विभाग वृत्त-सिरोही**

Phone No. 02972-220131 Fax No. 02972-225407
E-Mail ID secircle.sir.phed@rajasthan.gov.in

क्रमांक:-अअ/जनस्वा./वृ.सि./अ.सिरोही/2024-25/3090 दिनांक:-25/02/2025

**-: निविदा सूचना 37/2024-25 :-**
**(NIB No. PHE2425A4888)**

राजस्थान के राज्यपाल की ओर से जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग, वृत कार्यालय सिरोही में निम्नलिखित कार्यो के लिए जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग में उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत एवं केन्द्र/राज्य सरकार के अधिकृत विभागों/संगठनों, केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग, रेल, डाक, दूर संचार विभागों में उपयुक्त समक्षक श्रेणी में पंजीकृत जो उपयुक्त पात्रता रखते हैं, संवेदकों से ई-टेण्डरिंग प्रक्रिया द्वारा निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र, वेबसाईट http://eproc.rajasthan.gov.in, http://sppp.rajasthan.gov.in/ से डाउनलोड किये जा सकते है एवं इस वेबसाईट http://eproc.rajasthan.gov.in पर ऑनलाईन इलेक्ट्रोनिक फॉरमेट में प्रस्तुत की जानी है। विस्तृत सूचना एवं पात्रता की शर्ते वेबसाईट http://dipr.rajasthan.gov.in पर भी देखी जा सकती है। कोई भी कारण बताये बिना निविदा निरस्त एवं आगे बढाने के समस्त अधिकार निम्नहस्ताक्षरकर्ता के पास सुरक्षित हैं। ऑनलाईन ई चालान की सूचना इस कार्यालय के ई मेल पर भिजवाये जाने के अभाव में निविदा पर विचार नहीं किया जायेगा।

| निविदा संख्या | निविदा संख्या 37/2024-25 के लिये दिनांक | |
|---|---|---|
| निविदा प्रपत्र उपलब्ध होने की तिथी | 26.02.2025 से 10.03.2025 मध्यान्ह पश्चात् 2 बजे तक | On Online Eproc |
| निविदा प्रपत्र डाउनलोड करने की अंतिम तिथी एवं समय | 10.03.2025 दोपहर 2 बजे तक | On Online Eproc |
| ऑनलाईन निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथी एवं समय | 10.03.2025 दोपहर 2 बजे तक | On Online Eproc |
| भौतिक रूप से निविदा शुल्क, धरोहर राशि एवं प्रोशेसिंग शुल्क जमा कराने की तिथी | 10.03.2025 सांय 6 बजे तक | On Office SE PHED Circle Sirohi |
| प्री क्वालिफिकेशन बीड खोलने की तिथी एवं समय | 11.03.2025 दोपहर 2.00 बजे | On Online Eproc |

| NIT No. | UBN No. |
|---|---|
| 37/2024-25 | PHE2425WSOB10634 |

**DIPR/C/3055/2025**

(भोमाराम), अधीक्षण अभियन्ता
जन स्वा.अभि.विभाग वृत्त-सिरोही

# बजट घोषणाओं से जिले के पर्यटन को लगेंगे विकास के पंख, कला संस्कृति और ग्रामीण पर्यटन को भी मिलेगा बढ़ावा

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**अलवर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की दूरगामी सोच के परिणाम स्वरूप राजस्थान पर्यटन को वैश्विक स्तर पर नई ऊंचाई मिल रही है। पर्यटन क्षेत्र का विकास करने की दृष्टि से जहां एक ओर राजस्थान ट्यूरिज्म इन्फ्रास्ट्रचर एण्ड कैपेसिटी बिल्डिंग फंड (आरटीआईसीएफ) से 750 करोड़ रुपये से अधिक राशि के आधारभूत संरचना सम्बन्धी कार्य हाथ में लिये गएं हैं, वहीं प्रदेश को ग्लोबल सेंटर स्टेज पर लाने के लिए देश-विदेश में ट्रेवल बाजार, कल्चरल प्रोग्राम, राजस्थान कॉलिंग जैसे इवेंट्स/रोड शॉ भी किये जा रहे हैं। इसी क्रम में अलवर जिलें में पर्यटन की अपार सम्भावनाओं को देखते हुए बजट 2024-25 एवं 2025-26 में कई महत्वपूर्ण घोषणाएं की गई है, जिनसे न केवल पर्यटन को बढावा मिलेगा बल्कि जिले में आर्थिक विकास के साथ रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे। अरावली की सुरम्य पहाडियों की तलहटी में स्थित अलवर जिला प्राकृतिक, धार्मिक, ऐतिहासिक एवं पौराणिक धरोहरों को समेटे हुए हैं। भौगोलिक दृष्टि से अलवर केंद्र व राज्य की राजधानियों के बीचों-बीच अवस्थित होने के कारण यहां पर्यटन एवं आर्थिक विकास की अनेक संभावनाएं विद्यमान है। यहां सरिस्का अभयारण्य, सिलीसेढ झील, बाला किला, भानगढ किला, मूसी महारानी छतरी जैसे



प्राकृतिक एवं ऐतिहासिक स्थलों के साथ-साथ भर्तृहरि धाम, पाण्डुपोल, नीलकंठ महादेव, तालवृक्ष जैसे धार्मिक स्थलों के दर्शन करने व भ्रमण करने देश-विदेश से बडी संख्या पर्यटक वर्षभर आते हैं। जिले में पर्यटन की अपार संभावनाओं को दृष्टिगत रखते हुए राज्य सरकार के बजट वर्ष 2024-25 के अंतर्गत 25 करोड रूपये की लागत से प्रकृति एवं पर्यावरण के अनुकूल बायोलोजिकल पार्क की स्थापना की जाएगी, जिससे यहां आने वाले पर्यटकों को प्राकृतिक सौन्दर्य का आभास होगा। इसी प्रकार 45 करोड रूपये की लागत से विज्ञान केन्द्र की स्थापना की जाएगी जिससे युवाओं को विज्ञान के नित नए प्रयोगों एवं शोधों को जानने का अवसर मिलेगा। धार्मिक पर्यटन की दृष्टि से महत्वपूर्ण भर्तृहरि धाम में श्रद्धालुओं की सुविधा में विस्तार के लिए विकास कार्य एवं सरिस्का से पाण्डुपोल तक पर्यावरण के अनुकूल ईवी बेस्ड ट्रांसपोर्ट सिस्टम शुरू किया जाएगा जिससे पर्यटक एवं श्रद्धालुओं को पर्यटन स्थलों तक पहुंचने में सहूलियत होगी। इसी प्रकार बजट के अन्तर्गत जिले की बावडियों के पुनरूद्धार के कार्य, सरिस्का को ईको सेन्सेटिव जोन के रूप में चिन्हिकरण कर मास्टर प्लान बनेगा, बाघ परियोजना क्षेत्रों में टाईगर हैबिटेट सुधार के कार्य एवं एन्टी पोचिंग इंफ्रास्ट्रक्चर, मातृ वन की स्थापना, ऐतिहासिक विरासत की झांकी दिखाने वाले राजकीय संग्रहालय अलवर उन्नयन कार्य एवं पर्यटक स्थलों तक सुगम पहुंच के लिए दिल्ली-मुम्बई एक्सप्रेस हाईवे से कनेक्ट करने वाली विभिन्न सडकों का निर्माण कार्य किये जा रहे हैं। इसी प्रकार बजट 2025-26 में भी राज्य सरकार द्वारा जिले के पर्यटन के विकास हेतु विभिन्न सौगातें दी है जिनमें से केंद्र की स्मार्ट सिटी की तर्ज पर अलवर के शहरी क्षेत्र को क्लीन एंड ग्रीन ईको सिटी के रूप में विकसित किया जाएगा, 15 करोड रूपये की राशि से अलवर में डिजिटल प्लेनेटेरियम, सरिस्का में मूलभूत सुविधाओं के विकास कार्य, जिले में नाइट ट्यूरिज्म को बढावा देने हेतु प्रमुख पर्यटन स्थलों एवं हैरिटेज स्मारकों पर आवश्यक आधारभूत संरचना के उन्नयन के साथ विभिन्न गतिविधियों के आयोजन कराया जाएगा, मूसीरानी छतरी, गरबा जी मंदिर व लालदास जी मंदिर के पुनरूद्धार व जीर्णोद्धार का कार्य एवं ग्रामीण पर्यटन को बढावा देने के लिए रूसी रानी (दबकन) विकास कार्य, संस्कृति पोर्टल से गांवों व मंदिरों के इतिहास को रिकॉर्ड किया जाएगा।

# त्योहारों में व्यवस्थाओं को लेकर सीएलजी की बैठक

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सादुलपुर।** स्थानीय पुलिस थाने में शुक्रवार शाम को हुई सीएलजी की बैठक में आगामी त्योहारों की व्यवस्थाओं और कानून व्यवस्थाओं के बारे में आवश्यक निर्णय लिए गए। राजगढ़ एसडीएम मीनू वर्मा की अध्यक्षता में हुई उक्त बैठक में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक किशोरी लाल, सहायक पुलिस अधीक्षक प्रशिक्षु आईपीएस निश्चल प्रसाद एम, तहसीलदार धीरज झाझडिया, नगर पालिका ईओ राकेश अरोड़ा तथा पुलिस थानाधिकारी सीआई राजेश सिहाग आदि उपस्थित थे। बैठक में होलिका दहन, धूलंडी, श्री श्याम शोभायात्रा तथा रमजान पर्व और आगामी ईद की व्यवस्थाओं पर चर्चा हुई। इस अवसर पर सीआई सिहाग ने कहा कि यहां का सांप्रदायिक सौहार्द ऐतिहासिक है और वह इतिहास कायम रहना चाहिए। अधिशासी अधिकारी राकेश अरोड़ा ने होलिका दहन व्यवस्थाओं पर जानकारी देते हुए कहा कि पालिका की ओर से समुचित तरीके आवश्यक व्यवस्थाएं की जाएगी। उन्होंने स्वच्छ भारत मिशन अभियान सर्वे में भाग लेने की अपील नागरिकों से की। ईओ राकेश अरोड़ा ने कहा कि राजगढ़ नगर पालिका का प्रदेश भर में 14वें स्थान चल रही है यदि पालिका टॉप 10 में रह जाती है तो कई करोड़ रुपए का बजट सरकार द्वारा प्रोत्साहंस स्वरूप मिलेगा। एसडीएम मीनू वर्मा ने कहां की पर्व त्यौहार आते रहते हैं मगर आपसी प्रेम-भाईचारा सर्वोपरि होता है। इस अवसर पर पुलिस थानाधिकारी सीआई राजेश सिहाग ने बताया कि रात को 10 बजे बाद बजने वाले डीजे के खिलाफ कार्यवाही की जाएगी। अग्रसेन भवन में आधी रात तक बजने वाले डीजे और आतिशबाजी का मुद्दा भी बैठक में उठा। सेवानिवृत्त रेलवे अधिकारी ताज मोहम्मद शेख ने कब्रिस्तान के पास के रेलवे अंडरपास का मामला उठाया। शेख ने बताया कि बजट स्वीकृत है और आवश्यक कार्रवाई हो चुकी है। स्थानीय अधिकारी इसके लिए आवश्यक कार्रवाई करवाएं ताकि अंडर पास बन सके। यहां से जनाजों को भी रेलवे लाइन के ऊपर से ले जाना पड़ता है जो बहुत परेशानी दायक होता है।

# होली, रमजान और रामनवमी को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित

## कुचामन में सीसीटीवी और सुरक्षा व्यवस्था पर चर्चा



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**कुचामन सिटी।** कुचामन पुलिस थाने में होली त्योहार की तैयारियों को लेकर सीएलजी की बैठक हुई। बैठक में एएसपी नेमीचंद खारिया ने सीएलजी सदस्यों से होली पर्व में प्रशासन का सहयोग करने की अपील की। पूर्व पालिकाध्यक्ष राधेश्याम गट्टाणी ने सब्जी मंडी में सीसीटीवी कैमरे लगाने का प्रस्ताव रखा। एएसपी ने इस सुझाव पर सकारात्मक प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि स्थान का निरीक्षण कर आवश्यकतानुसार कैमरे लगवाए जाएंगे। सीआई सतपाल ने सुरक्षा व्यवस्था का ब्योरा प्रस्तुत किया। उन्होंने बताया कि शहर में जहां-जहां होली मनाई जाएगी, वहां पुलिस बल तैनात किया जाएगा। बैठक में भाजपा शहर मंडल अध्यक्ष बाबूलाल कुमावत, बरखा जैन, सुनील शेखराजका, पार्षद सुरेश सिखवाल, विक्रम राजोरिया, नवाब अली और मिंटू गौड़ सहित अन्य सीएलजी सदस्य उपस्थित रहे।

# चितावा पुलिस ने नाबालिग लड़की के अपहरण के आरोपी को किया गिरफ्तार

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**कुचामन सिटी।** जिला डीडवाना कुचामन पुलिस द्वारा अपहरण के प्रकरण में प्रभावी कार्रवाई करते हुए अपहर्ता बालिका को रामगढ़ जिला सीकर से दस्तयाब किया गया तथा नाबालिक बालिका का अपहरण करने वाले आरोपी बजरंगलाल उर्फ मुकेश कुकनवाली से दस्तयाब कर गिरफ्तार किया। आरोपी ने नाबालिक का अपहरण कर रामगढ़ स्थित एक कमरे में करीबन 6 महीनों से बंधक बना कर रखा था। हनुमान प्रसाद आई.पी.एस.. पुलिस अधीक्षक जिला डीडवाना



कुचामन के निर्देशानुसार व श्री नेमीचन्द खारिया अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कुचामन सिटी तथा श्री अरविन्द विश्नोई आर.पी.एस वृताधिकारी कुचामन सिटी के निकटतम सुपरविजन में प्रकरण में अपहर्ता को दस्तयाब किया गया एवं आरोपी बजरंगलाल उर्फ मुकेश को पूछताछ कर गिरफ्तार किया गया। घटना 19.01.2025 को प्रार्थिया ने एक लिखित रिपोर्ट पेश की कि मेरी नाबालिक लड़की दिनांक 30.6. 2024 को करीबन 8.00 एएम पर गांव कुकनवाली में ही लाईब्रेरी में पढ़ने गई थी, शाम को वापिस घर पर नहीं आई हमने मेरी लड़की की काफी तलाश की मगर उसका पता नहीं चला। मेरी पुत्री को भगाने का मुकेश कुमार पुत्र पन्नाराम जाति जाट निवासी कुकनवाली पर शक है। वगैरा रिपोर्ट पर प्रकरण संख्या 16/2025 धारा 363 भादसे में दर्ज कर अनुसंधान शुरू किया गया। आसूचना व कार्रवाई नाबालिक प्रकरण में घटना की गंभीरता को देखते हुऐ थाना स्तर पर टीम का गठन किया जाकर साइबर सैल की सहायता से अपहर्ता को रामगढ़ जिला सीकर से किया दस्तयाब गया व अनुसंधान से मुलजिम बजरंगलाल के विरुद्ध जुर्म धारा 366 ए, 342,344,354 भादसं 7/8 पोक्सो एक्ट का अपराध प्रमाणित पाया जाने से बाद अनुसंधान गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त बजरंगलाल उर्फ मुकेश पुत्र पन्नाराम, उम्र 24 साल, जाति जाट, निवासी कुकनवाली, पुलिस थाना चितावा हैं।

# नशा छोड़ों जीवन से नाता जोड़ो पर एक दिवसीय कार्यशाला

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सादुलपुर।** कृषि विश्वविद्यालय कौल में आयोजित राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर के पांचवें दिन हरियाणा राज्य नारकोटिक्स नियंत्रण ब्यूरो के जागरूकता कार्यक्रम एवं पुनर्वास प्रभारी डॉ. अशोक कुमार वर्मा द्वारा नशा मुक्ति विषय पर एक प्रेरणादायक व्याख्यान दिया गया। उन्होंने युवाओं को नशे की भयानक स्थिति और इससे होने वाले दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक किया। डॉ. वर्मा ने बताया कि हरियाणा सरकार और केंद्र सरकार द्वारा नशे के विरुद्ध कड़े कानून लागू किए गए हैं, जिनमें नारकोटिक्स साइकॉट्रॉपिक पदार्थों की तस्करी को रोकने के लिए सख्त प्रावधान शामिल हैं। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि ड्रग्स का मुख्य आयात ईरान, अफगानिस्तान, नाइजीरिया, म्यांमार और पाकिस्तान से होता है, जहां से अवैध रूप से इसे भारत के विभिन्न राज्यों में पहुंचाया जाता है। उन्होंने आगे कहा कि 2016 में किए गए सर्वेक्षण के अनुसार हरियाणा के 12 जिलों में नशे का प्रभाव था जबकि भारत के 272 जिले नशे से प्रभावित थे। ब्यूरो अधिकारी डॉ. अशोक कुमार वर्मा ने बताया कि हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कण्ट्रोल ब्यूरो और पुलिस द्वारा वर्ष 2023 में 3823 अभियोग अंकित कर 5918 से अधिक अपराधियों को सलाखों के पीछे भेजा गया है जबकि वर्ष 2024 में 3330 अभियोग अंकित कर 5201 से अधिक अपराधी आज सलाखों के पीछे हैं। उन्होंने युवाओं और बच्चों में बढ़ती नशे की प्रवृत्ति पर चिंता व्यक्त करते हुए उन्होंने बताया कि नशे का प्रभाव केवल वयस्कों तक सीमित नहीं है, बल्कि बच्चे भी इसकी चपेट में आ रहे हैं।

# श्याम बाबा के भजनों से भक्ति और श्रद्धा का माहौल

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सादुलपुर।** श्री श्याम मित्र मंडल नवलगढ़ की 63वीं विशाल निशान व कलश पदयात्रा भक्ति और श्रद्धा के माहौल में संपन्न हुई। हजारों श्रद्धालुओं की भागीदारी से पूरा नगर श्याम बाबा के जयकारों से गुंजायमान हो उठा। कार्यक्रम की शुरुआत 4 मार्च 2025 को रात 8:30 बजे भव्य जागरण से हुई। मुंबई से लाए गए श्याम बाबा के श्रृंगारित शीश के दर्शन कराए गए। देश के प्रसिद्ध भजन कलाकारों ने भक्तिमय प्रस्तुतियां दी। श्याम बाबा की 56 भोग झांकी ने श्रद्धालुओं को विशेष रूप से आकर्षित किया। अगली सुबह घर का मंदिर में 521 कलशों की विधिवत पूजा की गई। इसके बाद विशाल निशान व कलश यात्रा शुरू हुई। यात्रा घर का मंदिर से निकलकर मुरारका कोठी पहुंची। श्रद्धालुओं ने वहां विश्राम किया और प्रसादी ग्रहण की। फिर खाटू श्याम धाम के लिए रवाना हुए। मोइनुद्दीन खान ने 14 पेंड पर पदयात्रियों का



स्वागत किया। कार्यक्रम में देवीदत्त मुरारका, सीताराम मुरारका, अनिल बिरोलिया, सांवरमल बील, सुनील मुरारका, कैलाश चोटिया, बिंदु पाटोदिया, वरिष्ठ पत्रकार पप्पू लाल शर्मा सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। श्रीकांत मुरारका, धर्मेंद्र पारीक, डॉ. अर्पित मुरारका, सुभाष अग्रवाल और अन्य प्रमुख सदस्यों ने यात्रा की व्यवस्था में सहयोग किया। सीकर में सीएम गार्डन में पदयात्रियों ने रात्रि विश्राम लिया। जहाँ निशानों के समक्ष बाबा की ज्योत लेकर संकीर्तन किया गया।

## एग्रीस्टैक योजना के द्रूत क्रियान्वयन जुटा प्रशासन, कलेक्टर ने पटवारियों संग की गहन समीक्षा

# एग्रीस्टैक योजना में तेजी, उत्कृष्ट कार्य करने वालों को दी बधाई

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**धौलपुर।** एग्रीस्टैक योजना के तहत जिले में चल रहे फार्मर रजिस्ट्री अभियान की समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें जिला कलेक्टर श्रीनिधि बी. टी. ने एग्रीस्टैक पंजीकरण पर विस्तृत समीक्षा की। नगर परिषद टाउन हॉल में आयोजित इस बैठक में जिले के सभी पटवारियों को बुलाया गया, जहां अब तक की प्रगति का गहन मूल्यांकन किया गया।



समीक्षा बैठक में उत्कृष्ट कार्य करने वालों को मिली सराहना एवं उपहार जिला कलेक्टर ने समीक्षा के दौरान पंजीकरण में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले पटवारियों को बधाई दी, श्रेष्ठ कार्य करने वाले पटवारियों को नकद उपहार भी दिए। उन्होंने मंडलवार प्रगति रिपोर्ट की समीक्षा करते हुए कहा कि योजना का लाभ अधिकतम किसानों तक पहुंचे, यह सुनिश्चित करना हमारी प्राथमिकता है।

**ग्राम पंचायतों में पंजीकरण कार्य को मिलेगी और गति :** बैठक के दौरान यह भी निर्देश दिए गए कि जिन ग्राम पंचायतों में अब तक कैंप आयोजित हो चुके हैं या होने वाले हैं, वहां शिविरों के अलावा अन्य माध्यमों से भी किसानों के पंजीकरण की प्रक्रिया जारी रखी जाए। इससे अधिक से अधिक किसान इस योजना से जुड़ सकें। समीक्षा सत्र के दौरान जिला कलेक्टर ने पटवारियों से पंजीकरण के संबंध में सवाल-जवाब किए और उन्हें अभियान को संपूर्ण सफल बनाने हेतु निर्देश दिए।

**किसानों को कैसे मिलेगा लाभ ?** ग्राम पंचायत स्तर पर 5 फरवरी से शुरू हुए इन शिविरों में किसानों की 11 अंकों की विशिष्ट फार्मर आईडी बनाई जा रही है। इसके लिए किसानों को आधार कार्ड, जमाबंदी दस्तावेज और पंजीकृत मोबाइल नंबर साथ लाने के निर्देश दिए गए हैं। समीक्षा बैठक में अतिरिक्त जिला कलक्टर हरिराम मीना, उपखंडाधिकारी धौलपुर डॉ साधना शर्मा सहित पटवारी, गिरदावर बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

# स्व. कुरड़ाराम शीलू की पुण्यस्मृति में जाट समाज भवन के लिए दो लाख रुपये की राशि भेंट

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**नोहर।** दिवंगत कुरड़ाराम शीलू की पुण्यस्मृति में नोहर जाट समाज भवन के लिए उनके पुत्र राजस्थान गौ सेवा समिति तहसील अध्यक्ष दयाराम शीलू ने दो लाख रुपये दिए। गुरुवार को जाट समाज भवन समिति के पदाधिकारी दयाराम शीलू के पैतृक गांव गुडिया खेड़ा पहुंचे जहां शीलू परिवार ने नोहर जाट समाज भवन समिति के पदाधिकारियों को शीलू परिवार की ओर से दो लाख रुपये की सहायता राशि दी गई। इस मौके पर ठेकेदार दयाराम शीलू, मुंशीराम, चाचा हरिसिंह शीलू, महेंद्र शीलू, कुलदीप, वकील, काशीराम शीलु, महावीर, रूलीराम, हंसराज, धर्मवीर, राधेश्याम व अन्य शामिल रहे। समाज की ओर से उनका आभार जताया गया। शीलू परिवार की इस अभिनव पहल की पूरे क्षेत्र में सराहना हो रही है। शीलू परिवार द्वारा पिछले लंबे समय से क्षेत्र के प्रत्येक सामाजिक व धार्मिक में कार्यक्रम में अपनी भागीदारी निभाई जा रही है।

## न्यूज ब्रीफ

### राष्ट्रीय खत्री अरोड़ा समाज का अधिवेशन कल

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सादुलपुर।** अखिल भारतीय स्तर पर सिख- सिंधी-तैलीय-मुल्तानी-भाटिया-अरोड़ा-मोदी- पंजाबी एवं ब्रह्म खत्री-संपूर्ण खत्री समाज की एकमात्र प्रतिनिधि संस्था माता हिंगलाज एंड वरुण देव चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा 9 मार्च को जयपुर में आयोज्य विशाल राष्ट्रीय अधिवेशन व युवक युवती वैवाहिक परिचय सम्मेलन के लिए पथ प्रदर्शक रतन देवी मोदी, मीना अरोड़ा, जॉइंट सेक्रेटरी रमेश चंद्र अरोड़ा, राम प्रकाश मोदी, अंजलि व राष्ट्रीय अध्यक्ष खत्री राजेंद्र मोदी ने राजस्थान सरकार के शिक्षा मंत्री मदन दिलावर को उनके बंगलो 18 सिविल लाइन पर दुपट्टा ओढ़ा कर, माल्यार्पण करते हुए निमंत्रण पत्र देकर आमंत्रित किया । सादगी से भरे दिलावर साब ने माला उल्टे राजेन्द्र मोदी को पहना कर कहा कि आप समाज के लिए इतना अच्छा काम कर रहे हो माला के हकदार तो आप हैं। खत्रीय अरोड़ा समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष सादुलपुर राजगढ़ के निवासी राजेन्द्र मोदी ने बताया कि इस अवसर पर राजगढ़ नगर पालिका के कर्तव्यनिष्ठ ईमानदार बेदाग दबंग जनप्रिय न्यायप्रिय अधिशासी अधिकारी ईओ राकेश अरोड़ा को राजगढ़ शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाने में कड़ी मेहनत कर प्रयास किया जा रहा है। प्रकाश व्यवस्था, अतिक्रमण हटाने, स्वच्छ भारत अभियान के अंतर्गत उल्लेखनीय कार्य करने पर अखिल भारतीय खत्री अरोड़ा समाज के राष्ट्रीय अधिवेशन में सम्मानित किया जाएगा। इसी प्रकार पत्रकारों के सम्मान में निडर, निर्भीक, जुझारू एवं पेनस्टेकिंग लेबर करने वाले राजगढ़ जिला चूरू के ख्यातनाम स्वतंत्र पत्रकार मदन मोहन आचार्य को राष्ट्रीय परोपकारी अवॉर्ड प्रदान कर सम्मानित किया जाएगा। इस अवसर संस्था के महेश मोदी ने बताया कि अधिवेशन में खत्री समाज के प्रबुद्धगण देश विदेश से आ रहे हैं तो युवक युवतियां भी अपने लिए वर-वधू की तलाश में देश विदेश से सैंकड़ों की संख्या में आ रहे हैं ।

### दो भाइयों में झगड़ा, एक की मौत

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**अलवर।** अलवर के बड़ौदामेव थाना क्षेत्र के गंडूरा गांव में दो भाइयों में हुए विवाद में एक की मौत हो गई। झगड़े के बाद गंभीर घायल हो अलवर जिला अस्पताल लाया गया। जहां इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। थाना प्रभारी महावीर सिंह ने बताया कि गंडूरा गांव के रहने वाले सुगन सिंह और उसके भाई पुष्पेंद्र सिंह में झगड़ा हुआ था। इस झगड़े में सुगन सिंह गंभीर घायल हो गया था। जिसे जिला अस्पताल लेकर आया गया। जहां डॉक्टर ने उनको मृत घोषित कर दिया। सुगन सिंह बड़ा और पुष्पेंद्र सिंह छोटा है। दोनों गांव में एक साथ रहते थे। झगड़े में सुगन सिंह जाट की मौत हो गई। पुलिस में मृतक का मेडिकल बोर्ड से पोस्टमार्टम करा कर शव परिजनों को सौंप दिया। पुलिस अब परिजनों की ओर से दी गई रिपोर्ट के अनुसार जांच करेगी।

### पुत्र नहीं होने पर पुत्री के बंधी पगड़ी

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**कुचामन सिटी।** शहर के गणेश डूंगरी स्थित कुमावत मोहल्ले में शुक्रवार



को कुमावत समाज ने एक नई पहल को जन्म देते हुए अपने समाज के जगदीश कुमावत के निधन होने के बाद पगड़ी के दस्तूर के लिए मृतक व्यक्ति के पुत्र नहीं होने पर पुत्री को पगड़ी बंधाई गई। ज्ञात हो कि पेंटर जगदीश कुमावत का पेंटिंग कार्य करते वक्त अडान से गिरने पर निधन हो गया। प्रियंका और अशुंल दोनों ने पिता की अर्थी को कंधा दिया । तथा बड़ी बेटी प्रियंका के पगड़ी बंधी। इनके पुत्र नहीं होने पर बेटियों ने बेटे का फर्ज निभाया।

### जिले को मिली बड़ी उपलब्धि, वित्तीय समावेशन और कौशल विकास श्रेणी में नीति आयोग से मिला 3 करोड़ का पुरस्कार

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**धौलपुर।** नीति आयोग के आकांक्षी जिला कार्यक्रम के तहत जिले को वित्तीय समावेशन एवं कौशल विकास श्रेणी में बेहतरीन प्रदर्शन के लिए तीन करोड़ रुपये की पुरस्कार राशि मिली है। यह पुरस्कार जून 2024 तिमाही के प्रदर्शन के आधार पर दिया गया है।

**जिला प्रशासन की कड़ी मेहनत लाई रंग :** नीति आयोग आकांक्षी जिलों की प्रगति को मापने के लिए मुख्य प्रदर्शन संकेतकों के आधार पर जिलों की रैंकिंग करता है। बेहतर प्रदर्शन करने वाले जिलों को अतिरिक्त वित्तीय सहायता दी जाती है। पहले यह रैंकिंग मासिक आधार पर होती थी, लेकिन अब इसे तिमाही कर दिया गया है। इस उपलब्धि पर नीति आयोग के मुख्य कार्यकारी अधिकारी बी. वी. आर. सुब्रह्मण्यम ने जिला प्रशासन और केंद्रीय प्रभारी अधिकारी को बधाई दी। उन्होंने कहा कि जिले की टीम ने उत्कृष्ट कार्य किया है, जिसके लिए जिला कलेक्टर को गुड सर्विस एंट्री देने की भी सिफारिश की गई है।

**अतिरिक्त फंड से विकास कार्यों को मिलेगी गति :** नीति आयोग ने स्पष्ट किया है कि यह राशि जिले में वित्तीय समावेशन और कौशल विकास को और मजबूती देने के लिए प्रदान की गई है। अब जिला प्रशासन को इस फंड के उपयोग के लिए एक योजना प्रस्ताव तैयार कर 10 अप्रैल 2025 तक नीति आयोग को भेजना होगा। इस प्रस्ताव को राज्य और केंद्रीय प्रभारी अधिकारी की सलाह से तैयार किया जाएगा, ताकि जिले के समग्र विकास के लिए प्रभावी योजनाएं बनाई जा सकें। नीति आयोग की प्रोजेक्ट मैनेजमेंट यूनिट इस प्रक्रिया में जिलों की सहायता करेगी।

### जल भराव क्षेत्र का चिन्हीकरण किया

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सादुलपुर।** पंचायत समिति विकास अधिकारी राजेंद्र जोईया के मार्गदर्शन में स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के तहत शुक्रवार को तहसील के ग्राम पंचायत देवीपुरा के गांव कालोडी जयपुरिया पट्टा व मीठड़ी बलवंत सिंह का भ्रमण कर जल भराव क्षेत्रों का चिन्हीकरण किया गया तथा मौके पर ही सहायक अभियंता को तकनीमा तैयार करने के निर्देश दिए तथा ग्राम पंचायत के ग्राम विकास अधिकारी व सरपंच को सरपंच को तकमिने के अनुसार स्वीकृति जारी कर कार्य स्वीकृत करने के निर्देश दिए ताकि आगामी वर्षा ऋतु में जल भराव क्षेत्र की समस्या से निजात मिल सके इस दौरान सरपंच प्रतिनिधि मनोज कुमार ग्राम विकास अधिकारी सुमन कालेर सहायक अभियंता रवींद्र सिंह पूनिया भी मौजूद रहे। वहीं गुरुवार को राजगढ़ पंचायत समिति विकास अधिकारी राजेंद्र जोईया के मार्गदर्शन व सरपंच ओम प्रकाश प्रकाश जांगिड़, ग्राम विकास अधिकारी रोहिताश मूंड के साथ ग्राम पंचायत सिधमुख के मुख्य मुख्य स्थल सिवानी मोड़ बस स्टैंड राजकीय माध्यमिक विद्यालय पंचायत भवन क्षेत्र तथा डाकिडा कुआं व मैन मार्केट में सफाई अभियान का जायजा लिया तथा मौके पर ही ट्रैक्टर ट्राली व जेसीबी से कचरा हटवाकर मौका स्थल पर बालू मिट्टी डालने के निर्देश दिए। इस दौरान विकास अधिकारी राजेंद्र जोईया के निर्देशानुसार ग्राम पंचायत सिधमुख, देवीपुरा, कालोनी, जयपुरिया पट्टा मीठडी बलवंत सिंह द्वारा उक्त कार्य तत्परता किया गया।

### महिला व बाल विकास कार्यालय का उद्घाटन

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सादुलपुर।** तहसील के गांव पहाड़सर में महिला दिवस की पूर्व संध्या पर शुक्रवार को ग्राम पंचायत में महिला व बाल विकास कार्यालय का उद्घाटन सरपंच रंजना कुमारी के कर कमलों से किया गया।

## न्यूज ब्रीफ

### अमर शहीद करणीराम रामदेव स्मारक द्वार का लोकार्पण कल

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**झुंझुनूं।** प्रदेश एवं शेखावाटी के किसान के अधिकारों के लिए सामंती व्यवस्था के विरुद्ध अपना सर्वस्व बलिदान देकर सिरमौर शहीद करणीराम रामदेव के स्मारक स्थल जिला मुख्यालय झुंझुनूं पर रविवार नौ मार्च को सुबह 10 बजे नवनिर्मित विशाल द्वार का लोकार्पण किया जाएगा। स्मारक संयोजक विजय गोपाल मोटसरा ने बताया कि पूर्व संयुक्त निदेशक शिक्षा विभाग हरिराम महण द्वारा इस द्वार का निर्माण किया गया है। जिसका उद्घाटन प्रख्यात गणितज्ञ शिक्षाविद् डॉ. घासीराम वर्मा के कर कमलों द्वारा किया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान प्रबुद्धजनों द्वारा उनके इतिहास और सत्कर्मों का भी व्याख्यान दिया जाएगा जिसमें जिलेभर के जनप्रतिनिधि, प्रशासनिक अधिकारी और गणमान्यजन उपस्थित रहेंगे।

### महिला दिवस पर आज होगी रंगोली प्रतियोगिता

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**झुंझुनूं।** झुंझुनू को स्मार्ट, स्वच्छ और हरा-भरा बनाने के लिए एक संकल्पित पहल को मजबूती प्रदान करने के लिए अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर झुंझुनू प्रगति संस्थान एवं इसकी महिला इकाई द्वारा गांधी चौक में रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन शनिवार को किया जा रहा है। अध्यक्ष डॉ. दिलीप मोदी व सचिव एडवोकेट अशोक शर्मा ने बताया कि अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष में स्कूल, कॉलेज, यूनिवर्सिटी तथा अन्य सामाजिक संस्थाओं व घरों की बेटियों और महिलाओं द्वारा रंगोली प्रतियोगिता में चयनित रंगोली बनाने वाली टीम को सम्मानित भी किया जाएगा। पीआरओ डॉ. डीएन तुलस्यान ने बताया कि शनिवार को सुबह सात से नौ बजे तक गांधी चौक में रंगोली बनाई जाएगी। जिसमें स्मार्ट, ग्रीन, क्लीन झुंझुनूं तथा महिला सशक्तिकरण व सुरक्षा थीम रखी गई है। यह प्रतियोगिता सभी के लिए ओपन है। वहीं समारोह सुबह सवा नौ बजे होगा। प्रतियोगिता के लिए डॉ. ममता जालान मोबाइल नंबर 9460166770, डॉ. भावना शर्मा मोबाइल नंबर 7877385350, 8306996189, सरोज सिंह मोबाइल नंबर 8094015521 से संपर्क किया जा सकता है। रंगोली बनाने वाली टीम अपना रंग, सामान आदि स्वयं लाएंगी।

### थाने में सीएलजी की बैठक हुई

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**मुकुंदगढ़।** शहर में स्थित पुलिस थाना परिसर में शुक्रवार को थानाधिकारी सरदारमल यादव की अध्यक्षता में सीएलजी मीटिंग आयोजित हुई। थानाधिकारी ने कहा कि होली व धुलंडी पर्व सद्भावना से मनाने की अपील की। उन्होंने ने कहा की त्यौहारों पर नशा नहीं करें। युवा नशे से दूर रहे। दुपहिया वाहन चालक हेलमेट पहन कर गाड़ी चलाएं। गाड़ी का इनसुरेस जरूर करावें। गाड़ी पर नंबर जरूर लिखें। शराब पीकर गाड़ी नहीं चलाएं। इस मौके पर चंद्रपाल दुलर, राजपाल दूलड़, रामकुमार, आदित्यनारायण सुरोलिया, ओमप्रकाश बिरख, सतपालसिंह शेखावत, महेश पाराशर, मनीष शर्मा, ताराचंद कुमावत, राजेश धाभाई, महेश जादम, सुमित जग्रवाल सहित स्टाफ मौजूद रहे।

### विद्यालय विकास व नामांकन वृद्धि पर सेमीनार

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**मंडावा।** राजकीय विद्यालयों के भौतिक व शैक्षिक विकास तथा आगामी सत्र में नामांकन वृद्धि के लिए शिक्षा विभाग झुंझुनूं के विशेष अभियान के तहत शुक्रवार को नानी बाई राबाउमावि मंडावा में एक सेमीनार का आयोजन किया गया। मुख्य वक्ता समसा एपीसी कमलेश तेतरवाल ने अपने अनुभवों के आधार पर प्रधानाचार्य व स्टाफ सदस्यों को प्रेरित किया कि जमाने से अलग दिखना है तो अलग हटकर मेहनत से काम करना होगा। भामाशाहों व अभिभावकों से लगातार संपर्क व समन्वय से विद्यालयों में बेहतर विकास किया जा सकता है। सेमीनार की अध्यक्षता करते हुए डाइट की वाइस प्रिंसिपल सुशीला महला ने बालिका विद्यालयों में अध्यापकों की विशेष जिम्मेदारी समझाते हुए न केवल शैक्षिक विकास बल्कि संस्कारी शिक्षा पर भी ध्यान देने की जरूरत बताई। इस अवसर पर कमलेश तेतरवाल व सुशीला महला की जिला शिक्षा अधिकारी पद पर पदोन्नति की खुशी में साफा, शॉल, प्रतीक चिह्न भेंटकर व माल्यार्पण कर अभिनंदन किया गया। सेमीनार में नव पदोन्नत प्रधानाचार्य अलका श्योराण, उप प्रधानाचार्य अरुणा शर्मा सहित नानी बाई बालिका उच्च माध्यमिक व उच्च प्राथमिक दोनों विद्यालयों के स्टाफ सदस्य मौजूद रहे। प्रधानाचार्य उर्मिला झाझड़िया ने सभी का आभार व्यक्त किया।

### स्व. अमीलाल महला की स्मृति में रक्तदान शिविर आज

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**झुंझुनूं।** शनिवार आठ मार्च को स्व. अमीलाल महला की स्मृति में रक्तदान व चिकित्सा शिविर आयोजित होगा। आयोजन समिति के प्रवक्ता ने बताया कि मुरोत का बास में सुबह सवा नौ बजे से स्व. अमीलाल महला की नौंवीं पुण्यतिथि के मौके पर विशाल रक्तदान शिविर तथा निशुल्क चिकित्सा शिविर आयोजित होगा। रक्तदाताओं का हौंसला बढाने के लिए कार्यक्रम में झुंझुनूं विधायक राजेंद्र भांबू, पूर्व विधायक शुभकरण चौधरी, भाजपा के राष्ट्रीय परिषद सदस्य विश्वंभर पूनियां तथा भाजपा के पूर्व जिला महामंत्री डॉ. राजेश बाबल समेत अन्य जनप्रतिनिधि और अधिकारी मौजूद रहेंगे। शिविर में विशेषज्ञ चिकित्सकों की सेवाएं निशुल्क होगी। वहीं जांच और दवा का वितरण भी किया जाएगा। कार्यक्रम की तैयारियों को मूर्त रूप दे दिया गया है।

### पूर्व मल्टीपल काउंसलि चेयरपर्सन ओम अग्रवाल का किया स्वागत

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**झुंझुनूं।** लॉयंस क्लब के पूर्व मल्टीपल काउंसिल चेयरपर्सन लॉयन ओम अग्रवाल अपनी धर्मपत्नी कुसुम अग्रवाल के साथ मेहंदीपुर बालाजी दर्शनों के पश्चात शेखावाटी तीर्थ यात्रा खाटू एवं सालासर के दौरान झुंझुनूं श्री राणी सती जी मंदिर के दर्शनों के लिए शुक्रवार को पहुंचे। उन्होंने सपत्निक विधि विधान के साथ मंदिर में पूजा अर्चना की तत्पश्चात लॉयंस क्लब झुंझुनूं के अध्यक्षीय सलाहकार लॉयन परमेश्वर हलवाई, द्वितीय उपाध्यक्ष एमजेएफ लॉयन योगेश खंडेलिया, पीआरओ एमजेएफ लॉयन डॉ. डीएन तुलस्यान एवं लॉयन सीए पवन केडिया ने उनका दुपट्टा ओढाकर श्रीराम मंदिर अयोध्या का प्रतीक चिह्न भेंटकर स्वागत अभिनंदन किया। लॉयन ओम अग्रवाल इसके बाद लॉयंस क्लब झुंझुनूं के सदस्य एवं पूर्व प्रांतपाल एडवोकेट एमजेएफ लॉयन श्रवण केजड़ीवाल की माताजी सावित्री देवी केजड़ीवाल के स्वर्गवास पर सपत्निक उनके निवास पर शोक व्यक्त करने भी गए। लॉयन ओम अग्रवाल 1981 से लॉयंस क्लब से जुड़कर विभिन्न पदों पर रहते हुए प्रांतपाल एवं बहू प्रांतीय अध्यक्ष बने। क्लब, रीजन, प्रांत, बहु प्रांत एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर तक उन्हें विभिन्न पुरस्कारों से सम्मानित किया गया। वर्तमान में वे प्रांत 3232 बी 2 के अहमदाबाद ग्रेटर क्लब के सदस्य हैं।

### खाटू श्याम मंदिर के शिखर पर फहराने वाले सूरजगढ़ प्राचीन निशान का स्वागत

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**चिड़ावा।** खाटू श्याम मंदिर के शिखर पर फहराए जाने वाले सूरजगढ़ के प्राचीन निशान पदयात्रा का चिड़ावा शहर में जगह-जगह पर पुष्प वर्षा कर भव्य स्वागत किया गया।

# सीएमएचओ डॉ. गुर्जर ने राष्ट्रीय क्षय रोग उन्मूलन कार्यक्रम की समीक्षा कर दिए निर्देश

## बीसीएमओ, बीपीएम सहित एनटीईपी कार्मियों को दिए सभी पैरामीटर पूर्ण करने के निर्देश



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**झुंझुनूं।** राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के तहत जिले में विशेष अभियान के रूप में संचालित टीबी मुक्त ग्राम पंचायत अभियान और एडल्ट टीबी वैक्सीनेशन कैंपेन की तैयारियों को लेकर सीएमएचओ डॉ. छोटेलाल गुर्जर की अध्यक्षता में शुक्रवार को क्षय निवारण केंद्र पर समीक्षा बैठक का आयोजन हुआ। बैठक में डॉ. गुर्जर ने अभियान के तहत बिंदूवार ब्लॉक स्तर पर होने वाली विभिन्न गतिविधियों की समीक्षा कर निर्धारित अवधि में शत-प्रतिशत संपादित कर रिपोर्ट भिजवाने के निर्देश दिए। साथ ही जिले में यूडीएसटी व टीबी जांच दर बढ़ाने के दिशा में प्रत्येक सीएचसी पर 15, एसडीएच पर 20 से 25 तथा जिला अस्पताल में 30 बलगम सैंपलों की जांच प्रतिदिन करने का लक्ष्य आवंटित कर प्रतिदिन रिपोर्ट करने के निर्देश दिए गए। बैठक में सीएमएचओ डॉ. गुर्जर ने निक्षय पोर्टल में मरीजों की आभा आई तीन दिवस में पूर्ण करने, शत-प्रतिशत मरीजों की डीपीटी पूर्ण करने तथा उपचार पर चले रहे सभी मरीजों का निक्षय में इन्द्राज करने के निर्देश दिए। सीएमएचओ ने झुंझुनूं अर्बन व बुहाना ब्लॉक में निक्षय मित्रों की कम संख्या पर नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने टीबी कंट्रोल कार्यक्रम से जुड़े अधिकारियों और स्टाफ से टीबी मरीजों के उपचार को लेकर गंभीरता बरतने के निर्देश दिए और कहने के बावजूद कार्य में लापरवाही बरतने वाले स्टाफ के खिलाफ कार्यवाही के लिए प्रपोजल भेजने के निर्देश डीटीओ को दिए। उन्होंने संबंधित तीन दिवस में एसटीएस, डीपीएम अर्बन व बीसीएमओ को क्षेत्र के स्वयंसेवी संगठनों, भामाशाह, जनप्रतिनिधियों से संपर्क कर निक्षय मित्र बनने के लिए प्रेरित करने के निर्देश दिए। सीएमएचओ डॉ. गुर्जर ने बैठक में अनुपस्थित रहे मलसीसर ब्लॉक एसटीएस को कारण बताओ नोटिस देने के निर्देश दिए। जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ. विजयसिंह ने टीबी मुक्त ग्राम पंचायत अभियान के तहत पात्र ग्राम पंचायतों का वेरिफिकेश कर प्रपत्र-2 कार्यालय में भिजवाने के निर्देश दिए। साथ ही ब्लॉक स्तरीय समस्त गतिविधियों को समय पर संपादित कर ऑनलाइन रिपोर्ट भिजवाने, टीबी के मरीजों के संपर्क में रहने वाले व्यक्तिओं में सीवाई टीबी स्कीन टेस्ट के निर्देश दिए। बैठक में 18 मार्च से शुरू होने जा रहे टीबी वैक्सीनेशन कैंपेन की तैयारियों की समीक्षा की गई। बैठक में सीएमएचओ डॉ. गुर्जर सभी बीसीएमओ को वैक्सीन की सप्लाई ले जाने, संस्थानों पर अभियान के बैनर पोस्टर लगाने और व्यक्तिक संचार कर लोगो को वैक्सीनेशन के प्रति जागरूक करने के निर्देश दिए। बैठक में डीटीओ डॉ. विजय सिंह, सभी बीसीएमओ मय बीपीएम, अर्बन डीपीएम सियाराम पूनियां, डीपीसी डॉ. महेश कड़वासरा, आनंद चौधरी, मोहन चाहर सहित समस्त बीसीएमओ, एसटीएस, एसटीएलएस उपस्थित रहे।

# फागोत्सव में कलाकारों ने दी प्रस्तुतियां, फाल्गुनी गीतों पर जमकर थिरके लोग



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**मंडावा।** होली और धुलंडी के नजदीक आते ही कस्बा होली के रंगों में रंगने लगा है। चारों तरफ फाल्गुनी गीतों की बहार और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का सिलसिला जारी हो गया है। कार्यक्रमों के इस दौर में स्थानीय लोगों के साथ दूरदराज रहने वाले शेखावाटी की धरा से जुड़े प्रवासी बंधुजन जमकर राजस्थानी लोक परंपराओं के तहत होने वाले फाल्गुनी कार्यक्रमों का आनंद उठा रहे है। कार्यक्रमों में स्थानीय लोगों के साथ विदेशी सैलानी भी कार्यक्रमों में शामिल होकर जमकर लुफ्त उठा रहे हैं। कार्यक्रमों के इस दौर में हेरिटेज परिसर में खाटूश्याम ग्रुप ढिगाल रोड पर एनआरके ब्रदर्स रामेश्वर कुमावत निवास पर हुए फागोत्सव में लक्ष्मणगढ़ की ढप मंडलियों की प्रस्तुतियां ओर मुख्य बाजार में फतेहपुर स्टैंड पर चेस क्लब कार्यालय में लोक सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। होली से पूर्व आयोजित होने वाले सांस्कृतिक ओर फाल्गुली कार्यक्रम में ढप मंडलियों द्वारा एक से बढ़कर एक लोक गीतों की प्रस्तुतियां देकर प्रवासी और विदेशी लोगों को झूमने को विवश कर दिया। देर रात तक ढप की थाप और बांसुरी की धुन और लोक गीतों पर महिलाएं और पुरूषों ने ठुमके लगाए। इस मौके पर अरविंद पारीक, मधुसुदन खेमाणी, किशोरसिंह शेखावात ने आगंतुकों का राजस्थानी परंपराओं के साथ साफा पहना कर स्वागत किया।

# ऐतिहासिक श्रीबारहभाई मेले को लेकर प्रशासन की बैठक, पदाधिकारियों से ली जानकारी

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**बाड़ी।** धौलपुर जिले में बाड़ी उपखंड पर शहर के 167 वर्ष पुराने ऐतिहासिक श्रीबारहभाई मेले को लेकर शुक्रवार को उपखंड प्रशासन और मेला कमेटी के पदाधिकारियों की एक बैठक का आयोजन बाड़ी उप जिला कलेक्टर कार्यालय में किया गया। बाड़ी उप जिला कलेक्टर भगवत शरण त्यागी और बाड़ी सर्किल ऑफिसर पुलिस उप अधीक्षक महेन्द्र कुमार मीणा द्वारा ली गई बैठक में मेला कमेटी के अध्यक्ष रामवीर पोसवाल,महामंत्री पवन चंसोरिया के साथ मेला कमेटी के अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे। बाड़ी उप जिला कलेक्टर भगवत शरण त्यागी ने मेला कमेटी के पदाधिकारियों को अवगत कराया कि यह नगर का सबसे प्राचीन ऐतिहासिक मेला है,जो अपना विशेष महत्व रखता है,ऐसे में मेले के आयोजन के दिन मेले की शुरुआत जितनी जल्दी हो सके की जाए। जिससे मेला रात 12 बजे तक अपने मुकाम तक पहुंच सके। उन्होंने कहा कि मेले में जो भी स्वरूपों के डोले या साज सज्जा के इलेक्ट्रॉनिक झांकिया निकले उनकी चौड़ाई और ऊंचाई मेला कमेटी खुद ही निर्धारित कर ले। जिससे मेला मार्ग में कहीं पर कोई रुकावट पैदा नहीं हो।

**अधिकारियों ने मेला मार्ग का किया निरीक्षण :** बाड़ी उप जिला कलेक्टर भगवत शरण त्यागी,बाड़ी सर्किल ऑफिसर पुलिस उपाधीक्षक महेन्द्रकुमार मीणा,तहसीलदार उत्तम चंद बंसल के साथ डिस्कॉम जेईएन अवधेश कुमार, पीडब्ल्यूडी और नगरपालिका के साथ ट्रैफिक पुलिस इंचार्ज, मेला कमेटी के पदाधिकारियों के साथ बाजार में मेला मार्ग पर निरीक्षण करने पहुंचे। इस दौरान उप जिला कलेक्टर ने झूलते बिजली तारों को दुरस्त करने और ऊंचा करने के जेईएन को निर्देश दिए साथ में जहां सड़के खराब मिली या गड्ढे मिले उनको तुरंत दुरस्त करने के लिए पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों को निर्देश दिए। नगर पालिका के कर्मचारियों को निर्देश दिए हैं,कि मेला मार्ग में कहीं पर भी कोई रुकावट नहीं आनी चाहिए,जहां तंग गली है वहां विशेष ध्यान देने की जरूरत है। मेले को लेकर महामंत्री पवन चंसोरिया ने बताया कि सन् 1859 से यह बाड़ी शहर में होली की दौज से अष्टमी तक आयोजित होने वाला प्राचीन ऐतिहासिक मेला है। इस बार 16 मार्च को होली दौज से मेला शुरू होगा।

# झुंझुनूं जिला उपभोक्ता समिति की इकाइयों का पुनर्गठन, जिला, पंचायत समिति व नगरपालिका प्रभारियों की घोषणा

## अध्यक्ष शिवलाल सैनी चिड़ावा को बनाया व महासचिव पद की जिम्मेदारी ललित जोशी झुंझुनूं को दी

**चिड़ावा।** उपभोक्ता हितों के लिए कार्य करने वाले संगठन झुंझुनूं जिला उपभोक्ता समिति के जिलाध्यक्ष प्रथम राष्ट्रीय उपभोक्ता संरक्षण पुरस्कार प्राप्त प्रभुशरण तिवाड़ी ने समिति की नई जिला कार्य समिति की घोषणा की। घोषित नई कार्यकारणी में कार्यकारी अध्यक्ष शिवलाल सैनी चिड़ावा को बनाया गया है। जिला उपाध्यक्ष पद पर कैप्टन शंकरलाल महारानियां चिड़ावा, हीरालाल शर्मा खाजपुर, शिवचरण पुरोहित झुंझुनूं को नियुक्त किया गया। समिति के महासचिव पद की जिम्मेदारी ललित जोशी झुंझुनूं को दी गई है व सचिव पद पर संदीप गोयल को नियुक्त किया गया। समिति के कोषाध्यक्ष का जिम्मा मनीराम जांगिड़ जसरापुर को दिया गया। जिला समन्वयक वेदांत तिवाड़ी चिड़ावा व जिला मीडिया प्रभारी चंद्रमौलि पचरंगिया चिड़ावा को बनाया गया। तिवाड़ी ने बताया की जिले की सभी नगरपालिका क्षेत्रों व पंचायत समितियों के प्रभारियों की भी नियुक्ति की गई। पंचायत समिति अध्यक्ष के रुप में झुंझुनूं से ओमप्रकाश जांगिड़, चिड़ावा से राधेश्याम सुखाड़िया, सूरजगढ़ से राजेंद्र शर्मा, बुहाना से नंदकिशोर धूलवा, सिंघाना से महेंद्र लूणियां मोई, खेतड़ी से रामानंद शर्मा शिमला, उदयपुरवाटी से मदनलाल भांवरिया पचलंगी, नवलगढ़ से कजोड़मल बसावा व अलसीसर से चंदगीराम चाहर को समिति के पंचायत समिति अध्यक्ष का जिम्मा दिया गया है। वहीं नगरपालिका क्षेत्र झुंझुनूं से दयाशंकर अड़ावतिया, नवलगढ़ से एडवोकेट तरुण मिंतर, बगड़ से अनुज शर्मा, चिड़ावा मुकेश सैनी, मुकुंदगढ़ आदित्य नारायण सुरोलिया, खेतड़ी प्रदीप सुरोलिया, पिलानी बाबूलाल घोघलिया, मंडावा गोविंद जोशी, बिसाऊ से अनिल कलावटिया, उदयपुरवाटी से प्रेमलता शर्मा व गुढ़ा से दयाशंकर केडिया, सिंघाना से नरेश चौधरी को अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी देकर अपने-अपने क्षेत्र में नई कार्यकारिणी का गठन कर उपभोक्ता हितों के लिए कार्य करने व उपभोक्ताओं के अधिकारों से आम जन को अवगत करवाने की जिम्मेदारी सौपी गई।

# शिविर में 230 लोग लाभान्वित



**झुंझुनूं।** महावीर इंटरनेशनल सनराइज एवं आशुतोष होम्योपैथिक औषधालय छावनी बाजार के संयुक्त तत्वावधान में स्वर्गीय केदारमल हलवाई की स्मृति में उनके परिवार द्वारा आयोजित निशुल्क चिकित्सा परामर्श शिविर अग्रवाल कटला झुंझुनूं में संपन्न हुआ। शिविर में 230 रोगियों की जांच कर निशुल्क दवाइयां उपलब्ध करवाई गई। कार्यक्रम में रमाकांत हलवाई, संरक्षक डॉ. एसएन शुक्ला, अंतरराष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्यामसुंदर जालान, जोन चेयरमैन नागरमल जांगिड़, रीजन सेकेटरी महेश कुमार मूंड, देवेंद्र कुमार गौड़, शिवप्रसाद महर्षि, शक्तिसिंह, अशोक कुमार शर्मा, फईम इकबाल सिद्दीकी, सुमेरसिंह कर्णावत, प्रदीप कुमार शुक्ला, डॉ. मूलसिंह, प्रमोद कुमार व काफी संख्या में गणमान्य जन व डॉक्टर्स टीम उपस्थित रहे।

# गुढ़ागौड़जी से श्याम श्रद्धालुओं का जत्था रवाना

जागरूक टाइम्स संवाददाता



**गुढ़ागौड़जी।** क्षेत्र के घूमचक्कर की धर्मशालाओं श्रद्धालुओं की भीड़ व सभी गांवों व कस्बों में गली मोहल्ला श्याम भक्तों से भरे दिखाई दे रहे अलग-अलग सेवा संगठनों के द्वारा श्याम सेवा संगठनों एवं गांवों व ढाणियों के युवा वर्ग के लोगों श्याम भगतो की सेवा करते दिखाई दिए। चिंताहरण बालाजी के पास निशान सूरजगढ़, चिड़ावा, भिवानी, जुई पानीपत, करनाल, सुलताना, नंगली, मुखाना, सभी श्रद्धालुओं की कार्यकर्ताओं के द्वारा सभी भक्तगणों की मनोज, किशोर, सोडून राजू, भवरसिंह, वासुदेव शर्मा, सीताराम, दिनेश, गोपाल, दलीप, विकास, सुनिल, मनकस पुजारी, सांवरमल शर्मा हलवाई, रामूराम हलवाई आदि सेवा लगे हुए है। विधानसभा के अनेक गांवों ढाणियों व कस्बों में जगह-जगह पैदल यात्रा रवाना हुई। इसी क्रम में शिवनाथपुरा से खाटू श्यामजी के लिए भक्तों का जत्था निशान लेकर के 28वीं पैदल यात्रा के लिए जत्था रवाना हुआ। सुबह पूजा-अर्चना करने के बाद प्रसाद वितरण करने के बाद खाटूश्याम जी के भगत पितराम नून के घर से रवाना हुई पैदल यात्रा का शिवनाथपुरा रावत कृषि फार्म पर पुष्प माला पहनाकर पुष्प वर्षा का स्वागत किया गया। एडवोकेट जनार्दन गुर्जर, हवलदार सांवरमल रावत, सामाजिक कार्यकर्ता सुमेर रावत, गुरू उम्मेद रावत के द्वारा सभी भक्तों का स्वागत किया गया। पैदल यात्रा में जाने वाले चंदनमल सैनी, प्रदीप झाझड़िया, बहादुर झाझड़िया, महेंद्र रावत, विजेंद्रसिंह राठौड़, बंशीराम रावत, आनंद रावत, विजेंद्र नून, कालू रावत, सुरेंद्र नून, अनिल शास्त्री, विकास गुर्जर, राहुल, अंकित गुर्जर, दीपक गुर्जर आदि मौजूद थे।

### विधायक निवास पर फागोत्सव आज

**झुंझुनूं।** विधायक राजेंद्र भांबू के निवास पर फागोत्सव का आयोजन आठ मार्च को किया जाएगा। युवा नेता सचिन भांबू ने बताया कि बुद्धगिरी मढी फतेहपुर के महंत दिनेशगिरी महाराज की गौवत्स मंडली द्वारा फागोत्सव का आयोजन किया जाएगा। विधायक राजेंद्र भांबू की ओर से यह आयोजन अग्रसेन सर्किल के पास स्थित विधायक निवास पर आठ मार्च शनिवार को शाम आठ बजे से होगा।

# वन विभाग को दिए पांच सौ बरगद व पीपल के पौधे

जागरूक टाइम्स संवाददाता



**खेतड़ी।** श्री श्याम पदयात्रा मंडल शिविर परिसर में शुक्रवार को रामकृष्ण मिशन आश्रम के सचिव स्वामी आत्मानिष्ठानंद महाराज के सानिध्य में समाजसेवी हरद्वारीलाल सैनी स्मृति पौध वितरण कार्यक्रम का समारोहपूर्वक आयोजन हुआ। इस मौके पर पर्यावरणप्रेमी गोपाल कृष्ण शर्मा द्वारा तैयार बरगद व पीपल के पांच सौ पौधे वन विभाग को भेंट किए गए। समारोह में एसडीएम मुकेश कुमार चौधरी मुख्य अतिथि थे। अध्यक्षता पार्षद लीलाधर सैनी ने की। डीएसपी जुल्फिकार अली, तहसीलदार सुनिल कुमार, डीटीओ रमेश कुमार यादव, उप निदेशक तकनीकी शिक्षा अरविंद कुमार मान, थानाधिकारी गोपाललाल जांगिड़, क्षेत्रीय वन अधिकारी मुकेश कुमार मीणा, विकास अधिकारी महादेव सिंह काजला, ईओ नागरमल गुर्जर, डॉ. आदित्य धर्मपाल गुर्जर, प्रभु राजोता, डॉ. राघवेंद्र पाल, पीएमओ डॉ. अक्षय शर्मा, डॉ. अनुराधासिंह निर्वाण, डॉ. महेंद्र सैनी, डॉ. प्रवीण शर्मा, डॉ. संदीप डांगी, डॉ. सोमदत्त भगत, ब्राह्मण समाज तहसील अध्यक्ष वासुदेव तिवाड़ी, खेतड़ी अध्यक्ष प्रदीप कुमार सुरोलिया, पेंशनर समाज अध्यक्ष ब्रह्मानंद शर्मा, पूर्व लोकपाल महावीरप्रसाद तोगड़िया, पंचायत समिति सदस्य श्रवणदत्त नारनौलिया, अजयसिंह शेखावत, सरपंच रमेशकुमार सैनी, किशोर कुमार शर्मा, बलबीर सैनी, राजेश कुमावत, शेरसिंह कृष्णियां, राजू सैनी, सत्यनारायण भार्गव, कैलाश स्वामी, गजानंद कुमावत, प्रदीप कुमार झुंझुनूंवाला, पार्षद बेणीशंकर सैनी, महावीरप्रसाद सैनी, राहुल सैनी, निखिल शर्मा, राकेश शर्मा, भवानीशंकर शर्मा, रामावतार वर्मा, नागरमल सैनी, विक्की कुमावत, अनिल गुप्ता, ओमप्रकाश नापित, विजयपाल सैनी, गोलू कुमावत, अशोक हाकम, रामस्वरूप महरानियां, सुरेश भांवरिया, चौथमल कुमावत, दयाकौर, रिया शर्मा, राजेश राजोरिया, मुकेश कुमार शर्मा, बलबीर भालोठिया, भूपसिंह यादव, रजत शर्मा, दिनेश कुमार शर्मा, विशाल मिश्रा विशिष्ट अतिथि थे। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि उपखंड अधिकारी मुकेश कुमार चौधरी ने रेंजर मुकेश कुमार मीणा को पीपल का पौधा भेंट कर किया। इस मौके पर रणजीत सिंह, सत्यवान पूनियां, राहुल शर्मा, सुरेश नायक, गौरव स्वामी, राजेश कुमार, कृष्णा सैन, प्रवीण पोद्दार, रमेश कुमावत, मोहित सिंह निर्वाण, रामावतार कुमावत, इंद्रकुमार सैनी, पिंटू सहित दर्जनों लोग मौजूद थे।

# महिला सशक्तिकरण को लेकर अपर न्यायिक मजिस्ट्रेट ने लगाया शिविर

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**बाड़ी।** धौलपुर जिले के बाड़ी उपखंड पर शहर में 8 मार्च शनिवार को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन होने जा रहा है। इस लोक अदालत में लोग राजीनामा के तहत अपने विभिन्न विवादों, मुकदमों और लंबित चल चले मामलों का निस्तारण कर सके,इसको लेकर लगातार पिछले एक सप्ताह से जागरूकता के प्रयास किये जा रहे हैं। इसकी जागरूकता के साथ आठ मार्च महिला दिवस को लेकर शहर की एसीजेएम संख्या-2 चित्रांशी सिंह ने सीनियर सेकेंडरी स्कूल पहुंच बालिकाओं को लोक अदालत की जानकारी दी और इसके महत्व से अवगत कराया साथ में राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर के निर्देश एवं अध्यक्ष तालुका विधिक सेवा समिति बाड़ी एडीजे नीरज कुमार के निर्देश पर महिला सशक्तिकरण के संबंध में शिविर का आयोजन किया। उक्त शिविर में उन्होंने उपस्थित छात्राओं को नारी सशक्तिकरण और बालिकाओं के अधिकारों के संबंध में भी जानकारी दी। एसीजेएम चित्राक्षी सिंह ने सभी बालिकाओं को बताया कि महिलाओं को उनके अधिकार देने के लिए अभी भी हमें अपने समाज में कई तरह के बदलाव लाने होंगे। महिला और पुरुष दोनों को एक बराबरी का दर्जा देना होगा। जिस दिन यह दर्जा समाज खुद देने लग जाएगा। उस दिन हमारे समाज में एक नए युग की शुरुआत होगी। जो विकास के लिए समर्पित होगा। किसी भी देश को पूरी तरह विकसित करने के लिए महिलाओं का सशक्त होना बेहद जरूरी है। उन्होंने बालिकाओं से पढ़ाई पर विशेष फोकस करने और अपनी छोटी बहनों एवं परिवार की अन्य महिलाओं को सशक्त बनाने में सहयोग करने की भी अपील की।

## सुविचार

पहले स्वयं संपूर्ण मुक्तावस्था प्राप्त कर लो उसके बाद इच्छा करने पर फिर अपने को सीमाबद्ध कर सकते हो

- अज्ञात

## जागरूक संपादकीय

### नए सवालों का जन्म

मुंबई में विले पार्ले स्थित होटल सहारा के कमरे के एक दरवाजे पर लिखा था 'डू नॉट डिस्टर्ब'। ...तो नहीं किया गया डिस्टर्ब। लेकिन होटल के स्टाफ में से किसी को भी अंदाजा नहीं था कि अंदर रह रहा शख्स क्या कर रहा है। लेकिन जब कमरे की बुकिंग अवधि समाप्त हो गई और वह शख्स बाहर नहीं निकला तो दरवाजा खटखटाया गया, मास्टर चाभी से खोलने की कोशिश की लेकिन दरवाजा नहीं खुला। अनहोनी की आशंका के बीच दरवाजा तोड़ा गया और अंदर से निकली निशांत त्रिपाठी की मृत देह। हां... साथ में एक सुसाइट नोट भी मिला जिसमें उसने अपनी आत्महत्या की वजह का खुलासा किया था। वजह बताई गई पत्नी और पत्नी की मां का उत्पीड़न। पिछले चार महीने में इस तरह का यह तीसरा मामला है। दिसंबर 2024 में बेंगलुरु के आईटी प्रोफेशनल एवं कानपुर के मूल निवासी अतुल सुभाष ने अपनी पत्नी पर मानसिक उत्पीड़न का आरोप लगाते हुए आत्महत्या कर ली थी। फरवरी-2025 में आगरा के मूल निवासी ने भी अपनी पत्नी पर आरोप लगाते हुए फांसी लगा ली। और अब तीसरी आत्महत्या की खबर मुंबई के सहारा होटल में सामने आई है। यहां भी अतुल सुभाष एवं मानव शर्मा की तरह पत्नी पर उत्पीड़न का आरोप लगाकर जान देने का इमोशनल पोस्ट लिखा गया है। निशांत ने मौत से पहले एक सुसाइड नोट भी लिखा था, जिसमें पत्नी और उसकी मां को अपनी मौत के लिए जिम्मेदार बताया था। निशांत त्रिपाठी पेशे से एक अभिनेता थे। अब निशांत की मां नीलम चतुर्वेदी ने एक लंबा और इमोशनल पोस्ट लिखा है, जो सोशल मीडिया पर वायरल है। उन्होंने फेसबुक पर लिखे लंबे नोट में कहा कि मैंने सामाजिक कार्यकर्ता के तौर पर 46 हजार महिलाओं की मदद की। उनमें से 37 हजार महिलाओं को न्याय दिलाने में सफलता पाई। मैंने हजारों महिलाओं को ट्रेनिंग दी ताकि वे आत्मनिर्भर बन सकें। लेकिन आज मैं खुद टूट चुकी हैं और एक जिंदा लाश जैसी स्थिति है। मैंने सोचा था कि बेटा मेरा अंतिम संस्कार करेगा, लेकिन मेरी बेटी प्राची को अपने बड़े भाई का अंतिम संस्कार करना पड़ा। यहां सवाल यह उठता है कि क्या स्त्रियां अपने पतियों पर हद तक हावी हो रहीं हैं कि वो अपनी जिंदगी के सभी रास्ते बंद पा रहे हैं, या वे जिंदगी में आए बदलावों को, उतार-चढ़ावों को या कहें कि बढ़ते तनाव को नहीं झेल पा रहे। सवाल यह भी उठता है कि क्या वे अपनी पत्नियों से सीमा से अधिक अपेक्षाएं पाले हुए हैं? या वाकई स्त्रियां अब इस हद तक भावनाशून्य हो चुकी हैं कि सबसे अहम रिश्ते भी उनके लिए कोई मायने नहीं रखते? या पुरुष इतने कमजोर साबित हो रहे हैं कि वे स्त्रियों की सत्ता को सहन नहीं कर पा रहे? क्या पुरुषों में 'ना' सुनने का सामर्थ्य नहीं है? सवाल कई हैं। लेकिन इनका हल शीघ्रतिशीघ्र ही तलाशना होगा क्योंकि बेटी-बचाओ के चक्कर में हम बेटों की अनदेखी तो नहीं कर रहे?

## ट्रंप की विचित्र रणनीति

# फिलिस्तीन को अंतहीन अशांति में धकेला



नौशाबा परवीन

वाइट हाउस में आठ पूर्व बंधकों से मुलाक़ात करने के बाद अमेरिका के राष्ट्रपति डोनल्ड ट्रंप ने अपने ट्रुथ सोशल हैंडल पर हमास को 'अंतिम धमकी' देते हुए लिखा, "बाद में नहीं बल्कि सभी बंधकों को अभी रिहा करो और जिन व्यक्तियों का तुमने कत्ल किया हैं, उनके शव भी तुरंत वापस करो वर्ना तुम्हारे लिए सब कुछ खत्म हो गया है। केवल बीमार व सिरफिरे लोग ही शव रखते हैं और तुम बीमार व सिरफिरे हो।" ट्रंप ने यह भी कहा कि 'काम खत्म करने के लिए वह इजराइल को हर आवश्यक चीज़ भेज रहे हैं'। इस 'धमकी' का विरोधाभास यह है कि ट्रंप ने हमास से सीधे बात करने के लिए अपना एक प्रतिनिधि आदम बोएह्लेर को कतर भेजा है। 1997 के बाद यह पहला अवसर है जब वाइट हाउस हमास से सीधे तौरपर 'वार्ता व चर्चा' कर रहा है।

गौरतलब है कि अमेरिका की लंबे समय से यह आधिकारिक नीति रही है कि वह मिलिटेंट गुटों से सीधे बातचीत नहीं करेगा। ट्रंप इस नीति का उल्लंघन कर रहे हैं। वाइट हाउस की प्रेस सचिव करोलिन लीविट ने वार्ता का असल मुद्दा तो नहीं बताया, लेकिन यह कहा है कि ट्रंप ने अपने प्रतिनिधि को 'हर किसी से बात करने' का अधिकार दिया है। अक्टूबर 2023 से कतर व मिस्र के माध्यम से ही अमेरिका व इजराइल हमास से बातचीत कर रहे थे। अब अमेरिका सीधे हमास से बात कर रहा है। दूसरी ओर हमास ने ट्रंप की नवीनतम धमकी को सुनकर अनसुना करते हुए दोहराया है कि वह शेष इजराइली बंधकों को उसी सूरत में छोड़ेगा, जब फिलिस्तीनी कैदियों को रिहा कर दिया जाएगा और गज़ा में स्थायी युद्धविराम होगा। हमास ने ट्रंप व इजराइल के बेंजामिन नेतन्याहू पर जनवरी में हुए युद्धविराम से पीछे हटने का आरोप लगाया है, जिसके तहत फरवरी में युद्धविराम से संबंधित दूसरे चक्र की वार्ता होनी थी ताकि अधिक फिलिस्तीनी कैदियों की रिहाई, स्थायी युद्धविराम और गज़ा से इजराइली फ़ौज की वापसी के बदले में बंधकों को छोड़ा जा सके। हमास के प्रवक्ता अब्दुल लतीफ़ अल-कानउया ने कहा है कि 'शेष इजराइली बंधकों को रिहा कराने का सबसे अच्छा रास्ता वार्ता ही है'। यह वार्ता फरवरी में आरंभ होनी थी, लेकिन अभी तक इसके लिए मामूली तैयारी ही हुई है। करोलिन लीविट के बयानों से ऐसा प्रतीत होता है कि ट्रंप की दिलचस्पी केवल अमेरिकी हितों को साधने में है और इसलिए वह हमास से सीधे वार्ता कर रहे हैं। ट्रंप की दिलचस्पी मुख्यतः दो बातों को लेकर अधिक दिखाई दे रही है। एक, अमेरिकी नागरिक एडन एलेग्जेंडर को हमास से मुक्त कराने में। दूसरा यह कि दुनियाभर के विरोध के बावजूद ट्रंप ने गज़ा को फिलिस्तीनियों से खाली कराकर वहां 'रिवेरा' बनाने की अपनी योजना को अभी तक नहीं छोड़ा है। इसलिए उन्होंने अपने प्रतिनिधि के रूप में आदम बोएह्लेर को कतर भेजा, जिन्होंने ट्रंप के पहले कार्यकाल के दौरान अब्राहम समझौता कराने वाली टीम



का नेतृत्व किया था। अब्राहम समझौते का उद्देश्य अरब संसार में इजराइल को विस्तृत मान्यता प्रदान कराना था। ट्रंप क्या कहते हैं और करते क्या हैं, इसे समझना आसान नहीं हैं। एक तरफ वह हमास को धमका रहे हैं और दूसरी तरफ अमेरिकी नीति का उल्लंघन करके हमास से सीधी वार्ता भी कर रहे हैं। एक तरफ वह गज़ा के लोगों को आश्वासन दे रहे हैं कि 'सुंदर भविष्य आपकी प्रतीक्षा में है' और दूसरी तरफ वह सभी फिलिस्तीनियों से गज़ा खाली करने के लिए कह रहे हैं, बिना यह बताए कि वह किस जगह अपना वतन छोड़कर जाएं। वाइट हाउस ने हाल ही में इस बात की पुनः पुष्टि की है और अरब देशों ने गज़ा के पुनःनिर्माण का जो वैकल्पिक प्रस्ताव दिया था, उसे ठुकरा दिया है। हालांकि ट्रंप ने इस संदर्भ में अपने शब्दों में कुछ संशोधन अवश्य किया है, लेकिन उन्होंने अमेरिका के मालिकाना हक़ के साथ गज़ा को पश्चिम एशिया का 'रिवेरा' बनाने के अपने सपने को छोड़ा नहीं है। अपनी योजना की घोषणा ट्रंप ने सबसे पहले 4 फ़रवरी को नेतन्याहू के सामने की थी। उस समय उनके शब्द थे 'हम उसके मालिक बनेगें'। इसके बाद यह शब्द बदलकर हो गए 'हम उसे खरीद लेंगे'। फिर जॉर्डन के किंग अब्दुल्लाह-2 के साथ ओवल ऑफिस की प्रेस कांफ्रेंस में ट्रंप के शब्द थे 'हम उसे खरीदेंगे नहीं, हम उसे छीन लेंगे, हम उसे अपने पास रखेंगे, हम उसका आनंद लेंगे'। इजराइल के सशस्त्र बलों द्वारा 16 माह की निरंतर बमबारी के बाद गज़ा रहने लायक स्थान नहीं रहा है। यह नरसंहार अपने आपमें मानवता के विरुद्ध अपराध था। गज़ा से फिलिस्तीनियों को बाहर निकालना मानवता के विरुद्ध दूसरा अपराध होगा, लेकिन इससे बेज़ालेल समोत्रिच के नेतृत्व वाले नव दक्षिणपंथ के मूल विचार की पूर्ति हो जाएगी कि गज़ा और संभवतः वेस्ट बैंक को खाली कराओ और इस तरह वह जातीय संहार पूर्ण हो जाएगा जो 1948 के नकबा से आरंभ हुआ था। गज़ा को खाली कराने की मानवीय कीमत अरब देशों को चुकानी पड़ेगी जैसा कि 1948 में हुआ था। ध्यान रहे कि अक्टूबर 2023 के मध्य में जो बाइडेन के राज्य सचिव एंटोनी ब्लिंकिन ने अपने क्षेत्रीय सहयोगियों जॉर्डन, मिस्र, सऊदी अरब व अमीरात से यही मांग रखी थी। इस मांग को बिना अपील के ठुकरा दिया गया था। लेकिन इससे मालूम होता है कि गज़ा को लेकर बाइडेन का भी नज़रिया वही था, जिसे अब ट्रंप खुलकर बोल रहे हैं। अरब देश फिलिस्तीनियों के जातीय संहार का हिस्सा बनने से इंकार कर रहे हैं। ट्रंप की योजना में यही सबसे बड़ी रुकावट नहीं है। कोई फिलिस्तीनी गज़ा छोड़ने के लिए तैयार नहीं है, खासकर 16 माह की निरंतर बमबारी बर्दाश्त करने के बाद। फिलिस्तीन की एक राजनीतिक पार्टी के नेता समी अबु ज़ुहरी का कहना है, "गज़ा के लोगों ने मौत को इसलिए बर्दाश्त नहीं किया है कि वह अपनी मातृभूमि को छोड़कर चले जाएं और वह किसी अन्य कारण से इसे छोड़कर नहीं जाएंगे।" बहरहाल, ट्रंप की गज़ा को खाली कराने की योजना एक तीर से कई निशाने साधने वाली है। इसके ज़रिये वह अपने क्षेत्रीय अरब सहयोगियों की प्रतिक्रिया की परीक्षा लेना चाहते हैं। अरब शासक चूंकि अमेरिका के पिट्ठू हैं इसलिए ट्रंप की बात मान भी लेते, लेकिन अरब अवाम का दबाव उन पर इतना अधिक है कि वह अपने आका ट्रंप को चाहकर भी 'प्रसन्न' करने में असमर्थ हैं। अरब शासकों को एक और अरब बसंत का डर है। फिर लाखों फिलिस्तीनियों को अपने यहां बसाना आसान नहीं है, इसलिए वह 2-स्टेट की बात कर रहे हैं। ट्रंप की योजना का दूसरा निशाना यह है कि नरसंहार के साक्ष्य मिटा दिए जाएं ताकि इजराइल के लिए अमेरिका-समर्थित दंड मुक्ति की राह आसान हो जाए। तमाम संकेत यही हैं कि गज़ा को खाली कराने की ट्रंप योजना सफल नहीं होने जा रही है।


इमेज

## पंचांग

शनिवार, 8 मार्च 2025

| | |
|---|---|
| • विक्रम संवत् | - 2081 |
| • शक संवत् | - 1946 |
| • ऋतु | - वसंत |
| • माह | - फाल्गुन |
| • पक्ष | - शुक्ल |
| • तिथि | - नवमी 08.17 तक |
| • वार | - शनिवार |
| • नक्षत्र | - आर्द्रा 23.29 तक |
| • योग | - आयुष्मान 16.25 तक |
| • करण | - तैतिल 19.58 तक |
| • सूर्योदय | - 06.54 (मुंबई) |
| • सूर्यास्त | - 06.44 (मुंबई) |
| • सूर्योदय | - 06.57 (भीनमाल) |
| • सूर्यास्त | - 06.46 (भीनमाल) |
| • चंद्र राशि | - मिथुन |
| • अभिजित् मुहूर्त | - 12.25 से 13.13 |
| • राहु काल | - 09.51 से 11.20 |
| • व्रत, त्यौहार | - रवियोग अहोरात्र, दग्धयोग व स्थिरयोग 08.17 तक, विश्व महिला दिवस |
| • दिशा शूल | - पूर्व |

• शास्त्री प्रवीण त्रिवेदी, भीनमाल



धर्म-कर्म

### शिशिलेश्वर मंदिर में बहा था शिला से खून

शायद ही किसी ने सुना होगा कि मछलियों की भी पूजा की जाती है। हां, आप सही सुन रहे हैं। कर्नाटक के शिशिलेश्वर क्षेत्र में भक्त मछलियों को देवता का रूप मानते हैं। यह जगह कुक्के सुब्रमण्या और श्री क्षेत्र धर्मस्थल को जोड़ने वाली सड़क के बीच बसी है और जितनी यह धार्मिक आस्था के लिए मशहूर है, उतनी ही अपनी प्राकृतिक खूबसूरती के लिए भी।

अब आप सोच रहे होंगे कि आखिर यहां की मछलियों में ऐसा क्या खास है? तो सुनिए, यहां की पवित्र कपिला नदी में तैरने वाली पेरोल जाति की मछलियां, जिन्हें महाशिर भी कहते हैं, को देवता की मछलियां माना जाता है। स्थानीय लोग और भक्त इन मछलियों को बड़े प्यार से दाना डालते हैं और मानते हैं कि इन्हें खाना नहीं बल्कि सम्मान देना चाहिए।

मंदिर की कहानी, जो रहस्य और भक्ति से भरी है

अब बात करते हैं इस मंदिर की दिलचस्प कहानी की। कहते हैं, कुमारगिरी पहाड़ी के पास एक शिवलिंग था, जहां एक ब्राह्मण रोज पूजा करने जाया करते थे। एक दिन उनका पैर फिसल गया और वे बुरी तरह घायल हो गए। दर्द से कराहते हुए उन्होंने भगवान से प्रार्थना की – "हे देव, अगर आप हमें अपने दर्शन कपिला नदी के तट पर दे दें, तो हमारी मुश्किल आसान हो जाएगी!" शायद भगवान ने उनकी बात सुन ली क्योंकि कुछ ही दिनों में कपिला नदी के किनारे एक स्वयंभू शिला प्रकट हुई, लेकिन असली चमत्कार तो इसके बाद हुआ। जंगल में जब आदिवासी 'नरिया' नामक जड़ी खोद रहे थे, तो गलती से इस शिला को चोट लग गई और उसमें से खून बहने लगा। गांव भर के लोग घबरा गए, सब इकट्ठा हुए और शिला के सामने प्रार्थना करने लगे। जैसे ही सभी ने सच्चे मन से भगवान शिशिलेश्वर से यहां निवास करने की विनती की, खून बहना बंद हो गया। फिर क्या था, यहां एक भव्य मंदिर बना दिया गया, और तब से यह स्थान भक्ति और आस्था का केंद्र बन गया।

देवता की मछलियां और चमत्कारी जल

शिशिलेश्वर मंदिर में पूजा का एक अनोखा तरीका है। यहां हर अभिषेक और नैवेद्य सिर्फ कपिला नदी के पानी से होता है। कहते हैं, यह पानी हमेशा शुद्ध रहना चाहिए, इसलिए भगवान विष्णु खुद मछली के रूप में इस नदी में निवास करते हैं। लोग मानते हैं कि अगर कोई श्रद्धा से यहां की मछलियों को एक मुट्ठी चावल या मंडकी (एक प्रकार का चारा) खिलाए, तो उसके सभी चर्म रोग ठीक हो सकते हैं। यानी, यहां आकर सिर्फ आत्मा ही नहीं, शरीर भी शुद्ध हो सकता है।

## तारीख विशेष

### अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस

अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस हर वर्ष '8 मार्च' को विश्वभर में मनाया जाता है। इस दिन संपूर्ण विश्व की महिलाएँ देश, जात-पात, भाषा, राजनीतिक, सांस्कृतिक भेदभाव से परे एकजुट होकर इस दिन को मनाती हैं। महिला दिवस पर स्त्री की प्रेम, स्नेह व मातृत्व के साथ ही शक्तिसंपन्न स्त्री की मूर्ति सामने आती है। इक्कीसवीं सदी की स्त्री ने स्वयं की शक्ति को पहचान लिया है और काफ़ी हद तक अपने अधिकारों के लिए लड़ना सीख लिया है। आज के समय में स्त्रियों ने सिद्ध किया है कि वे एक-दूसरे की दुश्मन नहीं, सहयोगी हैं। राष्ट्रीय महिला दिवस को अंतरराष्ट्रीय बनाने का सुझाव एक स्त्री का ही था। क्लारा ज़ेटकिन ने 1910 में कोपेनहेगन में कामकाजी महिलाओं की एक इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस के दौरान अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस मनाने का सुझाव दिया। उस वक्त कॉन्फ्रेंस में 17 देशों की 100 महिलाएं मौजूद थीं। उन सभी ने इस सुझाव का समर्थन किया। सबसे पहले साल 1911 में ऑस्ट्रिया, डेनमार्क, जर्मनी और स्विट्ज़रलैंड में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस मनाया गया। प्रतिवर्ष तरराष्ट्रीय महिला दिवस को एक विशेष थीम के साथ मनाया जाता है। इस वर्ष यानि 2025 के लिए थीम "Accelerate Action" तय की गई है। इसका अर्थ है कि महिलाओं की प्रगति को लेकर जो कार्य किए जा रहे हैं उनमें तेजी लाई जाए। गति बढ़ाई जाए। इतिहास के अनुसार आम महिलाओं द्वारा समानाधिकार की यह लड़ाई शुरू की गई थी। लीसिसट्राटा नामक महिला ने प्राचीन ग्रीस में फ्रेंच क्रांति के दौरान युद्ध समाप्ति की मांग रखते हुए आंदोलन की शुरुआत की, फ़ारसी महिलाओं के समूह ने वरसेल्स में इस दिन एक मोर्चा निकाला, इसका उद्देश्य युद्ध के कारण महिलाओं पर बढ़ते अत्याचार को रोकना था। पहली बार सन् 1909 में सोशलिस्ट पार्टी ऑफ़ अमेरिका द्वारा पूरे अमेरिका में 28 फ़रवरी को महिला दिवस मनाया गया था। 1910 में सोशलिस्ट इंटरनेशनल द्वारा कोपेनहेगन में महिला दिवस की स्थापना हुई। 1911 में ऑस्ट्रिया, डेनमार्क, जर्मनी और स्विट्जरलैंड में लाखों महिलाओं ने रैली निकाली।

## विशिष्ट वाक्यांश


# इन पर केवल भारतीयों का ही एकाधिकार

शाहिद ए चौधरी

हम भारतीय अपनी बात मनवाने के लिए तर्क व संदर्भ से अधिक कसम का सहारा ज्यादा लेते हैं और वह भी मां की कसम का, विशेषकर गंभीर वायदा करते समय हमारे मुंह से 'मोम स्वेअर' (मां कसम) निकलता है, जबकि ब्रिटेन, कनाडा, अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया आदि अंग्रेजी बोलने वाले मुल्कों में यह वाक्यांश नहीं बोला जाता है। किसी अजनबी से पहली मुलाक़ात के दौरान तीन शब्द एकदम से ज़बान पर आ जाते हैं- 'योर गुड नेम?' जोकि 'आपका शुभ नाम?' का शाब्दिक अनुवाद है और कोई अंगरेज़ इस वाक्यांश को नहीं बोलता है। इसपर हमारा एक्सक्लूसिव अधिकार है। जो व्यक्ति अनेक अपराध कर चुका हो और इस सिलसिले में उसका नाम पुलिस में दर्ज हो तो हम उसे 'हिस्ट्री शीटर' कहते हैं। यह वाक्यांश भी देशज है। इंग्लैंड में तो सीरियल किलर को भी 'हिस्ट्री शीटर' नहीं कहा जाता। बचपन में जब हम हॉस्टल के लिए रवाना होते थे तो दादी कहा करती थीं, "बेटा, चिट्ठी डालते रहना।" अब हम आधुनिक हो गये हैं 'चिट्ठी' कहते हुए शर्म आती है, इसलिए खत के लिए ही नहीं बल्कि ई-मेल के लिए भी कहते हैं- 'ड्राप मी ए मेल', जबकि यह वाक्यांश किसी डिक्शनरी में मौजूद नहीं है। जब कोई अपने कॉलेज का पुराना छात्र मिल जाता है तो उससे यह सवाल लाज़मी सा हो जाता है- 'वेन डिड यू पास आउट?' डरें नहीं।

इमेज

कुछ दिन पहले मैं अपने एक ब्रिटिश दोस्त जॉन स्नो, जो मेनचेस्टर, इंग्लैंड का निवासी है, से फोन पर बात कर रहा था। बातों बातों में उसने एक हमारी कॉमन फ्रेंड रश्मि मलिक के बारे में मालूम किया। मैंने उसे बताया कि उसकी चार साल पहले शादी हो चुकी है और वह अब गुरुग्राम में अपने वकील पति के साथ रहती है। जॉन ने यह जानना चाहा कि रश्मि के परिवार में और कौन कौन हैं? मैंने उससे कहा कि अभी तक उसने कोई 'गुड न्यूज़' तो दी नहीं है। 'गुड न्यूज़' वाक्यांश (फ्रेज़) पर वह चौंका, मुझे उसके चौंकने पर आश्चर्य हुआ कि ब्रिटिश होने के बावजूद वह अंग्रेज़ी के साधारण वाक्यांश को भी समझ नहीं पाया है, जबकि भारत में तो इसे वह लोग भी बोलते हैं जो अंग्रेज़ी की ए, बी, सी भी नहीं जानते, लेकिन किसी महिला की गर्भधारण संभावना पर यह सवाल अवश्य करते हैं, "कोई गुड न्यूज़ है क्या?" यानी भारत में 'गुड न्यूज़' का संबंध अखबारी सुर्खी या टीवी की अच्छी खबर से नहीं है बल्कि गर्भधारण से है। लेकिन जॉन की बातों से मुझे यह एहसास हो गया कि यह वाक्यांश इस अर्थ में केवल भारत में बोला जाता है, दुनिया के किसी अन्य देश में नहीं। दिलचस्प यह है कि 'गुड न्यूज़' इकलौता ऐसा वाक्यांश नहीं है जो सिर्फ़ और सिर्फ़ भारत में बोला जाता है। इसके अतिरिक्त, मेरी जानकारी में, 12 अन्य वाक्यांश और आए जो केवल भारत में ही बोले जाते हैं। क्यों? चूंकि 'वी आर लाइक देट ओनली' (हम ऐसे ही हैं)। हैरत तो इस बात पर है कि इन वाक्यांश को हम हिंदी बोलते हुए ऐसे प्रयोग करते हैं जैसे कि यह हिंदी भाषा का ही हिस्सा हों। क्या आपको इनके बारे में मालूम है? नहीं। चलिए मैं आपको याद दिलाता हूं। 'याद दिलाना' इसलिए क्योंकि इनका जिक्र करते ही आपको याद आ जाएगा कि आप भी इनका नियमित इस्तेमाल करते हैं। आपने अपनी बहादुरी का बखान करते हुए कहा, "अस्सी शेर दा पुत्तर है।" आपके दोस्त को मस्ती सूझी और उसने मजाक में कहा, "शेर घर आया था क्या?" तो आप पलटकर कहते हैं, "यार, तुझे हमेशा नॉन-वेज जोक्स ही सूझते रहते हैं।" 'नॉन-वेज जोक' भी ऐसा वाक्यांश है जो केवल भारत में बोला जाता है और वह भी अश्लील या गंदे लतीफों के लिए जो सिर्फ़ बेतकल्लुफ दोस्तों में ही सुनाए जाते हैं और इस वाक्यांश का मांसाहार से कोई संबंध नहीं है। हम भारतीय अपनी बात मनवाने के लिए तर्क व संदर्भ से अधिक कसम का सहारा ज्यादा लेते हैं और वह भी मां की कसम का, विशेषकर गंभीर वायदा करते समय हमारे मुंह से 'मोम स्वेअर' (मां कसम) निकलता है, जबकि ब्रिटेन, कनाडा, अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया आदि अंग्रेजी बोलने वाले मुल्कों में यह वाक्यांश नहीं बोला जाता है। किसी अजनबी से पहली मुलाक़ात के दौरान तीन शब्द एकदम से ज़बान पर आ जाते हैं- 'योर गुड नेम?' जोकि 'आपका शुभ नाम?' का शाब्दिक अनुवाद है और कोई अंगरेज़ इस वाक्यांश को नहीं बोलता है। इसपर हमारा एक्सक्लूसिव अधिकार है। जो व्यक्ति अनेक अपराध कर चुका हो और इस सिलसिले में उसका नाम पुलिस में दर्ज हो तो हम उसे 'हिस्ट्री शीटर' कहते हैं। यह वाक्यांश भी देशज है। इंग्लैंड में तो सीरियल किलर को भी 'हिस्ट्री शीटर' नहीं कहा जाता। बचपन में जब हम हॉस्टल के लिए रवाना होते थे तो दादी कहा करती थीं, "बेटा, चिट्ठी डालते रहना।" अब हम आधुनिक हो गए हैं 'चिट्ठी' कहते हुए शर्म आती है, इसलिए खत के लिए ही नहीं बल्कि ई-मेल के लिए भी कहते हैं- 'ड्राप मी ए मेल', जबकि यह वाक्यांश किसी डिक्शनरी में मौजूद नहीं है। जब कोई अपने कॉलेज का पुराना छात्र मिल जाता है तो उससे यह सवाल लाज़मी सा हो जाता है- 'वेन डिड यू पास आउट?' डरें नहीं। बेहोश होने के लिए 'पास आउट' वाक्यांश अमेरिका, इंग्लैंड के लोग करते हैं, हमारे सवाल का अर्थ तो केवल इतना सा है 'आप स्नातक कब हुए?' मम्मी पापा घर पर नहीं थे। आपने गर्लफ्रेंड को बुला लिया। अचानक पैरेंट्स जल्द लौट आए और आपने गर्लफ्रेंड को पिछले दरवाज़े से निकलने का इशारा करते हुए कहा, "लीव फ्रॉम द बेकसाइड।" किसी अंगरेज़ से यह वाक्यांश कहेंगे तो वह समझेगा कि आप अपने शरीर के पिछले हिस्से की बात कर रहे हैं। नए दोस्त आपके घर आए और आपने किशोर की उम्र पूछी। आपका जवाब- "ही इज़ रनिंग 16।" आप यह बताना चाह रहे हैं कि आपका बेटा 15 साल का हो चुका है और तेज़ी से अपने 16वें जन्मदिन की ओर बढ़ रहा है। उम्र बताने का यह विशिष्ट भारतीय अंदाज़ है। किसी के वापस आ जाने पर अंगरेज़ कहते हैं- "ही रिटर्न्ड।" हम इस वाक्यांश में एक शब्द की वृद्धि करते हुए कहते हैं- "ही रिटर्न्ड बैक।" अरे भाई, हम जानते हैं कि कोई फॉरवर्ड वापस नहीं लौटता है। कोई अपनी बातों से बोर कर रहा है, आप उससे तंग आ चुके हैं और उससे कहना चाहते हैं कि 'मेरा सिर मत खाओ,' लेकिन आपको तो अंग्रेजी बोलने का जुनून है और आप कहते हैं- 'डोंट ईट माय हेड।' यह गुस्सा व्यक्त करने का केवल भारतीय अंदाज़ है।



## गीता सार

श्रद्धावांल्लभते ज्ञानं तत्परः संयतेन्द्रियः।
ज्ञानं लब्ध्वा परां शान्तिम चिरेणाधिगच्छति

-: हिंदी भावार्थ :-

निरंतर प्रयत्न करने वाला, इन्द्रिय संयम करने वाला और श्रद्धा से युक्त मनुष्य ज्ञान को प्राप्त होता है। ज्ञान को प्राप्त होकर वह शीघ्र ही (परम) शान्ति को प्राप्त हो जाता है॥

## पाठक पाती

### लैंगिक समानता और महिलाओं सशक्तिकरण

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस एक महत्वपूर्ण अवसर है जो लैंगिक समानता और महिलाओं के सशक्तिकरण की दिशा में कार्य करने के लिए प्रेरित करता है। इस दिन को मनाने का उद्देश्य महिलाओं के अधिकारों को बढ़ावा देना, उनकी स्थिति में सुधार करना, और उन्हें समाज में समान अवसर प्रदान करना है। आईटीसी का महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम एक उत्कृष्ट उदाहरण है जो महिलाओं के जीवन को बेहतर बनाने के लिए काम कर रहा है। यह कार्यक्रम महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने, उनकी शिक्षा और स्वास्थ्य को बेहतर बनाने, और उन्हें समाज में समान अवसर प्रदान करने के लिए काम कर रहा है। महिला सशक्तिकरण के लिए काम करना एक जटिल और चुनौतीपूर्ण कार्य है, लेकिन इसके परिणाम अत्यधिक सकारात्मक हो सकते हैं।

- सुभाष बुडावन वाला, रतलाम, मप्र

पाठकनामा के लिए आप भी हमें अपने विचार ई-मेल या फैक्स द्वारा भेज सकते हैं।
ई-मेल jagruktimes@gmail.com

## बोले तो...



केंद्र शासित प्रदेश दादरा और नगर हवेली, दमन और दीव एक शिक्षा केंद्र के रूप में उभरे हैं। पहले यह देखकर खुशी होती थी कि यहां हिंदी, मराठी, अंग्रेजी और गुजराती सहित चार भाषाएं पढ़ाई का माध्यम हैं। अब गर्व है कि प्रायमरी और जूनियर स्कूलों में भी बच्चों को स्मार्ट कक्षाओं में शिक्षा मिल रही है।

- नरेंद्र मोदी



बहुजन समाज के हितों को समर्पित सामाजिक संगठनों द्वारा कांग्रेस के एक बड़बोल/बिगड़ैल नेता के बीएसपी पार्टी, मूवमेंट और उसके आयरन लेडी नेतृत्व के विरुद्ध टीका-टिप्पणी करने की निंदा करती हूं।

- मायावती



एक मौके को छोड़ दें तो राहुल के साथ मेरी सीमित सार्थक बात हुई है, प्रियंका के साथ दो बार ही बातचीत करने का मौका मिला है। 10 सालों तक मुझे सोनिया गांधी से निजी रूप से बात करने का मौका नहीं दिया गया।

- मणिशंकर अय्यर

## कुछ अलग | अजब गजब

# एक पौधे से थर-थर कांपते सांप, आसपास भटकने तक की नहीं करते जुर्रत!

जंगलों और ग्रामीण इलाकों में ठंड, गर्मी और बरसात के मौसम में सांपों का खतरा बढ़ जाता है। इस दौरान आदिवासी समाज कुछ खास पौधे लगाता है, जिससे सांपों के घर में घुसने का खतरा कम हो जाता है। अगर सांप घर में प्रवेश कर भी जाए, तो उसे भगाने के लिए पारंपरिक तरकीबें अपनाई जाती हैं।

पलामू जिले के एक आदिवासी से मिली जानकारी के अनुसार घर के बाहर घोड़बच का पौधा लगाने से सांप प्रवेश नहीं करते। यह एक ऐसी प्रजाति का पौधा है, जिसकी गंध सांपों को दूर रखती है। इसे लगाने के बाद यह सांपों के लिए लक्ष्मण रेखा का काम करता है।

अगर गलती से सांप घर में प्रवेश कर जाता है, तो महुआ की डोरी से निकाले गए तेल के खली को जलाने से सांप भाग जाता है। इसके अलावा, तिल के पेड़ की जड़ का उपयोग भी किया जाता है। कई बार मिट्टी के तेल का छिड़काव करके भी सांपों को भगाया जाता है। बताया जाता है कि सांपों से बचाव के लिए जंगल में मिलने वाले ईश्वर मूल नामक पौधे का उपयोग किया जाता है। इसे घर के बाहर लगाने से सांपों का घर में



प्रवेश करने का खतरा काफी कम हो जा ता है। या कहे कि नगण्य हो जाता है।

यही नहीं बताया तो यहां तक जाता है कि सर्पदंश के मामले में भी ईश्वर मूल पौधा बेहद फायदेमंद साबित होता है। इसके पत्तों का रस पीड़ित को पिलाने से दस मिनट में सांप का जहर बेअसर हो सकता है।

**महुआ की खली**

अगर घर में सांप घुस जाए, तो महुआ के डोरी से निकले तेल के खली को जलाने से सांप भाग खड़ा होता है। इसके धुएं की गंध सांप को पसंद नहीं आती, जिससे वह दूर चला जाता है।

**सावधान**

यहां यह भी समझना जरूरी है कि किसी भी पौधे या जड़ी बूटी के सही-सही जानकारी के बिना कभी भी इनका उपयोग नहीं किया जाना चाहिए। क्योंकि जो ज्ञान को आदिवासियों को जन्मजात मिला होता है, वह गुण सभी के पास होना संभव नहीं है।

# आशापुरा कॉलेज ऑफ फॉर्मेसी में 108 फीट का राष्ट्रीय ध्वज फहराया



जागरूक टाइम्स संवाददाता
**नाडोल।** नाडोल के मानसरोवर कॉलोनी के सामने रानी रोड पर मौका बेन धन्नाजी घांची एज्यूकेशन एण्ड हेल्थकेयर सोसायटी की ओर से संचालित निर्माणाधीन आशापुरा कॉलेज ऑफ फार्मेसी में गुरूवार सवेरे 108 फीट राष्ट्रीय ध्वज का लोकार्पण समारोह मुख्य अतिथि एएसपी चैनसिंह महेचा के सानिध्य में आयोजित किया गया। कॉलेज डायरेक्टर डॉ. मुकेश भाटी ने बताया कि एएसपी महेचा की ओर से देसूरी तहसील का पहला कॉलेज जहां 108 फीट राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया।

## स्वागत- सत्कार का भी दौर चला

### कॉलेज में जुलाई से सत्र प्रारंभ होगा

कॉलेज के डायरेक्टर डा. मुकेश भाटी ने बताया कि यह 108 फीट ऊंचा ध्वज एकता, शक्ति और राष्ट्रीय गौरव का प्रतीक है जो अब फॉर्मेसी कॉलेज में लहराता रहेगा। उन्होंने बताया कि आशापुरा कॉलेज ऑफ फॉर्मेसी निर्माणाधीन हैं। अपनी मातृभूमि पर फार्मेसी कॉलेज खोलकर यहां पर अपने क्षेत्र की होनहार ग्रामीण प्रतिभाओ को गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा सुविधा उपलब्ध करवाई जाएगी। जुलाई से डी. फार्मेसी का सेशन शुरू हो जाएगा। इसके साथ ही यहां पर पढने वाले विद्यार्थियों की सुविधा के लिए हॉस्टल भी खोली जाएगी। इसके बाद हायर एजुकेशन की सुविधा भी एक ही जगह पर उपलब्ध करवाई जाएगी।



### मोबाइल में अच्छे कंटेंट भी होते है

*समारोह को संबोधित करते हुए एएसपी महेचा ने कहा कि यह उभरता हुआ व युवाओं का देश हैं। एजुकेशन के बारे में बताते हुए उन्होंने कहा कि मोबाईल में अच्छे व बुरे सभी प्रकार के कंटेट मिलते हैं, इसमें बच्चों को एजुकेशन कंटेंट पर फोक्स करके अपने समय का सदुपयोग करते हुए उच्च शिक्षा की ओर अग्रसर होना है ना कि अन्य कंटेट पर समय खराब कर दिशा भ्रमित होना हैं। उन्होंने बालिका शिक्षा पर भी जोर देते हुए उन्हें भी उच्च शिक्षा ग्रहण करवाने के लिए अभिभावकों को प्रेरित किया। मंच संचालन ओम आचार्य ने किया।*

### यह थे मौजूद

समारोह में अतिथि के रूप में केसूली बांध कमांड क्षेत्र अध्यक्ष किशनसिंह व रानी थानाधिकारी पन्नाराम, खांगड़ी महासभा अध्यक्ष आनंद सोलंकी, रमेश कुमार पाली, घांची समाज प्रगति क्लब संस्थान शिवगंज-सुमेरपुर संयोजक जयंतीलाल परमार, बाबूलाल राठौड़ सहित अन्य अतिथिगण व कालूराम भाटी, हेमराज भाटी सहित सोसायटी के पदाधिकारी मौजूद रहें।

इसके बाद राष्ट्रगान हुआ। इससे पूरे समारोह में देश भक्ति का माहौल बन गया। इसके बाद आशापुरा माता, सरस्वती माता व भारत माता की तस्वीर के समक्ष अतिथियों की ओर से दीप प्रज्वलित कर व पुष्प अर्पित किए गए। सोसायटी के कालूराम भाटी ने बताया कि समारोह में कॉलेज में हाइ मास्ट लाइट व स्कूल वैन का एएसपी महेचा की ओर से उदघाटन किया गया। गेर नृत्य कर कार्यक्रम में समा बांधा। इस दौरान नाडोल क्षेत्र में शिक्षा की अलख जगाने पर घांची समाज नाडोल एवं गुडा अखेराज के समाज के प्रबुद्धजनों द्वारा डायरेक्टर डॉ. मुकेश भाटी का माला व साफा पहनाकर सम्मान किया गया।

## भामाशाहों ने की विद्यालय में सामग्री भेंट

जागरूक टाइम्स संवाददाता
**देसूरी।** आना के अंतर्गत संचालित विद्यालय राजकीय प्राथमिक विद्यालय सारंगवास में भामाशाह रविंद्र सिंह प्रेम सिंह राजपुरोहित सारंगवास की ओर से स्कूल में प्रिंटर मय कंप्यूटर प्रदान किया गया एवं रमेश कुमार पोमाराम चौधरी सारंगवास की ओर से डिजीटल माइक साउंड सिस्टम प्रदान किया गया। राजेंद्र भंडारी द्वारा बच्चों के लिए बैठने के लिए टेबल स्टूल प्रदान करने की घोषणा की गई लक्ष्मण सिंह मोहन सिंह राजपुरोहित सारंगवास की ओर से शीतल ठंडा जल फ्रीज की घोषणा की गई। इस मौके पर आना के पीइओ तुलसाराम बागरेशा प्रेरक के रूप में उपस्थित रहे संस्था प्रधान बिजेंद्र सिह विनोद मेहरा एसएमसी अध्यक्ष सुरेश कुमार मेघवाल, घीसाराम मेघवाल, गिरधारी सिंह राजपुरोहित, हरीश मेघवाल अमराराम चौधरी, पकाराम चौधरी, सोहन मेघवाल, सुरेश मेघवाल कल्याण सिंह शोभावास विकास कुमार एवं समस्त ग्राम वासियों ने सभी भामाशाहों का साफा एवं माला पहनकर स्वागत किया गया।






## स्वास्थ्य जांच शिविर कल, बैठक कर जिम्मेदारियां दी

जागरूक टाइम्स संवाददाता
**फालना।** महावीर इंटरनेशनल की ओर से आयोजित स्वास्थ्य जांच शिविर मुख्य बाजार के चंद्रभोलेश्वर महादेव मंदिर प्रांगण में रविवार को सुबह 6.30 बजे से 9.30 तक शिविर चलेगा। संस्था अध्यक्ष वीर शैलेश बोहरा ने जानकारी देते हुए बताया कि थायरोकेयर मुंबई द्वारा न्यूनतम मूल्य में रक्त के माध्यम से शरीर में भविष्य में आने वाली बीमारियों का पूर्वानुमान किया जाएगा। एवं पुनः 16 मार्च रविवार को रिपोर्ट के साथ निःशुल्क परामर्श प्रातः 10 बजे से लेकर 12 बजे उपस्थित डॉक्टर से परामर्श भी ले सकते है। शिविर में भाग लेने के लिए रजिस्ट्रेशन व कार्यक्रम संयोजक अमित मेहता, संभव जैन, जगदीश सोनी, उमेश शर्मा को संस्था द्वारा अधिकृत किया गया। संस्था के माध्यम से शिविर में अधिक से अधिक संख्या में आमजन को भाग लेने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। संस्था सचिव गिरीश अग्रवाल ने बताया कि बुधवार शाम जैन दादावाड़ी में संस्था की बैठक कर शिविर की व्यवस्था लिए अलग अलग सदस्यों को जिम्मेदारी दी गई। बैठक में अन्य कई विषयों पर सर्वसम्मति से विचार विमर्श कर निर्णय लिए गए। बैठक में अध्यक्ष वीर शैलेश बोहरा, उपाध्यक्ष अमित मेहता, सचिव गिरीश अग्रवाल, कोषाध्यक्ष संजय सिरोया, सह सचिव जगदीश सोनी, संभव जैन सहित संस्था के सदस्यों की उपस्तिथि में शिविर को सफल बनाए जाने के साथ भविष्य में संस्था के द्वारा होने वाले प्रत्येक कार्यों को आगे से आगे बड़ाने का आह्वान किया।

## राशि की वसूली करने के लिए टीमों का किया गठन

जागरूक टाइम्स संवाददाता
**पाली।** जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के अधीनस्थ जल संबंध उपभोक्ताओं के बकाया राशि की वसूली करने के लिए विभाग की ओर से टीमों का गठन किया गया। जलदाय विभाग के सहायक अभियंता ने बताया कि जलदाय विभाग के अधीनस्थ जल संबंध उपभोक्ताओं के बकाया राशि की वसुली करने के लिए विभाग द्वारा टीमें गठित की गई जो बकाया राशि वाले जल संबंध के उपभोक्ताओं के घर-घर जाकर बकाया राशि की वसूली करने की कार्यवाही करेगी तथा जो उपभोक्ता बकाया राशि जमा नहीं करवाएंगे उन उपभोक्ताओं के जल संबंध कटाने की कार्यवाही की जाएगी।

# संस्कार और शिक्षा के साथ अदब का संगम दिखा

## आदर्श विद्या मंदिर वार्षिकोत्सव

जागरूक टाइम्स संवाददाता
**नाडोल।** विद्या भारती की ओर से संचालित आशापुरा आदर्श विद्या मंदिर का वार्षिकोत्सव उत्साह और उमंग के साथ मनाया। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि मुकेश सिंह राजपुरोहित सोनाणा ने की। संघ के जिला प्रचारक नारायण लाल, आदर्श शिक्षण संस्थान बाली के जिला उपाध्यक्ष नथमलमल गांधी, विशिष्ठ अतिथि थे। अमरसिंह राजपुरोहित, पुरणलाल प्रजापति, सुरेश सिंह शिवतलाब, अनूप सोनी सादड़ी, समिति अध्यक्ष खीमराज मालवीय ने माँ शारदा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन किया। मुख्य अतिथि राजपुरोहित ने बताया कि शिक्षा न केवल व्यक्तिगत विकास में मदद करती है बल्कि समाज के निर्माण में भी योगदान देती है। आशापुरा आदर्श विद्या मंदिर जो विद्या भारती से प्रेरित है उसमे संस्कारों से परिपूर्ण शिक्षा ही उज्जवल भविष्य की कुंजी है। यह शिक्षा प्रणाली न केवल ज्ञान का भंडार है। बल्कि यह छात्रों में आत्मविश्वास, नैतिक मूल्यों और समाज के प्रति जिम्मेदारी की भावना को जगाती है। मुख्यवक्ता संघ के जिला प्रचारक नारायणलाल ने बताया कि संस्कार युक्त शिक्षा पर उदबोधन दिया। उन्होंने बताया छात्रों द्वारा प्रस्तुत कार्य' म में भारतीय संस्कृति और विरासत की झलक साफ दिखाई दे रही है कि विद्या भारती संस्कार युक्त शिक्षा प्रदान करने में देश की अग्रणी संस्था है। उन्होंने कहा कि शिक्षा केवल पुस्तकीय ज्ञान तक सीमित नहीं होनी चाहिए। उसमे व्यक्ति के चरित्र निर्माण, नैतिक मूल्यों का विकास और सामाजिक जिम्मेदारी की भावना होना अत्यन्त आवश्यक है। विद्या मंदिर प्रधानाचार्य प्रताप सिंह, माडपुर ने बताया कि वार्षिकोत्सव में सरस्वती वंदना, शारीरिक में आसन, डम्बल्स योग, स्टीक प्रदर्श, भव्य कवि सम्मेलन, लोकमाता अहिल्या बाई होल्कर पर नाटक, संस्कृत सामुहिक गान राजस्थानी नृत्य, अंग्रेजी स्पोकन, लोक नृत्य होली नृत्य, सामूहिक गान आदि की प्रस्तुतियां दी गईं। विद्या मंदिर प्रधानाचार्य माडपुर ने अतिथि परिचय एवं स्वागत कराया, सहव्यवस्थापक मुनेश माटी ने विद्या मंदिर का वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया व प्रबंध समिति के उपाध्यक्ष विजयराज ने सभी अतिथि, प्रशासन प्रबुद्धजन, अभिभावक का आभार व्यक्त किया।



### यह थे मौजूद

जितेन्द्र कुमार सिरवी, धन्नाराम सिरवी, मोहन लाल सिरवी, जीवनदास वैष्ठाव सादडी प्रधानाचार्य मनोहर लाल सोलंकी, दलपतसिंह पीइइओ नाडोल, मोहनलाल मेवाड़ा, रुपाराम सिरवी, लुम्बाराम, लक्ष्मणकुमार त्रिवेदी, हम्मीर सिंह, प्रधुमनसिंह, मुकेशकुमार सवंशा, भूराराम सिरवी,राजेश कुमार वैष्णव, नरपतसिंह, अशोककुमार घावरी, दीपेन्द्रसिंह, रजत घावरी, हितेश प्रजापत, ज्योति कुमावत, सोनिया त्रिवेदी, नरेन्द्रसिंह, आदि के साथ सैकडों अभिभावक उपस्थित थे।

## सीएलजी सदस्यों की बैठक हुई

जागरूक टाइम्स संवाददाता
**फालना।** थाना परिसर में सीएलजी सदस्य, शांति समिति, पुलिस मित्र एवम् व्यापार मंडल की एक संयुक्त बैठक आयोजित हुई। जिसमें आगामी होली,धुलण्डी पर्व और गेर नृत्य मेले को लेकर चर्चा की गई। सीआई विक्रम सिंह सान्दु की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में त्योहारों को शांतिपूर्वक मनाने की बात कही। उन्होंने कहा कि राजस्थान रंगों का त्योहार होली यह जिसको बड़े भाईचारे वह शांति पूर्व से मनाना है। जिससे शहर में शान्ति बनी रहे और और अशांति फैलाने वाले असामाजिक तत्व दिखने पर तुरंत पुलिस को सूचना दें। इस अवसर पर व्यापार मण्डल फालना के अध्यक्ष श्याम सिंह जोधा, समाजसेवी अमित मेहता, सुखसिंह खंगारोत, डूंगरसिंह भाटी, कीकाराम चौधरी, बंसीलाल मालवीय, महेंद्रसिंह सोलंकी, सिंगारसिंह, भोमाराम लुहार, भोपालसिंह सिसोदिया, मोहन चौधरी, राखी चौहान, प्रवीण पटेल, रमेश कुमार, प्रकाश चंद, मदनसिंह, दिनेश सहित कई जने बैठक में उपस्थित रहे।



## आज मनाएंगे महिला दिवस, विभिन्न कार्यक्रम होंगे

जागरूक टाइम्स संवाददाता
**पाली।** जिला प्रशासन एवं महिला अधिकारिता विभाग की ओर से हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस 2025 का आयोजन हर्षोल्लास के शनिवार को मनाया जाएगा। जिला स्तरीय महिला दिवस का आयोजन राजकीय बांगड महाविद्यालय के सभागार में किया जाएगा। महिला अधिकारिता उप निदेशक भागीरथ चौधरी ने बताया कि इस अवसर पर निदेशालय महिला अधिकारिता द्वारा 08 मार्च तक राज्यभर में महिला दिवस सप्ताह आयोजित किया जा रहा है।



जिसमें इस अवधि में ग्राम, ब्लॉक, जिला स्तर पर विभागीय योजनाओं पर कार्यशाला, बेटी बचाओं-बेटी पढाओं योजना, पन्नाधाय सुरक्षा एवं सम्मान केन्द्र, सखी वन स्टोप सेन्टर, महिला सुरक्षा एंव सलाह केन्द्र इत्यादि पर कार्यशाला, आत्मरक्षा प्रशिक्षण, सखी चौपाल, एनिमिया जागरूकता कार्यक्रम, को उद्यम प्रोत्साहन के लिए कार्य' म इत्यादि कार्य' मों, गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें विभागीय योजना पन्नाधाय सुरक्षा एवं सम्मान योजना के अंतर्गत महिला के सशक्तिकरण के क्षेत्र के उत्कृष्ट कार्य करने वाले जिले के विभिन्न व्यक्ति, संस्थाओं एवं महिला बाल विकास कार्मिकों को प्रशस्ति पत्र, दुशाला, मोमेन्टो व नकद राशि प्रदान कर सम्मानित किया जायेगा। इस कार्य' म में बालिकाओं एवं महिलाओं द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतिया दी जायेगी साथ ही जिले की 21 नवजात बालिकाओं का जन्मोत्सव भी मनाया जाएगा।

### निःशुल्क परामर्श शिविर आज

**सुमेरपुर।** जवाई बांध रोड स्थित भगवान महावीर हॉस्पिटल के स्त्री, प्रसुति एवं आईवीएफ विभाग की ओर से अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर द् राजस्थान मेडिकल सोसायटी एंड रिसर्च सेंटर की ओर से गर्भवती महिलाओं के स्वास्थ्य परीक्षण एवं निःसन्तानता से ग्रस्त दम्पतियों के लिए निःशुल्क परामर्श शिविर का आयोजन शनिवार को किया जाएगा। संस्था के मुख्य प्रशासनिक अधिकारी एस.एस. राठौड ने बताया कि इस निःशुल्क शिविर में भगवान महावीर हॉस्पिटल के स्त्री, प्रसूति एवं आई.वी.एफ. विभाग के नियमित विशेषज्ञ डॉ. दिव्या मित्तल एवं डॉ. तन्मय भट्ट अपनी सेवाएं देंगे। शिविर प्रातः 9:30 से मध्याह्न 1:30 बजे तक होगा जिसमें जरुरतमन्द दर्दीयों का आगे का ईलाज रियायती दरों पर एवं राज्य सरकार के स्वास्थ्य विभाग की योजना के तहत निःशुल्क किया जाएगा।

## सुमेरपुर और तखतगढ़ में पेयजल के लिए 45 करोड़ की योजनाएं स्वीकृत

जागरूक टाइम्स संवाददाता
**सुमेरपुर।** बजट घोषणा 2025-26 के अन्तर्गत सुमेरपुर विधानसभा क्षेत्र के सुमेरपुर और तखतगढ़ शहर में पेयजल के लिए करीब 45 करोड़ की योजनाएं स्वीकृत हुई। बजट घोषणा के तहत सुमेरपुर शहर में करीब 25 करोड़ की योजनायें स्वीकृत हुई है जिसके अन्तर्गत शहर में अणगौर इण्डस्ट्रीज क्षेत्र में एक पानी का फिल्टर प्लांट सहित सीडब्ल्युआर, 3 बडी पानी की टंकिया तथा विभिन्न क्षेत्रों में पानी की पाईपलाईन लगवाना प्रस्तावित है। इसके अतिरिक्त तखतगढ़ शहर में भी करीब 20 करोड़ की योजनायें स्वीकृत हुई। जिसके अन्तर्गत तखतगढ़ कस्बे में 7 लाख लीटर की सीडब्ल्युआर सहित पम्प हाउस, 3.5 लाख लीटर की पानी की 2 टंकिया और शहर की विभिन्न क्षेत्रों में पानी की पाईपलाईन लगवाना प्रस्तावित है। गौरतलब है कि सुमेरपुर विधानसभा क्षेत्र के ग्रामीण क्षेत्रों में जल जीवन मिशन योजना के तहत पाईपलाईन और पानी की टंकियों का कार्य अनवरत रूप से चालू है। परन्तु वर्तमान में सुमेरपुर और तखतगढ़ में कई जगह पानी की पाईपलाईन नहीं होने तथा कई पुरानी पाईपलाईन के होने से क्षेत्र में पेयजल की समस्यायें उत्पन्न हो रही है। क्षेत्र में पेयजल सप्लाई नहीं होने के कारण कई बार आम क्षेत्रवासियों ने इसकी मांग करते आ रहे है। इस पर मंत्री कुमावत ने इसके लिए सुमेरपुर और तखतगढ़ दोनों क्षेत्र में पेयजल समस्याओं के समाधान के लिए विभाग से प्रस्ताव बनवाये तथा बजट घोषणा में इन योजनाओं को स्वीकृत करवाया। शहरी क्षेत्र में पेयजल योजना स्वीकृत करवाने पर सुमेरपुर नगरपालिका निवर्तमान अध्यक्ष उषा कंवर, उपाध्यक्ष चतुर्भुज शर्मा, जिला मंत्री पूनमसिंह परमार, सुमेरपुर मंडल अध्यक्ष रविकान्त रावल, तखतगढ़ नगरपालिका अध्यक्ष ललित रांकावत, उपाध्यक्ष एवं मंडल अध्यक्ष मनोज नामा, सांसद प्रतिनिधि अनोपसिंह राठौड़, महेन्द्र माली, देवाराम चौधरी, गणपत सोमपुरा, दिनेश कुमावत, मनीष सोलंकी सहित पार्टी पदाधिकारी, कार्यकर्ता और आम नागरिकों ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और मंत्री कुमावत का धन्यवाद ज्ञापित किया।

## ढालोप में फार्मर रजिस्ट्री शिविर में किसान हो रहे लाभान्वित



जागरूक टाइम्स संवाददाता
**देसूरी।** देसूरी पंचायत समिति की ढालोप ग्राम पंचायत में फार्मर रजिस्ट्री शिविर का आयोजन किया जा रहा है। सरपंच सुखलाल मेघवाल, ग्राम विकास अधिकारी गणेशराम मेघवाल, शिविर प्रभारी भंवरलाल मेघवाल की मौजूदगी में किसानों का फार्मर रजिस्ट्री रजिस्ट्रेशन किया जा रहा है। ग्राम पंचायत में कुल 370 किसानों की अब तक फार्मर रजिस्ट्री आईडी बनाई गई। राज्य सरकार की इस योजना का किसान वर्ग लाभ उठा रहा है। किसानों को मिलने वाली प्रधानमंत्री किसान निधि की राशि फार्मर रजिस्ट्रेशन करने पर ही मिलेगी। फार्मर रजिस्ट्री शिविर में किसानों को रजिस्ट्रेशन कराने पर खरीफ व रबी की फसलों के होने वाले खराबे व नुकसान की भरपाई भी की जा सकेगी। देसूरी पंचायत समिति की चौबीस ग्राम पंचायतों में फार्मर रजिस्ट्री शिविर में किसानों में उत्साह देखा जा रहा है।

## कलर किट का किया वितरण

जागरूक टाइम्स संवाददाता
**बाली।** पुनाड़िया के राजकीय विद्यालय में कला किट वितरण का किया। आयोजन बाली बाली के निकटवर्ती गांव पुनाड़िया के राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय में कला किट वितरण का आयोजन किया गया। कक्षा 1 से 5 तक पढ़ने वाले सभी बच्चो को तीन पेन्सिल, दो रबर, एक शार्पनर व कलर सेट का वितरण किया गया। बच्चो के शैक्षणिक स्तर को अभिभावकों के साथ साझा किया गया। अभिभावकों द्वारा सरकार के प्रयासों की सराहना की गई।



## पोस्टर व प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने बढ़चढ़ कर भाग लिया

जागरूक टाइम्स संवाददाता
**सुमेरपुर।** राष्ट्रीय सुरक्षा सप्ताह के तहत शुक्रवार को बिरामी राजकीय माध्यमिक विद्यालय में पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यार्थियों ने बढ़चढ़ कर भाग लिया। पोस्टर प्रतियोगिता की थीम सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा से संबंधित पोस्टर बनाए। रूट ऑपरेशन मैनेजर मूलचंद खीची ने सड़क सुरक्षा और उसके महत्व की जानकारी दी। बच्चों के लिए प्रश्नोत्तरी कार्य' म किया गया और पोस्टर प्रतियोगिता और प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कार दिया गया। जिसमें प्रथम स्थान महेश कुमावत, दूसरा स्थान तनवीर कुमावत व तीसरे स्थान पर मनोहर रहा। इस अवसर पर प्राचार्य प्यारेलाल, अध्यापक जगदीश, महेंद्र सिंह, सुरक्षा पर्यवेक्षक आर्यन सिंह, आरपीओ प्रकाश कुमार, शोभाराम, सुमेरसिंह आदि उपस्थित थे।



## मातृशक्ति सम्मान समारोह में 31 मातृशक्तियों का सम्मान




जागरूक टाइम्स संवाददाता
**सुमेरपुर।** मानवाधिकार सुरक्षा संगठन भारत इकाई निंबाहेड़ा जिला चित्तौड़गढ़ की ओर से महिला दिवस के उपलक्ष्य में मातृशक्ति सम्मान समारोह में 31 मातृशक्तियों का सम्मान किया गया। कार्य' म में मुख्य अतिथि पूर्व विधायक अशोक नवलखा, अति विशिष्ट अतिथि प्रदेश अध्यक्ष पंकज राज मेवाड़ा, जिला लोकपाल डॉ. प्रतिभा तिवारी और डॉ. जे एम जैन उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष रेखा पारख ने की, जबकि संभाग उपाध्यक्ष मनीषा मोदी और तहसील अध्यक्ष शिखा जैन भी मंचासीन रहीं। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। इसके बाद शिल्पा चौरड़िया, अनीता पगारिया, मैना भड़कत्या और शिखा जैन ने स्वागत गीत प्रस्तुत किया। अतिथियों का परिचय पंकज कुमार झा ने कराया। उन्हें उपरना, पगड़ी, मोमेंटो और पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया गया। प्रदेश अध्यक्ष मेवाड़ा ने संगठन द्वारा किए गए कार्यक्रमों की जानकारी दी और कहा मानवाधिकार सुरक्षा संगठन हमेशा हर पीड़ित, वंचित और शोषित के साथ मजबूती से खड़ा है। हम पीड़ितों को न्याय दिलाने के साथ-साथ गरीब और शोषितों को हर संभव मदद भी प्रदान करते हैं। मुख्य अतिथि अशोक नवलखा ने कहा कि मानवाधिकार सुरक्षा संगठन ने हमेशा मानव अधिकारों के लिए संघर्ष किया है और हमारी सरकार भी इस दिशा में कृत संकल्पित है। संगठन के कार्यकर्ताओं को हर संभव मदद दी जाएगी। डॉ. प्रतिभा तिवारी ने कहा नारी कभी भी अबला नहीं रही है। वह हर परिस्थिति में आत्मविश्वास के साथ समाज का सामना करती है। उन्होंने महिला दिवस के उपलक्ष्य में मातृशक्तियों को सम्मानित करने के लिए मानवाधिकार सुरक्षा संगठन की सराहना की।

### महिला शक्ति का बहुमान किया

संगठन द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को सम्मानित किया गया, जिनमें सीबीएसई कक्षा 10 की टॉपर तुलसी काबरा, 12वीं विज्ञान में शैली जैन, कला में तन्वी वैष्णव, खेल में संजना अहीर, पुलिस सेवा में सोनू मेहता और राजबाला शर्मा, चिकित्सा सेवा में कुंजुमोल जेकब, समाजसेवा में स्नेहा तोशनीवाल और एकता सोनी का बहुमान किया। इस अवसर पर कवि सुजीत कुमार, डॉ. बालमुकुंद भट्ट सागर और शेर सिंह पारख ने मातृशक्ति को समर्पित कविता प्रस्तुत कर माहौल को काव्यमय बनाया। योग गुरु अनुषा कुमावत के मार्गदर्शन में कशिश कुमावत, नेहल और शैलजा ने योग और तलवारबाजी का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। कार्य' म का संचालन पंकज कुमार झा और मोना अग्रवाल ने किया जबकि आभार प्रदर्शन मनीषा मोदी ने किया। इस अवसर पर नगर के कई गणमान्य नागरिक भी उपस्थित रहे।

# एडीजी बिनीता ठाकुर ने किया वार्षिक निरीक्षण



▪ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**▸▸ जोधपुर में मादक पदार्थ तस्करी नेटवर्क तोड़ने को लेकर भी हुई चर्चा**



**जोधपुर।** पुलिस कमिश्नरेट जोधपुर का वार्षिक निरीक्षण करने के लिए एडीजी ( हाउसिंग) विनीता ठाकुर जोधपुर दौरे पर है। इस दौरान शुक्रवार को उन्होंने पुलिस लाइन सभागार में क्राइम मीटिंग भी की। उन्होंने बैठक में जोधपुर में बढ़ रही मादक पदार्थ तस्करी को रोकने, उसके लिए पुलिस की ओर से क्या योजना बनाई जाए इसको लेकर चर्चा की। इसके अलावा पुलिस मुख्यालय की ओर से किए जा रहे नए बदलाव आदि पर भी चर्चा की। जानकारी देते हुए एडीजी विनीता ठाकुर ने बताया कि इस मीटिंग में पूरे साल भर में क्राइम का क्या आंकड़ा रहा और क्या नए बदलाव किए गए उसको लेकर चर्चा की गई। सभी अधिकारियों को पुलिस मुख्यालय के जो भी निर्देश हैं उसके बारे में बताया गया। खासतौर पर जोधपुर में तस्करी को रोकथाम को लेकर चर्चा की गई। उन्होंने बताया कि यहां पर बीट में जाकर अधिकारी लोगों से बात कर रहे हैं। मादक पदार्थ तस्करी रोकने के लिए यहां की पुलिस की ओर से क्या बदलाव किए गए इसको लेकर चर्चा हुई। इसके साथ ही नए आपराधिक कानून को लेकर पुलिसकर्मियों को दी जा रही ट्रेनिंग, सीसीटीएनएस आदि को लेकर भी चर्चा हुई। इस दौरान उनके साथ पुलिस कमिश्नर राजेंद्र सिंह, डीसीपी ईस्ट आलोक श्रीवास्तव, डीसीपी वेस्ट राजर्षि राज, एडीसीपी नाजिम अली, वीरेंद्र सिंह, लाभूराम, सुनील पंवार, एसीपी रविन्द्र बोथरा सहित पुलिस अधिकारी मौजूद रहे। बता दें कि जोधपुर इन दिनों मादक पदार्थ तस्करी का हब बनता नजर आ रहा है। यहां पूर्व में अफीम, डोडा, गांजे की कई बड़ी खेप अलग अलग एजेंसियों के मार्फत पकड़ी जा चुकी है। खासतौर पर स्कूल, कॉलेज के स्टूडेंट्स नशा तस्करों के निशाने पर है। नशा तस्करी के नेटवर्क को तोड़ने के लिए पुलिस की ओर से अलग अलग अभियान भी चलाए जा रहे हैं।

## दुकान पर नाबालिग संग दरिंदगी

▪ मजदूरी के पैसे मांगने पर की मारपीट

**जोधपुर।** मिठाई की दुकान पर काम करने वाले युवक के साथ प्रताड़ना का मामला सामने आया है। इसको लेकर परिजनों ने वेस्ट के थाने में मामला दर्ज करवाया है। थाने में दी रिपोर्ट में परिजनों ने सांगरिया फांटा स्थित एक मिठाई दुकान संचालक के खिलाफ उनके नाबालिग बेटे के साथ प्रताड़ना का आरोप लगायागया हैं।

आरोप है कि दुकान संचालक उनके बेटे को दुकान पर बर्तन धोने का काम करवाने के लिए गांव से लेकर गए थे। 17 फरवरी को मजदूरी के बकाया पैसे मांगने पर दुकान संचालकों ने उनके बेटे के साथ मारपीट की। उसके बाद उसे रात को दुकान के गोदाम से रवाना कर दिया। जब उनका बेटा 12वीं रोड चौराहे के पास पहुंचा तो दुकान संचालक कार लेकर पहुंचे। उसके बेटे को कार में डालकर वापस गोदाम तक लेकर आए और यहां पर उसके साथ मारपीट की।

# जैसलमेर : राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी आयोग की उपाध्यक्ष ने ली बैठक

▪ जागरूक टाइम्स संवाददाता



**जैसलमेर।** राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी आयोग की उपाध्यक्ष अंजना पंवार की अध्यक्षता में नगरपरिषद सभागार में जिला स्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित हुई। बैठक के दौरान उपाध्यक्ष पंवार ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सफाई कर्मचारी वर्ग के प्रति संवेदनशील है, उनके कल्याण और सामाजिक समावेशन के लिए निरंतर कार्य कर रहे हैं। अंजना पंवार ने कहा- स्वच्छ भारत मिशन को लक्ष्य तक पहुंचाने एवं कोरोना महामारी में कोरोना वॉरियर्स के रूप सफाई कर्मचारियों ने पूरी निष्ठा के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन किया हैं। सफाई कर्मचारियों के अधिकारों की रक्षा करना और उनके जीवन स्तर को बेहतर बनाना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। इस मौके पर एडीएम परसाराम, कमिश्नर लजपाल सिंह समेत सभी विभागों के अधिकारी व नगरपरिषद की टीम के साथ बड़ी संख्या में सफाई

### कम्युनिटी सेंटर एवं लाइब्रेरी निर्माण के निर्देश दिए

नगरपरिषद सभागार में आयोजित हुई बैठक में अंजना पंवार ने नगर परिषद के अधिकारियों को जनसंख्या एवं क्षेत्रफल के अनुरूप विभाग से नए सफाई कर्मचारी लगाने, सफाई के लिए सुरक्षा उपकरण उपलब्ध कराने, सफाई कर्मचारियों के आईडी कार्ड बनाने, मौसम के अनुसार ड्रेस कोड उपलब्ध करवाने एवं स्वास्थ्य परीक्षण के निर्देश दिए। उन्होंने वाल्मीकि समाज के लिए कम्युनिटी सेंटर एवं लाइब्रेरी निर्माण करने के निर्देश दिए।



### कर्मचारियों की समस्याओं पर नियमित सुनवाई

उपाध्यक्ष अंजना पंवार ने कहा नागरीय निकाय सफाई कर्मचारियों की समस्याओं पर नियमित सुनवाई करें। उन्होंने कहा सीवर एवं गंदे नालों की सफाई मशीनों से करवाई जाए, जिससे किसी प्रकार जनहानि न हो। उन्होंने नगर परिषद के प्रत्येक जोन में उपस्थिति एवं कार्मिकों के विश्राम के लिए दो कक्ष का चेजिंग रूम बनाने के निर्देश दिए। ऋण उपलब्ध करवाने और स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध करवाने के लिए निर्देश दिए।

## कार सहित छह लाख रुपए चोरी करने वाला ड्राइवर गिरफ्तार

**उदयपुर।** उदयपुर की सुखेर थाना पुलिस ने छह लाख रुपए कैश चोरी कर भागने वाले कार चालक को गिरफ्तार किया है। आरोपी से कार और रुपए बदामद किए हैं। थानाधिकारी रविन्द्र सिंह ने बताया कि आरोपी जयकिशन पुत्र लक्ष्मण सिंह निवासी गांगरसोली निवासी कुम्हेर डीग को गिरफ्तार किया। आरोपी से कार सहित चोरी किए छह लाख रुपए बरामद किए हैं । प्रार्थी अंकित भार्गव ने मामले की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। जिसमें बताया कि वह इवेंट मैनेजमेंट का काम करता है। 26 फरवरी को आईटीसी होटल में एक इवेंट के काम से उसने मयंक करणपुरिया के माध्यम से एक इनोवा गाडी बुक करी थी। उस गाडी का ड्राइवर जयकिशन था। जो दोपहर 12:30 बजे उसके निवास पर आया और उसका सामान, एक लेपटॉप बैग लेकर निकला था। बैग में छह लाख रुपए नकद थे। प्रार्थी ने पार्किंग में गाडी लगाई और उसमें सामान और लेपटॉप बैग रखकर होटल के अंदर गया। शाम करीब आठ बजे वह काम करके बाहर आया और पेमेंट करने के लिए बैग खोला तो नकद रुपए गायब थे। पीड़ित ने तुरंत मयंक को फोन कर घटना के बारे में बताया। ड्राइवर से बात करने और पूछताछ करने पर वो आनाकानी करने लगा।

## आठ की जगह अब 10 मार्च को होगा जैसलमेर बंद

▪ जागरूक टाइम्स संवाददाता

▪ राजस्थान ट्री प्रोटेक्शन एक्ट की मांग को लेकर 9 को निकालेंगे मशाल जुलूस

**जैसलमेर।** विश्नोई समाज और अन्य 36 कौम ने अब आठ मार्च की जगह 10 मार्च को जैसलमेर बंद का आह्वान किया है। दरअसल, जिले में होने वाली राज्यपाल की यात्रा को देखते हुए जैसलमेर बंद की तारीख को बदला गया। पर्यावरण संघर्ष समिति खेजड़ला, के संयोजक रामगोपाल विश्नोई ने बताया कि नौ मार्च को शाम को सात बजे मशाल जुलूस निकालेंगे। सरकार से राज्य वृक्ष के संरक्षण और राजस्थान ट्री प्रोटेक्शन एक्ट की मांग को लेकर 10 मार्च को बंद का आह्वान किया गया है। जैसलमेर में 10 मार्च को दोपहर दो बजे तक बंद का आह्वान किया गया है। संयोजक रामगोपाल विश्नोई ने बताया- 18 जुलाई 2024 से नोखा दईया खेजडलाकी रोही में धरना चल रहा है। पिछले दिनों बीकानेर, जोधपुर, गंगानगर, सांचोर, बाड़मेर वहां की जनता सफल बंद करवा चुकी है।



### पेड़ों की कटाई का हो रहा विरोध

रामगोपाल विश्नोई ने बताया कि तापमान में वृद्धि से क्लाइमेंट चेंज आज विश्व पर्यावरण की सबसे बड़ी समस्या के रूप में उभरकर सामने आई है। देश व प्रदेश की सरकार भी "एक पेड़ मां के नाम " से अभियान चला रही है। प्रदूषण की वजह से तापमान में अत्यधिक वृद्धि हो रही है। गोचर व देवी देवताओं के नाम पर संरक्षित अभ्यारण (ओरण) के भी बहुत बुरे हाल हैं। सरकार से राज्य वृक्ष के संरक्षण तथा राजस्थान ट्री प्रोटेक्शन एक्ट की मांग को लेकर 18 जुलाई 2024 से नोखा दईया खेजडलाकी रोही में धरना चल रहा है।

## आठ महीने से फरार आरोपी को मथुरा से किया गिरफ्तार



**बाड़मेर।** बालोतरा जिले की कल्याणपुर पुलिस ने अमानत में खयानत करने वाले आरोपी को आठ माह बाद मथुरा से गिरफ्तार किया है। वांटेड दो हजार रुपए का इनामी है। फिलहाल पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है। आरोपी ने प्लांट में से टैंकर में से डामर को बेचकर मालिक के साथ धोखा किया था। पुलिस के अनुसार एक अगस्त 2024 को मुकेश उर्फ चतुरसिंह ने गांव सीतली में लगे क्रेशर हॉट मिक्स प्लांट में खड़े किए गए टैंकर में से तारकोल (डामर) को दूसरे टैंकर में डालकर आगे बेचकर अमानत में खयानत की। पुलिस ने रिपोर्ट पर बीएनएस की धाराओं में मामला कल्याणपुर थाने में दर्ज किया गया। पुलिस ने आरोपी मुकेश उर्फ चतुरसिंह निवासी शेरखा पुलिस थाना फरह जिला मथुरा यूपी का होने से पुलिस टीम बनाई गई। आरोपी को पकड़ने के लिए टीम पहले मथुरा भेजी गई। लेकिन आरोपी भागने में सफल हो गया। इस पर पुलिस टीमें लगातार तलाश की गई। आरोपी पुलिस की गिरफ्तारी के भय से अलग-अलग ठिकाने बदल रहा था। आरोपी की गिरफ्तारी के लिए पुलिस ने दो हजार रुपए का इनाम भी घोषित किया गया। थानाधिकारी बुद्धाराम ने बताया- तकनीकी और सूचना के आधार पर आरोपी की गिरफ्तारी के लिए टीम को मथुरा भेजा गया। पुलिस टीम ने सूझबूझ से चार मार्च को वांटेड आरोपी मुकेश उर्फ चतुरसिंह को रिफाइनरी गेट संख्या 10 मथुरा से डिटेन किया गया।

## राज्यपाल हरिभाऊ बागडे दो दिवसीय दौरे पर जैसलमेर पहुंचे

**▸▸ बॉर्डर दौरे के साथ अधिकारियों की लेंगे बैठक**



▪ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**जैसलमेर।** राजस्थान के राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े अपने दो दिवसीय दौरे पर शुक्रवार को जैसलमेर पहुंचे। राज्यपाल बागड़े को एयरपोर्ट पर आरएसी की तृतीय टुकड़ी के कंपनी कमांडर भंवर सिंह के नेतृत्व में 51 दल की टुकड़ी द्वारा गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। सिविल एयरपोर्ट पर जिला कलेक्टर प्रताप सिंह, एसपी सुधीर चौधरी, एडीएम परसा राम, पशुपालन विभाग के संयुक्त निदेशक डा. उमेश कुमार सहित अन्य अधिकारियों ने उनकी अगवानी की। अपने दो दिवसीय जैसलमेर दौरे के दौरान राज्यपाल बागड़े भारत-पाक बॉर्डर का दौरा करेंगे और जवानों से मुलाकात करेंगे। इसके साथ ही तनोट माता मंदिर में पूजा अर्चना के बाद वे अधिकारियों की बैठक भी लेंगे।

### एयरपोर्ट से सीधे बॉर्डर निकले राज्यपाल

राजस्थान के राज्यपाल हरिभाऊ बगाड़े एयरपोर्ट से सीधे सीमावर्ती तनोट माता मंदिर के लिए रवाना हुए। वे मंदिर में पूजा अर्चना करेंगे। राज्यपाल बागड़े सीमा सुरक्षा बल की सीमा चौकी का भी दौरा कर जवानों से मुलाकात कर उनकी हौसला अफजाई करेंगे। राज्यपाल सीमावर्ती गांवों के लोगों से भी मिलेंगे। शुक्रवार शाम करीब चार बजे वे कलेक्ट्रेट सभागार में अधिकारियों की बैठक लेंगे। शुक्रवार रात्रि विश्राम जैसलमेर में करने के बाद राज्यपाल आठ मार्च को सड़क मार्ग से पोकरण के लिए रवाना होंगे। उनका पोकरण में परमाणु शक्ति परीक्षण स्थल का दौरा किए जाने की संभावना जताई गई है। साथ ही राज्यपाल रामदेवरा में लोक देवता बाबा रामदेव की समाधि के दर्शन करने भी जाएंगे।

## मोबाइल शॉप पर चोरी करने वाले दो बदमाश पकड़े

**▸▸ खिड़की तोड़कर गल्ले से नगदी लेकर भागे थे**
**▸▸ एक आरोपी पर नौ मामले दर्ज**

**उदयपुर।** उदयपुर की गोवर्धन विलास थाना पुलिस ने चोरी करने वाले दो आरोपियों को शुक्रवार को गिरफ्तार किया है। आरोपी भावेश लौहार (21) पुत्र जगदीश लौहार निवासी कुराबड़ और मनीष पटेल (21) पुत्र हरजी निवासी खेरोदा को गिरफ्तार किया है। आरोपी भावेश लौहार के खिलाफ मारपीट, चोरी और नकबजनी के पूर्व में नौ मामले दर्ज हैं। थानाधिकारी दिलीप सिंह झाला ने बताया- अरुण जैन पुत्र छगनलाल ने 23 फरवरी को थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। रिपोर्ट में बताया कि उसकी सेक्टर-14 स्थित मुख्य रोड पर स्मार्ट मोबाइल शॉप के नाम से मोबाइल शॉप है, जहां रात के समय उसकी दुकान में चोरी हो गई थी। आरोपी दुकान के पीछे का जंगला तोड़कर गल्ले से नगदी और पुराने मोबाइल चोरी करके फरार हो गए। इधर, पुलिस ने आस-पास लगे सीसीटीवी के आधार पर आरोपियों की पहचान करते हुए उन्हें गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने दोनों आरोपियों को कोर्ट में पेश किया, जहां से उन्हें रिमांड पर भेजा गया। पुलिस रिमांड के दौरान इनसे मोबाइल और नकदी बरामद करेगी।



# व्यापार जगत

## कहीं आप भी तो नहीं फंस रहे आसान होम लोन EMI स्कीम में



**नई दिल्ली।** भारत में बहुत से लोगों का सपना होता है अपना मकान खरीदना। लेकिन ये जीवन की सबसे महंगी खरीदारी में से एक है। इसलिए बचत और कर्ज के बीच हमेशा एक खींचतान रहती है। मकान खरीदने के लिए अच्छी-खासी रकम जमा करने में समय लगता है। ऐसे में ज्यादातर लोग होम लोन लेकर घर का सपना पूरा करने लग जाते हैं। लेकिन यही होम लोन काफी लोगों के लिए बुरा सपना बन गया है। दरअसल, काफी लोग समय रहते अपना मकान नहीं खरीद पाते। जैसे-जैसे समय गुजरता है, उनके अंदर अपना मकान लेने की बैचेनी होने लगती है। उन्हें होम लोन दिखाई देता है तो आसानी से मिल जाता है। बिल्डर और रियल एस्टेट डेवलपर ग्राहकों की इसी बेचैनी का फायदा उठाते हैं। वे ऐसे ऑफर देते हैं जिससे मकान खरीदने वालों को लगता है कि वे आसानी से अपना सपना पूरा कर सकते हैं। यहीं पर ऐसे ग्राहक फंस जाते हैं। दिल्ली एनसीआर के कई घर खरीदारों के साथ भी ऐसा ही हुआ। उन्हें बिल्डर द्वारा दिए गए ईएमआई सबवेंशन प्लान का लालच दिया गया। रिपोर्ट के अनुसार साल 2015 में मनीष मिनोचा को सबवेंशन प्लान के तहत मकान खरीदना एक सुरक्षित सौदा लगा।

उन्हें तीन साल में सुपरटेक हिलटाउन में एक 2BHK अपार्टमेंट मिलना था। कब्जे के बाद ही उन्हें ईएमआई देना शुरू करना था। अब 2025 हो गया है लेकिन अभी तक उन्हें मकान नहीं मिला है। मिनोचा को अब पहले से कहीं ज्यादा ईएमआई देनी पड़ रही है। 44 वर्षीय एमएनसी एक्जीक्यूटिव ने मिनोचा बताया, 'मैंने डेवलपर को 10 लाख रुपए पहले ही दे दिए थे। मुझे आश्वासन दिया गया था कि कब्जे के समय तक मुझे और कुछ नहीं देना होगा। लेकिन हकीकत बिल्कुल अलग निकली।'

### क्या है ईएमआई सबवेंशन प्लान ?

यह एक ऐसा प्लान था जो तीन साल में डिलीवरी का वादा करता था। छह महीने की छूट भी मिलती थी। कब्जे तक कोई ईएमआई नहीं देनी होती थी। डेवलपर खुद लोन लेता था और कब्जे तक ब्याज के हिस्से पर बैंक को प्री-ईएमआई देता था। कब्जे के बाद खरीदार को नियमित ईएमआई देनी शुरू करनी होती थी। यह एक अच्छा सौदा लग रहा था। लेकिन शायद ही कोई प्रोजेक्ट तय समय पर पूरा हुआ हो। बिल्डरों ने बैंकों को पेमेंट करना बंद कर दिया। बैंक खरीदारों के पीछे पड़ गए।

## मामूली गिरावट के साथ 74,332 पर बंद सेंसेक्स

**▸▸ निफ्टी सात अंक चढ़कर 22,552 पर पहुंचा**

**मुंबई।** हफ्ते के आखिरी कारोबारी दिन शुक्रवार सात मार्च को सेंसेक्स सात अंक गिरकर 74,332 के स्तर पर बंद हुआ। निफ्टी में सात अंक की तेजी रही, ये 22,552 पर बंद हुआ। सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 11 में तेजी और 19 में गिरावट रही। रिलायंस में 3%, टाटा मोटर्स में 1.28% और नेस्ले इंडिया के शेयर में 0.92% की तेजी रही। इंडसइंड बैंक में 3.71%, जोमैटो में 3.64% और एनटीपीसी में 2.29% की गिरावट रही। एनएसई के सेक्टोरल इंडाइसेज में निफ्टी मीडिया में 1.83%, ऑयल एंड गैस में 0.55% और निफ्टी ऑटो में 0.24% की तेजी रही जबकि निफ्टी आईटी में 0.85%, निफ्टी रियल्टी में 1.19% और निफ्टी कंज्यूमर ड्यूरेबल्स में 1.02% की गिरावट है। इंफोसिस, जोमैटो और एनटीपीसी ने बजार को नीचे खींचा। वहीं, रिलायंस, कोटक महिंद्रा बैंक और टाटा मोटर्स ने बाजार को ऊपर ले जाने की कोशिश की। एशियाई बाजारों में जापान के निक्केई में 2.17%, हॉन्गकॉन्ग के हैंगसेंग इंडेक्स में 0.57% और चीन के शंघाई कम्पोजिट में 0.25% की गिरावट के साथ बंद हुए। छह मार्च को विदेशी निवेशकों ने 2,377.32 करोड़ रुपए के शेयर बेचे। इस दौरान घरेलू निवेशकों ने 1,617.80 करोड़ रुपए के शेयर खरीदे। छह मार्च को अमेरिका का डाओ जोंस 0.99% गिरकर 42,579 के स्तर पर बंद हुआ। एसएंडपी 500 में 1.78% और नैस्डेक कंपोजिट में 2.61% की गिरावट रही। हफ्ते के चौथे कारोबारी दिन यानी गुरुवार (छह मार्च) को सेंसेक्स 609 अंक चढ़कर 74,340 के स्तर पर बंद हुआ। निफ्टी 207 अंकों की तेजी के साथ 22,544 के स्तर पर बंद हुआ। मेटल, फार्मा और ऑयल एंड गैस के शेयर सबसे ज्यादा चढ़े। निफ्टी मेटल और ऑयल एंड गैस इंडेक्स करीब 2.5% ऊपर रहे। फार्मा और एफएमसीजी इंडेक्स करीब 1.50% ऊपर रहा। ऑटो और मीडिया इंडेक्स करीब 1% ऊपर बंद हुआ। एशियन पेंट, रिलायंस और एनटीपीसी सेंसेक्स के टॉप गेनर्स रहे।




## आप का राशिफल 8 मार्च

**मेष** (चू चे चो ला ली लू ले लो आ): कहीं रुका हुआ पैसा वसूलने में मदद मिल जाएगी। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सबेरे निपटा लें। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। शुभांक-3-6-8

**वृष** (इ उ ए ओ वा वी वू वे वो): व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। बुरी संगति से बचें। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। पत्नी व संतान पक्ष से थोड़ी चिंता रहेगी। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना। मित्रों से सावधानी रखें तो ज्यादा उत्तम है। शुभांक-4-5-6

**मिथुन** (का की कू घ ड छ के को हा): शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। संतान पक्ष की समस्या समाप्त होगी। पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। खान-पान में सावधानी रखें। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। शुभांक-2-4-5

**कर्क** (ही हू हे हो डा डी डू डे डो): रुपए पैसों की सुविधा नहीं मिल पाएगी। कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा। यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। मेहमानों का आगमन होगा। शुभांक-3-6-9

**सिंह** (मा मी मू मे मो टा टी टू टे): समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। यात्रा शुभ रहेगी। अपने काम को प्राथमिकता से करें। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे है। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते है। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। शुभांक-2-4-6

**कन्या** (टो पा पी पू ष ण ठ पे पो): महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे है। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा। शुभांक-7-8-9

**तुला** (रा री रु रे रो ता ती तू ते): धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। निर्मूल शंकाओं के कारण मनस्ताप भी पैदा हो सकते है। लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। बुद्धितत्व की सक्रियता से अल्प लाभ का हर्ष होगा। कुछ महत्वपूर्ण कार्य बनाने के लिए भाग-दौड़ रहेगी। सुखद समय की अनुभूतियां प्रबल होंगी। शुभांक-6-8-9

**वृश्चिक** (तो ना नी नू ने नो य यी यू): घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। बढ़ते घाटे से कुछ राहत मिलने लगेगी। दवा-दारू में ज्यादा खर्च होगा। हाथ में आने वाला धन भी किसी अवरोध का शिकार हो जाएगा। व्यापार में स्थिति उत्तम रहेगी। धार्मिक स्थलों की यात्रा का योग है। शुभांक-5-6-9

**धनु** (ये यो भा भी भू धा फा ढा भे): चापलूस मित्रों से सावधानी रखें तो ज्यादा उत्तम है। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। संतोष रखने से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी। शैक्षणिक क्षेत्र में उदासीनता रहेगी। सब्र का फल मीठा होता है अत:धैर्य रखें व अच्छे समय इन्तजार करें। शुभांक-5-7-8

**मकर** (भो जा जी खी खू खे खो गा गी): थोड़े प्रयास से कार्य सिद्ध होंगे। घर-परिवार में मांगलिक कार्य सम्पन्न होने से वातावरण आनन्द देने वाला बना रहेगा। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। सुबह-सुबह की महत्त्वपूर्ण सिद्धि के बाद दिन-भर उत्साह बना रहेगा। किये गए कार्यों का प्रतिफल मिलेगा। शुभांक-4-6-7

**कुंभ** (गू गे गो सा सी सू से सो दा): कुछ प्रतिकूल गोचर का क्षोभ दिन-भर रहेगा। दिन-भर का माहौल आडंबरपूर्ण और व्ययकारी होगा। वरिष्ठ लोगों से कहासुनी वातावरण में तनाव पैदा करेंगे। संयमित भाषा का इस्तेमाल करें। आवेग में आकर किये गए कार्यों का म्लान, अवसाद रहेगा। जरा-सी लापरवाही आपको परेशानी में डाल सकती हैं। शुभांक-3-5-7

**मीन** (दी दू थ झ ञ दे दो चा ची): प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। कई प्रकार के हर्ष उल्लास के बीच अप्रत्याशित लाभ होंगे। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। शुभांक-2-4-6

## अमेरिका ने क्रिप्टो का स्ट्रैटेजिक रिजर्व बनाया



**वॉशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने बिटकॉइन और अन्य डिजिटल ऐसेट का स्ट्रैटेजिक रिजर्व बनाने के लिए एग्जीक्यूटिव ऑर्डर साइन किया है। इससे अमेरिका दुनिया के उन कुछ देशों में से एक बन गया है, जिसने ब्लॉकचेन एसेट्स का राष्ट्रीय भंडार बनाया है। व्हाइट हाउस के क्रिप्टो ज़ार डेविड सैक्स ने कहा कि रिजर्व में क्रिमिनल या सिविल प्रोसीडिंग्स के हिस्से के रूप में जब्त की गई क्रिप्टोकरेंसी रखी जाएगी। रिजर्व में जमा किसी भी बिटकॉइन को अमेरिका नहीं बेचेगा। इसे एक एसेट के रूप में रखेगा। यानी, अमेरिकी सरकार स्ट्रैटेजिक रिजर्व को फंड करने के लिए टैक्सपेयर्स के पैसे का उपयोग नहीं करेगी। डेविड के इस बयान के बाद शुक्रवार को बिटकॉइन की कीमतों में करीब 5% की गिरावट आई। हालांकि अब ये 2% नीचे 76.88 लाख पर है। शुक्रवार को जब राष्ट्रपति व्हाइट हाउस में पहली क्रिप्टो समिट होस्ट करेंगे, तब इसे लेकर आगे की जानकारी मिलने की उम्मीद है। ट्रम्प ने चार साल पहले कहा था कि बिटकॉइन "एक स्कैम जैसा लगता है" लेकिन अब अमेरिका को "दुनिया की क्रिप्टो कैपिटल" बनाने की योजना बना रहे हैं। कुछ देश गवर्नमेंट होल्डिंग्स में डायवर्सिफिकेशन लाने और नेशनल एसेट के स्ट्रैटेजिक रिजर्व भी रखते हैं। अमेरिका पेट्रोलियम रिजर्व रखता है।

## रॉकेट बना अनिल अंबानी की कंपनी का शेयर



**मुंबई।** निल अंबानी की कंपनी रिलायंस इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड के शेयर लगातार फोकस में हैं। कंपनी के शेयर शुक्रवार को कारोबार के दौरान 5% तक चढ़कर 247.40 रुपए के इंट्रा डे हाई पर पहुंच गए थे। इस कीमत पर यह शेयर केवल तीन कारोबारी दिनों में 20.07 प्रतिशत बढ़ गया है। यह आंकड़ा दो सप्ताह के औसत वॉल्यूम 3.87 लाख शेयरों से अधिक था। काउंटर पर कारोबार 11.23 करोड़ रुपए रहा, जिससे मार्केट कैप 9,485 करोड़ रुपए रहा। मार्केट एनालिस्ट ने मानना है कि कंपनी 'महत्वपूर्ण' वित्तीय चुनौतियों का सामना कर रही है। एंजेल वन के सीनियर रिसर्च एनालिस्ट (तकनीकी और डेरिवेटिव) ओशो कृष्ण ने कहा, "इस शेयर पर 250 रुपए के आसपास मजबूत प्रतिरोध है, जिसे पार करते हुए इसके 280-290 रुपए की सीमा की ओर बढ़ने की संभावना है। निचले स्तर पर, 230-220 रुपए निकट अवधि में किसी भी कमी को कम करने की संभावना है।" यह शेयर पांच-दिवसीय और 10-दिवसीय सरल मूविंग एवरेज (एसएमए) से ऊपर कारोबार कर रहा था, लेकिन 20-दिवसीय, 30, 50, 100, 150-दिवसीय और 200-दिवसीय एसएमए से नीचे था। इसका 14-दिवसीय सापेक्ष शक्ति सूचकांक (आरएसआई) 47.80 पर आया। 30 से नीचे के स्तर को ओवरसोल्ड के रूप में परिभाषित किया जाता है जबकि 70 से ऊपर के वैल्यू को ओवरबॉट माना जाता है। बीएसई के अनुसार, स्टॉक का वैल्यू-टू-इक्विटी (पी/ई) रेशियो 3.99 नकारात्मक है, जबकि वैल्यू-टू-बुक (पी/बी) मूल्य 1.17 है। प्रति शेयर आय (ईपीएस) (-)60.46 रही, जबकि इक्विटी पर रिटर्न (आरओई) (-)29.27 रहा। अनिल अंबानी की आरइन्फ्रा ईपीसी सेवाएं प्रदान करने, दिल्ली में बिजली वितरण और रक्षा क्षेत्र तथा मेट्रो, टोल रोड और हवाई अड्डों जैसे बुनियादी ढांचे के क्षेत्रों में कई परियोजनाओं के कार्यान्वयन, संचालन और रखरखाव के व्यवसाय में सक्रिय है।

# झोलाछाप डॉक्टरों के हौंसले बुलंद, मरीजों की जान से कर रहे खिलवाड़

## अचपुरा में एक झोलाछाप गिरफ्तार मामला दर्ज

जागरूक टइम्स संवाददाता

**सरुपगंज।** कस्बे समेत आस-पास के गांवों में झोलाछाप डॉक्टरों ने अपनी दुकानें सजा रखी है। यहां बिना किसी डिग्री के झोलाछाप डॉक्टर मरीजों का इलाज कर रहे है। ऐसा नहीं कि इसकी जानकारी प्रशासन को नहीं है। जानकारी होने के बावजूद भी इन झोलाछापों पर कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है। ये झोलाछाप मरीजों को उल्टी, दस्त, खांसी, बुखार से पीड़ित हो या फिर अन्य कोई बीमारी से सभी बीमारियों का इलाज करने को तैयार हो जाते हैं। सरूपगंज के ग्रामीण क्षेत्र काछोली, रोहिड़ा, वासा, अचपुरा, नितोड़ा, भावरी, मंडवाड़ा, भारजा, भुला, बनास व सरूपगंज में झोलाछाप बंगाली सभी जगह पर उपचार करते दिख जाते हैं।



### की कार्रवाई, दवाईया बरामद

अचपुरा गांव में डिप्टी सीएमएचओ डॉ. एस पी शर्मा के नेतृत्व में डॉ. रितेश सांखला टीम ने कार्रवाई कर अमूल समझदार पुत्र उपेन समझदार के क्लिनिक पर बिना डिग्री के पाए जाने पर उसके खिलाफ थाने में मामला दर्ज किया कर क्लीनिक से भारी मात्रा में दवाईयां बरामद कर जब्त की गई।

### मेडिकल की आड़ में उपचार

कई गांवों में मेडिकल स्टोर संचालक की आड़ में झोलाछाप डॉक्टरों को बैठाकर उपचार करते है। सरूपगंज पटेल गली, झंडा गली, इंद्रा कॉलोनी, बस स्टैंड में ऐसे स्टोर मौजूद हैं। जहां पर डिग्रीधारी चिकित्सक का नाम बाहर लिखा हुआ रहता हैं। मगर अंदर उपचार झोलाछाप डॉक्टर करते हैं।

### जब्त दवा कहां से आती है?

क्षेत्र के गांवों में झोलाछाप बंगाली डॉक्टरों से कई बार स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा कार्रवाई के दौरान दवाईयां जब्त की जाती है। लेकिन, ये दवा कहा से आई कौन लाया इसका राजफाश नहीं होता है। जबकि स्वास्थ्य विभाग के आला अधिकारियों को भी जानकारी होने के बावजूद भी जब्तशुदा दवाईयां कहा गई कोई नहीं जानता है। झोलाछाप चिकित्सकों द्वारा बिना पंजीयन के एलोपैथी चिकित्सा उपचार ही नहीं किया जा रहा है। बल्कि बिना ड्रग लाइसेंस के दवाओं का भंडारण व विक्रय भी अवैध रूप से किया जा रहा है। दुकानों के भीतर कार्टून में दवाओं का अवैध तरीके से भंडारण रहता है।

### नशीली दवाओं का बन रहा हब

सरूपगंज में इन दोनों नशीली दवाओं की बिक्री मेडिकल स्टोर के अलावा थड़ीओ पर होने से नशीली दवाइयों का हब बनता नजर आ रहा है। नशीली दवाइयां स्पस्मोप्रोक्सीवोंवन, प्रॉक्सीवों नींद की गोलियां कोडिंग सिरप भी धड़ल्ले से बेच रहे है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार यह सब दवाइयां गुजरात से इन्हें बिना बिल में आ जाती है और अधिक मुनाफा कमाने के चक्क र में दवाइयों का वि' य किया जा रहा है। जबकि सरकार द्वारा यह सभी दवाइयां बिना डॉक्टर की पर्ची के बिना नहीं बेची जा सकती है।

## न्यूज़ ब्रीफ

### सविता बनी कलबी समाज की पहली महिला वकील



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**मंडार।** सोनानी में एक विधवा महिला ने अपने बल बुते मजदूरी करके अपनी चार बेटियों को पढ़ाने के साथ उनको आगे बढ़ाने का संघर्ष कर आज चार बेटियों ने बेहतरीन शिक्षा देकर विधवा मां आगे बड़ा रही है। बात कर रहै सोनानी निवासी विधवा अंबा चौधरी की। उन्होंने बताया की उसके पति की 10 साल पहले मौत हो गई थी। ऐसे में चार बालिकाओं को पढ़ाने समेत अन्य काम की जिम्मेदारी बढ़ने के बावजूद बालिकाओं को पढ़ाने में कमी नहीं रखी। इसी मेहनत का नतीजा रहा की एक बेटी सविता ने शुक्रवार एएलबी की डिग्री हासिल की। दो बेटियां आंगनवाड़ी में नोकरी कर रही है। बेटी के वकील बनने के बाद घर आने पर मां ने उसका सम्मान किया।

### स्वीकृति नहीं लेने पर पुलिस ने बंद करवाया कार्यक्रम



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**करोटी।** एक कृषि कुंए पर गुरुवार मध्य रात्रि को ईसाई समुदाय की ओर से एक कार्यक्रम रखा गया। हालांकि हिंदू संगठन के लोगों का आरोप था कि यहां पर धर्म परिवर्तन संबंधि प्रचार किया जा रहा था। मौके पर पहुंची पुलिस ने बिना स्वीकृति के कार्यक्रम करने को लेकर कार्यक्रम बंद करवाया तथा चार जनों थाने लेकर गए। लोगों ने बताया कि पूर्व में यह कार्यक्रम धानेरा में हुआ था जहां विश्व हिंदू परिषद व बजरंग दल दखल होने पर कार्यक्रम बंद करना पड़ा। गुरुवार को भी कृषि फार्म पर विश्व हिंदू परिषद व बजरंग दल के प्रांत गौ रक्षा विभाग कार्यकारिणी सदस्य रणछोड़ पुरोहित पहुंचे वहां महिला पुरुषों की भीड़ लगी रही। एएसआई रमेश दान ने बताया कि यहां लाउडस्पीकर बजाने व टेंट लगाकर कार्य' म की स्वीकृति नहीं लेने पर कार्यक्रम को बंद करवाया गया। चार लोग गजेन्द्र खराडी, ललित, लंकेश व आबूरोड के भारमाराम को पकड़ा और उनको रेवदर थाने लाया गया। जिला सह मंत्री नरेंद्र बंजारा, जिला सुरक्षा प्रमुख बाबूराम चौधरी, प्रखंड उपाध्यक्ष केसरसिंह, प्रखंड मंत्री विनोद सेन, सह मंत्री भावेश खंडेलवाल करोटी, खंड संयोजक हितेश माली, कुलदीप जोशी, हडमतदान, प्रवीण प्रजापति, रणजीत लोहार, रणवीरसिंह व विक्रम माली सहित बजरंग दल के कार्यकर्ता मोके पर पहुंचे।

## अभिभावक सम्मेलनः अतिथि बोले बच्चों को दें अच्छी शिक्षा व संस्कार



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**रेवदर।** विद्या भारती द्वारा संचालित आदर्श विद्या मंदिर माध्यमिक रेवदर में शुक्रवार को अभिभावक सम्मेलन का आयोजन किया गया।प्रधानाचार्य प्रवीण रावल ने विशिष्ट अतिथि मदनसिंह राणावत का परिचय स्वागत करवाया। मदनसिंह राणावत ने कहा कि वर्तमान परिप्रेक्ष्य में शिक्षा का महत्व बताते हुए विद्या भारती द्वारा संचालित सभी विद्या मंदिरों के योगदान एवं महत्व के बारे में विस्तार से बताया। प्रधानाचार्य ने विद्या मंदिर का प्रतिवेदन प्रस्तुत कर बताया कि अभिभावक सम्मेलन का उद्देश्य विद्यालय एवं अभिभावकों के बीच संवाद स्थापित कर भैया-बहनों की बेहतरीन भविष्य के लिए कार्य करना है। संचालन प्रभारी भंवरदास वैष्णव ने किया। प्रबन्ध समिति कार्यकर्ता राजुमल छीपा व विष्णु चौधरी समेत अभिभावक मौजूद थे।

## पेंशनर्स अनुभवों से समाज को करें लाभावितंः सांसद

### पेंशनर्स समाज की मासिक बैठक का आयोजन

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सिरोही।** पेंशनर्स समाज भवन में शुक्रवार को सांसद लुम्बाराम चौधरी के मुख्य आतिथ्य, मदनसिंह परमार, प्रो.अतुल भाटिया, गीता सुथार के विशिष्ट आतिथ्य व जिलाध्यक्ष राजेन्द्रसिंह राठौड़ की अध्यक्षता में मासिक बैठक का आयोजन किया गया। जिलाध्यक्ष राठौड ने मुख्य अतिथि सांसद चौधरी का माला एवं साफा एवं तथा मदनसिंह परमार व अतुल भाटिया ने शॉल ओढ़ाकर सम्मान किया। राठौड ने सासंद लुम्बाराम चौधरी के सरल स्वभाव व जनता की सेवा व सहयोग के लिए हमेशा तत्पर रहने की सराहना की। जिलाध्यक्ष ने आरजीएचएस के तहत पर्ची लेने के लिए पेंशनर्स के फोटो की अनिवार्यता को समाप्त कराने, कैल्शियम व विटामिन्स की दवाइयां दिलाने तथा जिला चिकित्सालय सिरोही में ह्रदय रोग तथा न्यूरो संबंधित चिकित्सकों को लगाने की मांग की। पेंशनर्स समाज के भवन के लिए अतिरिक्त भूमि का निःशुल्क आवंटन कराने का अनुरोध किया। गीता मिस्त्री ने आदर्श सोसायटी का मुद्दा उठाया व जमाकर्ताओं को उनकी राशि दिलाने की मांग रखी। सांसद लुम्बाराम चौधरी ने पेंशनर्स को अनुभवी बताते कहा कि पेंशनर्स विभिन्न विभागों में कार्य के दशकों के अनुभव से लोगों को लाभांवित करें। इससे युवा पीढ़ी के कार्मिक कार्य शैली में अनुभवों को भी आत्मसात कर पाएंगे। इसके अलावा सभी समस्याओं के उचित समाधान के लिए कर हर सम्भव सहायता की जाएगी। आचार्य प्रदीप दवे ने हिन्दू संस्कृति, संस्कारों व स्वस्थ पारिवारिक जीवन के बारे में अपने विचार रखे । मदनसिंह



परमार व प्रो.अतुल भाटिया ने उपयोगी जानकारियां साझा की। भवानीलाल माथुर, अर्जुनसिंह बारड व दलपतसिंह गोयल ने भी माला सम्मान किया। बलवंतसिंह देवड़ा, अर्जुनसिंह, रणवीरसिंह डाबी, नरेन्द्रसिंह चौहान, छगनलाल प्रजापत ने मधुर गीतों की प्रस्तुती दी । सेवानिवृत प्रधानाचार्य महेन्द्र कुमार रावल को सदस्यता प्रदान कर बहुमान किया गया । डॉ रमाकांत शर्मा ने ग्यारह सौ, करणसिंह राठौड ने एक हजार , मदनसिंह परमार ने पांच हजार का योगदान दिया। विनोद दवे द्वारा अल्पाहार की व्यवस्था की । मोहनलाल माली ने मंच संचालन किया तथा रमेशसिंह राठौड, भवानीसिंह चौहान, श्रवणसिंह बारड व पद्मा घडिया उपस्थित रह। अंत मे पूर्व प्रांतीय अध्यक्ष प्रेमशंकर सुमन के निधन पर दुःख व्यक्त किया गया व उनके योगदानों का स्मरण किया व स्थानीय इकाई के दिवंगतों शकुंतला देवी, लीलाकंवर, सोनकीदेवी, कंचनकंवर, इन्द्रकला देवी, प्रवीणसिंह चौहान व तुलसीदेवी को दो मिनट का मौन रख श्रद्धा सुमन अर्पित किए ।

### युवा विकसित भारत की बने आवाजः डॉ. काबावत



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**कालन्द्री ।** राजकीय महाविद्यालय में युवा संसद का आयोजन किया गया। डॉ वचनाराम काबावत ने व्यक्ति के व्यक्तित्व विकास में शैक्षणिक संस्थानों की भूमिका पर प्रकाश डाला और कहा कि एक राष्ट्र तभी विकसित होता है। जब उसके लोगों का विकास होता है। वर्तमान युग में व्यक्तित्व विकास के महत्व को रेखांकित करते हुए डॉ काबावत ने कहा कि युवा विकसित भारत की आवाज बनें। डॉ. बलवंतसिंह ने बताया कि विकसित भारत युथ पार्लियामेंट कार्य' म में भाग लेने के लिए 18 से 25 वर्ष की आयु के युवा प्रतिभागी माय भारत पोर्टल पर अपना रजिस्ट्रेशन 9 मार्च तक करवा सकते हैं। डॉ. सीमा वर्मा, भूमिका खत्री, डॉ. तपेन्द्रसिंह शेखावत, बबीता चौहान सहित अनेक विद्यार्थी उपस्थित रहें।

## बैठक में की समाज को नशा मुक्त बनाने की चर्चा

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सिरोही।** भारत स्वाभिमान न्यास सिरोही एवं पतंजलि योग समिति की जिला बैठक प्रथमेश गार्डन में आयोजित की गई। भारत स्वाभिमान न्यास के राज्य प्रभारी करनाराम चौधरी एवं पतंजलि योग समिति के राज्य प्रभारी, समंदरसिंह के सानिध्य में बैठक का आयोजन किया गया जिला प्रभारी नरेंद्रपालसिंह, जिला योग प्रचारक राजेंद्रसिंह नरूका एवं पतंजलि चिकित्सालय के वैद्य डॉ खुशाल शर्मा ने अंग वस्त्र पहना कर अतिथियों का स्वागत एवं अभिनंदन किया। राज्य प्रभारी समंदरसिंह राठौड़ ने बताया की दिनांक 23 से 25 अप्रैल 2025 को स्वामी डॉ परमार्थ देव का तीन दिवसीय योग शिविर उदयपुर में आयोजित होने जा रहा है। उससे



पूर्व सिरोही जिले में सह योग शिक्षक शिविर के आयोजन करने का योजना बनाने का आह्वान किया। राज्य प्रभारी चौधरी ने बताया पतंजलि द्वारा भारतीय शिक्षा बोर्ड की स्थापना एवं गठन का कार्य पूर्ण हो चुका है। इस निमित्त निजी विद्यालयों को जोड़कर भारतीय स्वाभिमान के अनुरूप वास्तविक इतिहास पर आधारित पाठ्यक्रम की शिक्षा के लिए विभिन्न विद्यालयों को जोड़ने का आग्रह किया। उन्होंने युवाओं को योग प्राणायाम एवं आयुर्वेद के माध्यम से समाज को नशा मुक्ति की दिशा में आगे बढ़ाने में युवाओं के ऊर्जा एवं सहयोग का आह्वान किया । अतिथियों द्वारा न्यास के कोषाध्यक्ष ओंकारसिंह उदावत के घर जाकर उनके स्वास्थ्य एवं कुशल क्षेम की जानकारी ली गई। जिला प्रभारी नरेंद्र पालसिंह द्वारा अतिथियों एवं समस्त सदस्यों का आभार प्रकट किया गया । पतंजलि महिला प्रभारी पवन आर्य, डॉ कुशाल शर्मा, शैतानसिंह, रमेशसिंह राठौड़, लादूराम चौधरी सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे

## रमजान के पहले जुम्मे की नमाज अदा कर मांगी दुआ

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सिरोही।** पाक इबादत के महीने रमजान के पहले जुम्मे की नमाज अदा करने के लिए जिलेभर की मस्जिदों में शुक्रवार को अकीदतमंदों की भीड़ रही। अकीदतमंदों ने सामूहिक रूप से खुदा के सजदे में नमाज अदा कर देश में अमन चैन की दुआएं मांगी। जिला मुख्यालय समेत पिण्डवाड़ा, सरुपगंज, आबूरोड, माउंट आबू, रेवदर, मंडार, शिवगज समेत कई स्थानों समेत जिले के सभी गांवों में मौलाना की मौजूदगी में मोमिनों ने नमाज अदा की। नमाज के समय शहर के जुमा मस्जिद, छोटी मस्जिद झालरा मस्जिद अकीदतमंदों से भरी रही।



**मंडार।** मुस्लिम समाज के पवित्र त्यौहार माहे रमजान के पहले जुम्मे पर मस्जिद पूरी तरह से नमाजियों से खचाखच भरी नजर आई। मौलाना सिद्दीक अकबरी जुम्मे की नमाज अदा करवाने के साथ अमन चैन की दुआएं मांगी गई। इससे पूर्व मस्जिद - के इमाम मौलाना सदीक अकबरी ने माहे रमजान की फजीलत को बयान किया। मौलाना ने कहा कि रोजा केवल भूखा रहना ही नहीं बल्कि रोजा हाथ, जुबान, पैर यानी जिस्म के सभी अंगों का रोजा होना चाहिए, क्योंकि रोजा हमें बुरी आदतों से बुरे ख्याल से और बुरी बातों से रोकता है।

### जमीन हड़पने वाले अधिकारी एवं कार्मिक के खिलाफ कार्रवाई की मांग



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**रेवदर।** डॉ अंबेडकर मेमोरियल वेलफेयर सोसायटी के जिला सचिव एडवोकेट बलवंत मेघवाल ने राजस्थान सरकार के परिपत्र के विरुद्ध एससी एसटी वर्ग के हितों को ध्यान रखने एवं सौर ऊर्जा के नाम पर कृषि से अकृषि संपरिवर्तन कर जमीने हड़पने वाले अधिकारी कार्मिक के खिलाफ कठोर कारवाई को लेकर उपखण्ड अधिकारी सुबोधसिंह को ज्ञापन सौपा। ज्ञापन में बताया है कि सरकार द्वारा निकाले गए परिपत्र में एससी एसटी वर्ग के कृषि भूमि के खातेदारों की कृषि भूमि का सौर ऊर्जा, सौर प्लांट के प्रयोजनार्थ सीधा संपरिवर्तन हो रहा है। जिसमे रास्ते को लेकर भी कोई दिशा निर्देश नहीं है। क्षेत्र में इस तरीके संपरिवर्तन हो रहे है। जिसको लेकर मौके की रिपोर्ट और प्रयोजन को लेकर सुस्पष्ट रिपोर्ट और प्रयोजनार्थ सौर ऊर्जा नहीं लगाने फिर अन्य को बेचान पर रोक को लेकर एससी एसटी वर्ग के हित और कानून के सरंक्षण को लेकर मुख्यमंत्री से मांग की।

## महाबोधि मंदिर मुक्ति के लिए धरना आज

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सिरोही।** वामन मेश्राम भारत मुक्ति मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष के आह्वान पर शनिवार महाबोधि मंदिर मुक्ति के लिए धरना दिया जाएगा। एडवोकेट सुंदरलाल मोसलपुरिया जिला संयोजक बहुजन क्रांति मोर्चा ने बताया कि देशभर में बोधगया महाबोधि की मुक्ति आंदोलन के समर्थन में एवं बीटीएमसी एक्ट 1949 को निरस्त कर बुद्धिस्ट धरोहरों को बौद्धों को सुपर्द करने को लेकर महाविहार को बुद्धिस्ट इंटरनेशनल नेटवर्क के बैनर तले जिला संयोजक राधेश्याम बौद्ध के नेतृत्व में बोधगया महाबोधि महाविहार के मुक्ति आंदोलन के दूसरे चरण में जिला कलेक्ट्रेट के रोजगार कार्यालय के धरना दिया जाएगा।

## स्कूल टाइम में टीचरों पर शराब पार्टी करने का आरोप, ग्रामीणों ने कलेक्टर से की मुलाकात




जागरूक टाइम्स संवाददाता

**पोसालिया।** कलदरी के ग्रामीणों ने राजकीय उच्च माध्यमिक स्कूल के टीचरों पर स्कूल टाइम में 6 किमी दूर जाकर शराब पार्टी करने के आरोप लगाए हैं। इस मामले को लेकर ग्रामीणों ने गुरुवार को कलेक्टर और जिला शिक्षा अधिकारी को शिकायती पत्र सौंपा। ग्रामीणों ने आरोप लगाए कि प्रिंसिपल रमेश मीणा ने जब से इन टीचरों को शराब पार्टी से रोकने का प्रयास किया है। तब से टीचर और सरपंच पति मिलकर उन्हें हटाने की कोशिश कर रहे हैं। शिकायत के दौरान रावताराम, सखिया राम, जेमाराम, प्रेमा, बूटा, गोमाराम, हुदा भाई सहित कई ग्रामीण मौजूद रहे। कलेक्टर ने मामले को गंभीरता से लेते हुए जल्द कार्रवाई का आश्वासन दिया है।



महिला प्रीमियर लीग

# आरसीबी के खिलाफ उतरेंगे यूपी वारियर्स



**लखनऊ। टूर्नामेंट से बाहर होने की कगार पर खड़ी यूपी वारियर्स शनिवार को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू के खिलाफ मैच में जीत के साथ महिला प्रीमियर लीग के इस सत्र से विदा लेना चाहेगी और इसके लिये मध्यक्रम के उसके बल्लेबाजों को बेहतर प्रदर्शन करना होगा। यूपी की टीम ने कई मौके गंवाये और एक ईकाई के रूप में अच्छा प्रदर्शन करने में नाकाम रही। सात मैचों में महज चार अंक के साथ वह तालिका में सबसे नीचे है और तकनीकी दौर पर ही दौड़ में बनी हुई है। गत चैम्पियन आरसीबी के लिए भी यह सत्र कठिन रहा और उसके छह मैचों में चार ही अंक है। वह लगातार चार मैचों में पराजय झेल चुकी है। वैसे उनके पास अभी एक मैच और है जिससे प्लेआफ की उम्मीदें बनी हुई है।**

स्मृति मंधाना की टीम अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने के इरादे से उतरेगी। पिछले मैच में सुपर ओवर में मिली हार की यादें अभी भी ताजा है और उनका लक्ष्य बदला चुकता करने का भी होगा। यूपी की टीम बार-बार के बदलावों से उबर नहीं सकी और उसका बल्लेबाजी क्रम स्थिर नहीं हो पाया है। पिछले तीन मैचों में शीर्षक्रम में काफी बदलाव किये गए। उन्होंने कम से कम एक विदेशी बल्लेबाज से पारी का आगाज कराया लेकिन कामयाबी नहीं मिली। भारत की किरण नवगिरे शीर्ष तीन में हमेशा रही लेकिन मिली जुली सफलता मिली। ग्रेस हैरिस ने एक अहम पारी खेली और पिछले मैच में मुंबई इंडियंस के खिलाफ जॉर्जिया वोल चमकी। यूपी का मध्यक्रम हालांकि एक टीम के रूप में नाकाम रहा और ना तो बड़ा स्कोर बन सका और ना ही लक्ष्य का पीछा करने में कामयाब रहे। यूपी की कप्तान दीप्ति शर्मा ने कहा, 'हम मध्यक्रम में लगातार गलतियां कर रहे हैं। हमारा शीर्ष और निचला क्रम अच्छा खेल रहा है लेकिन मध्यक्रम पर फोकस करना होगा। उम्मीद है कि आखिरी मैच में वे अच्छा प्रदर्शन करेंगे।' यूपी वारियर्स ने इस सत्र में सर्वोच्च स्कोर 180 रन आरसीबी के खिलाफ ही बनाए थे। उन्होंने सुपर ओवर में वह मैच जीता था। दूसरी ओर आरसीबी ने लगातार दो जीत के साथ शुरूआत की थी लेकिन उसके बाद लय से भटक गई। बेंगलुरू में टीम एक भी मैच नहीं जीत सकी। कप्तान मंधाना को उम्मीद होगी कि जगह बदलने से किस्मत भी बदलेगी। तालिका में चौथे स्थान पर काबिज आरसीबी के बल्लेबाज पिछले दो मैचों में नाकाम रहे और मंधाना का अपना फॉर्म चिंता का विषय है। दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ 81 रन बनाने के बावजूद वह स्पिनरों के खिलाफ जूझती नजर आई।

### टीमें

**रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू**

स्मृति मंधाना (कप्तान), कनिका आहूजा, एकता बिष्ट, चार्ली डीन, किम गार्थ, ऋचा घोष (विकेटकीपर), हीथर ग्राहम, वीजे जोशीथा, सब्बिनेनी मेघना, नजहत परवीन, जगरावी पवार, एलिसे पेरी, राघवी बिस्ट, स्नेह राणा, प्रेमा रावत, रेणुका सिंह, जॉर्जिया वेरेहम, डैनी व्याट-हॉज।

**यूपी वारियर्स**

दीप्ति शर्मा (कप्तान), अंजलि सरवानी, चमारी अथापथु, उमा छेत्री, सोफी एक्लेस्टोन, राजेश्वरी गायकवाड़, अरुशी गोयल, क्रांति गौड़, ग्रेस हैरिस, चिनेले हेनरी, पूनम खेमनार, अलाना किंग, ताहलिया मैकग्रा, किरण नवगिरे, श्वेता सहरावत, गौहर सुल्ताना, साइमा ठाकोर, दिनेश वृंदा।

## पूर्व कप्तान सुनील छेत्री का बड़ा ऐलान

# संन्यास से करेंगे वापसी



**नई दिल्ली।** भारतीय फुटबॉल टीम के पूर्व कप्तान सुनील छेत्री ने संन्यास से वापसी का फैसला किया है। वह मार्च में फीफा अंतरराष्ट्रीय विंडो के दौरान राष्ट्रीय टीम के लिए खेलते दिखेंगे। भारत एएफसी एशियाई कप 2027 के क्वालिफायर के अपने तीसरे दौर में बांग्लादेश के खिलाफ खेलेगा। यह मैच 25 मार्च को खेला जाएगा। 40 वर्षीय छेत्री ने जून 2024 में अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल से संन्यास ले लिया था।

### पिछले साल खेला था करियर का आखिरी मुकाबला

40 वर्षीय छेत्री ने पिछले साल जून में अपने करियर का आखिरी मुकाबला खेला था। कुवैत के खिलाफ फीफा क्वालिफायर के लिए खेले गए मुकाबले में वह अपनी टीम को जीत नहीं दिला सके थे। यह मैच 0-0 से ड्रॉ पर समाप्त हुआ था। छेत्री ने संन्यास के बाद फैंस को धन्यवाद दिया था। उन्होंने कहा- जिन्होंने मुझे वीडियो में देखा है, जिन्होंने मेरे ऑटोग्राफ लिए हैं और मेरे पुराने समर्थकों, मैं सभी का दिल से धन्यवाद देता हूं।

### सबसे ज्यादा अंतरराष्ट्रीय गोल करने वाले चौथे खिलाड़ी

सुनील ने अपने अंतरराष्ट्रीय करियर की शुरुआत साल 2005 में पाकिस्तान के खिलाफ की थी। वह सबसे ज्यादा अंतरराष्ट्रीय गोल (94) करने वाले चौथे खिलाड़ी है। वहीं, क्रिस्टियानो रोनाल्डो, अली डेई और लियोनेल मेसी के बाद सक्रिय खिलाड़ियों में सबसे ज्यादा अंतरराष्ट्रीय गोल करने वाले तीसरे खिलाड़ी हैं।

# बेन स्टोक्स को मिल सकती इंग्लैंड टीम की कप्तानी


### ईसीबी के निदेशक का पूर्ण समर्थन



**लंदन।** जोस बटलर के इस्तीफे के बाद इंग्लैंड के टेस्ट कप्तान बेन स्टोक्स सीमित ओवरों के प्रारूप में अगले कप्तान हो सकते हैं और ईसीबी के निदेशक रॉब की ने कहा कि खुद को 'अविश्वसनीय रणनीतिकार' साबित कर चुके इस करिश्माई हरफनमौला के नाम पर विचार नहीं करने वाला मूर्ख ही होगा। चैंपियंस ट्रॉफी में इंग्लैंड के एक भी जीत दर्ज नहीं कर पाले के बाद बटलर ने टूर्नामेंट के बीच में ही कप्तानी छोड़ दी थी। स्टोक्स हैमस्ट्रिंग चोट के कारण चैंपियंस ट्रॉफी से बाहर थे। उन्होंने 2023 विश्व कप के बाद से वनडे क्रिकेट नहीं खेली है जब उन्होंने इस प्रारूप से विदा लेने का अपना फैसला वापस ले लिया था।

# भारतीय टीम में वापसी करना चाहते पुजारा

**कोलकाता।** दिग्गज भारतीय क्रिकेटर चेतेश्वर पुजारा ने कहा कि इंग्लैंड टेस्ट सीरीज के लिए भूख और भी बढ़ गई है, अगर मौका मिला तो मैं इसे लपकने के लिए पूरी तरह से तैयार हूं। पुजारा ने भारतीय टीम में वापसी के सवाल पर कहा, 'मैं घरेलू क्रिकेट खेल रहा हूं। अगर मौका मिला तो मैं इसे दोनों हाथों से लपकने के लिए तैयार हूं। मेरे सीरीज में खेलने की भूख और भी बढ़ गई है। जब आप बड़े हो जाते हैं, तो आपको और भी कड़ी मेहनत करने की आवश्यकता होती है।' उन्होंने कहा, 'हमारे पास गेंदबाजी है। हमें बोर्ड पर रन बनाने की आवश्यकता है और हमारे पास ऐसा करने वाले खिलाड़ी हैं। हमें गेंदबाजी और वहां की परिस्थितियों का सम्मान करना होगा।' भारतीय टेस्ट टीम के नंबर तीन स्थान के मजबूत स्तंभ रहे चेतेश्वर पुजारा फिलहाल भारतीय टीम से बाहर चल रहे हैं। वह टीम में वापसी का मौका मिलने और जोरदार वापसी के लिए पूरी तरह तैयार हैं। भारत को इंग्लैंड के खिलाफ पांच मैच की टेस्ट सीरीज खेलनी है। इंडियन प्रीमियर लीग के बाद शुरु होने वाली यह टेस्ट सीरीज विश्व टेस्ट चैंपियनशिप 2025-27 का हिस्सा होगी। पुजारा सौराष्ट्र की रणजी ट्रॉफी टीम का हिस्सा हैं।



# मुंबई इंडियंस की कप्तान हरमनप्रीत पर लगा जुर्माना



**लखनऊ।** मुंबई इंडियंस की कप्तान हरमनप्रीत कौर पर गुरुवार को भारत रत्न श्री अटल बिहारी वाजपेयी एकाना क्रिकेट स्टेडियम में यूपी वॉरियर्स के खिलाफ मैच के दौरान डब्ल्यूपीएल आचार संहिता के उल्लंघन के लिए मैच फीस का 10 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है। डब्ल्यूपीएल ने अपने बयान में कहा कि हरमनप्रीत ने अनुच्छेद 2.8 के तहत लेवल एक के अपराध को स्वीकार किया है जो मैच के दौरान अंपायर के फैसले पर असहमति जताने से संबंधित है। यह घटना अंतिम ओवर में हुई, जब मैदानी अंपायर ने नियम के अनुसार फील्डिंग प्रतिबंध लगाते हुए एमआई को धीमी ओवर गति के लिए दंडित किया। इसके लिए एमआई को 30 गज के घेरे के बाहर केवल तीन क्षेत्ररक्षक रखने थे। एमआई की कप्तान हरमनप्रीत फैसले से स्पष्ट रूप से नाखुश थीं और उन्होंने अंपायर अजितेश अर्गल से इस फैसले को चुनौती देने के लिए कहा। इस बीच, अंतिम ओवर फेंकने वाली ऑलराउंडर अमेलिया केर भी इस फैसले से काफी परेशान दिखीं। जैसे ही स्थिति बदली नॉन-स्ट्राइकर छोर पर खड़ी इंग्लैंड की क्रिकेटर सोफी एक्लेस्टोन ने अंपायर से अपनी राय जाहिर की। इस पर हरमनप्रीत और एक्लेस्टोन के बीच तीखी नोकझोंक हुई, जिसके दौरान एमआई कप्तान को उन पर उंगली उठाते हुए देखा गया। अंपायरों ने तुरंत हस्तक्षेप कर स्थिति को शांत किया और एक्लेस्टोन निराश होकर नॉन-स्ट्राइकर छोर पर लौट गईं।

# फाइनल से बाहर हो सकते हैं न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज मैट हेनरी



**टीमें-भारत :** रोहित शर्मा (कप्तान), शुबमन गिल, विराट कोहली, श्रेयस अय्यर, अक्षर पटेल, केएल राहुल (विकेटकीपर), हार्दिक पांड्या, रवींद्र जडेजा, मोहम्मद शमी, कुलदीप यादव, वरुण चक्रवर्ती, ऋषभ पंत, वाशिंगटन सुंदर, अर्शदीप सिंह, हर्षित राणा

**न्यूजीलैंड :** विल यंग, रचिन रविंद्र, केन विलियमसन, डेरिल मिशेल, टॉम लाथम (विकेटकीपर), ग्लेन फिलिप्स, माइकल ब्रेसवेल, मिशेल सेंटनर (कप्तान), मैट हेनरी, काइल जैमीसन, विलियम ओरोर्के, जैकब डफी, डेवोन कॉनवे, मार्क चैपमैन, नाथन स्मिथ

**दुबई।** न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज मैट हेनरी कंधे की चोट के कंधे की चोट के कारण भारत के खिलाफ चैंपियंस ट्रॉफी फाइनल से बाहर हो सकते हैं। कोच गैरी स्टीड को उम्मीद है कि वह रविवार को फाइनल तक ठीक हो जाएंगे। हेनरी ने अब तक टूर्नामेंट में सर्वाधिक 10 विकेट लिए हैं जिसमें भारत के खिलाफ ग्रुप मैच में पांच विकेट शामिल है। 33 वर्ष के हेनरी दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ लाहौर में बुधवार को सेमीफाइनल के दौरान घायल हो गए थे। स्टीड ने पत्रकारों से कहा, 'मैट के कंधे में चोट लगी है और वह असहज महसूस कर रहा है।

# मनोरंजन

## दीपिका पादुकोण का लेटेस्ट फोटोशूट

### गोल्डन ड्रेस में बिखेरा हुस्न का जलवा



दीपिका पादुकोण ने हाल ही में अपने लेटेस्ट फोटोशूट की कुछ शानदार तस्वीरें इंस्टाग्राम पर शेयर की हैं, जो अब सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रही हैं। इन तस्वीरों में दीपिका का लुक बेहद दिलकश और आकर्षक नजर आ रहा है। दीपिका ने एक गोल्डन कलर की चमचमाती ड्रेस पहनी हुई है, जिसमें वह बेमिसाल खूबसूरत नजर आ रही हैं। उनका कातिलाना अंदाज फैंस को बहुत भा रहा है। हर कोई इन तस्वीरों पर अपना प्यार व्यक्त कर रहा है और सोशल मीडिया पर तस्वीरों पर ढेरों कमेंट्स और लाइक्स आ रहे हैं। एक्ट्रेस ने इस लुक को और भी खास बनाने के लिए बालों में बन स्टाइल, मैचिंग ज्वेलरी और ग्लोसी मेकअप किया है। दीपिका हर तस्वीर में एक से बढ़कर एक पोज देती नजर आ रही हैं, जो उनके फैंस को बेहद पसंद आ रहे हैं। दीपिका की इस फोटोशूट की तस्वीरों को सोशल मीडिया पर बहुत अच्छा रिस्पॉन्स मिला है और सिर्फ एक घंटे में इन तस्वीरों ने दो लाख से ज्यादा लाइक्स लिए हैं। वर्क फ्रंट पर, दीपिका पादुकोण को हाल ही में फिल्म 'सिंघम अगेन' में देखा गया था, जिसमें वह अजय देवगन, रणवीर सिंह और करीना कपूर के साथ नजर आई थीं।

## अजय देवगन ने की अपनी एआई कंपनी प्रिज्मिक्स की घोषणा



भारत के मेगास्टार और दूरदर्शी उद्यमी अजय देवगन, जो भारतीय सिनेमा में अपने अपार योगदान के लिए प्रसिद्ध हैं, अपनी उद्योग विशेषज्ञता के साथ सीमाओं को आगे बढ़ाते रहते हैं। एनवाय विएफएक्स वाला की सफलता और गुडबाय कैनसस स्टूडियो के साथ अपने रणनीतिक गठबंधन के बाद, अब वे एआई संचालित मीडिया में क्रांति लाने के लिए तैयार हैं। कंटेंट निर्माण के भविष्य की दिशा में एक साहसिक कदम उठाते हुए, अजय देवगन ने प्रिस्मिक्स की घोषणा की है, जो एक अग्रणी एआई-संचालित मीडिया कंपनी है जो जनरेटिव एआई स्टोरीटेलिंग में विशेषज्ञता रखती है।

यह उद्यम नवाचार के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को पुष्ट करता है, फिल्म निर्माताओं, ब्रांडों और रचनाकारों को अत्याधुनिक एआई तकनीक के साथ उच्च-गुणवत्ता, स्केलेबल और नेत्रहीन सम्मोहक कथाएं तैयार करने के लिए सशक्त बनाता है।

## आमिर खान के 60वें बर्थडे पर री-रिलीज होंगी सुपरस्टार की ब्लॉकबस्टर फिल्में

बॉलीवुड सुपरस्टार आमिर खान आगामी 14 मार्च को 60 वां जन्मदिन मनाने जा रहे हैं। ऐसे में आमिर खान ने अपने जन्मदिन को फैंस संग मनाने के लिए खास इंतजाम किया है। पीवीआर आईनॉक्स ने आमिर खान के 60वें जन्मदिन के खास मौके पर 'आमिर खानः सिनेमा का जादूगर' नाम से एक स्पेशल फिल्म फेस्टिवल का एलान किया है। आमिर खान, जो अपनी दमदार परफॉर्मेंस और अलग तरह की फिल्मों के लिए जाने जाते हैं, उन्होंने भारतीय सिनेमा को एक नई ऊंचाई दी है। उनकी फिल्मों ने न सिर्फ बॉक्स ऑफिस पर तहलका मचाया है, बल्कि समाज को भी गहराई से प्रभावित भी किया है। इसी योगदान को सेलिब्रेट करने के लिए ये खास फेस्टिवल रखा गया है, जिसमें उनके बेहतरीन सिनेमाई सफर को बड़े पर्दे पर फिर से देखने का मौका मिलेगा। आमिर का करियर उनकी दमदार स्क्रिप्ट चुनने की आदत, रिकॉर्ड तोड़ फिल्मों और ऐसी कहानियों के लिए जाना जाता है, जो सीधे लोगों के दिलों तक पहुंचती हैं। कयामत से कयामत तक से रोमांस का नया दौर लाने से लेकर लगान, तारे जमीन पर, 3 इडियट्स और दंगल जैसी फिल्मों से सिनेमा की सोच बदलने तक, आमिर ने अपनी फिल्मों से इंडस्ट्री पर गहरी छाप छोड़ी है। अजय बिजली, मैनेजिंग डायरेक्टर, पीवीआर आईनॉक्स लिमिटेड, ने आमिर खान की तारीफ करते हुए कहा, 'आमिर खान सिर्फ एक एक्टर ही नहीं, बल्कि इंडियन सिनेमा के सबसे बड़े ट्रेंडसेटर में से एक हैं।'



## पेरिस फैशन वीक में रवीना टंडन ने बिखेरा जलवा



90 के दशक की मशहूर एक्ट्रेस रवीना टंडन का आज भी जलवा बरकरार रहता है। हाल ही में उन्होंने पेरिस फैशन वीक में अपनी मौजूदगी दर्ज कराई और अपने स्टाइलिश लुक का जलवा बिखेरा। इस दौरान रवीना अपने शानदार स्टाइल से लोगों का ध्यान अपनी ओर खींचती दिखीं, जिसकी शानदार तस्वीरें उन्होंने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर शेयर की हैं। रवीना टंडन लग्जरी ब्रांड डेलवॉक्स के साथ अपने सहयोग के तहत इस पेरिस फैशन वीक में शामिल हुईं और ग्लैमर का तड़का लगाती दिखीं। वहीं, उनके साथ उनकी बेटी राशा का भी शानदार लुक देखने को मिला। कैमरे के सामने दोनों मां बेटी जबरदस्त पोज देती दिखीं। वहीं, कई तस्वीरों में रवीना सोलो पोज भी देती नजर आईं। वर्कफ्रंट की बात करें तो रवीना टंडन को आखिरी बार संजय दत्त, पार्थ समथान, खुशाली कुमार और अरुणा ईरानी के साथ फिल्म 'घुड़चढ़ी' में देखा गया था, जो फिलहाल जियोसिनेमा पर स्ट्रीम हो रही है। अब रवीना अनीस बज्मी की वेलकम फ्रैंचाइज़ी के तीसरे पार्ट 'वेलकम टू द जंगल' में दिखाई देंगी। इस फिल्म में अक्षय कुमार, जैकलीन फर्नांडीज, संजय दत्त, दिशा पटानी, परेश रावल, राजपाल यादव, तुषार कपूर, श्रेयस तलपड़े, फरीदा जलाल और जॉनी लीवर जैसे सितारे भी होंगे।

## बेटी संग प्रियंका और निक की डिनर डेट





प्रियंका चोपड़ा और निक जोनस उन स्टार्स में हैं जो अपने प्रोफैशनल और पर्सनल लाइफ को बैलेंस में रखते हैं। निकयांका कितने भी काम बिजी क्यों ना हो फैमिली के लिए वक्त जरूर निकाल लेते। कपल को अक्सर बेटी मालती या फिर एक-दूजे के साथ वक्त बिताते देखा जाता है। हाल ही में ये जोड़ी बेटी मालती मैरी के साथ नजर आईं। तीनों की तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल हो रही हैं। इन तस्वीरों में मालती फोन में बिजी दिखाई दे रही हैं।

एक तस्वीर में प्रियंका और निक जोनस रेस्टोरेंट के बार के पास खड़े हुए नजर आ रहे हैं।

एक तस्वीर में निक अपने खाने का लुत्फ उठाते हुए दिखाई दिए तो वहीं दूसरी तरफ मालती अपने फोन में बिजी दिख रही हैं।

# रोजगार शिविर में 30 आशार्थियों का स्वरोजगार के लिए चयन






जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सिरोही।** जिला रोजगार कार्यालय परिसर में शुक्रवार को एक दिवसीय रोजगार सहायता शिविर आयोजन किया गया। शिविर का शुभारम्भ मुख्य कार्यकारी अधिकारी प्रकाशचंद अग्रवाल एवं जयगोपाल पुरोहित ने किया। जय गोपाल ने युवाओं को स्वरोजगार में अपने को आजमानें के लिए प्रेरित किया। मेले मे एनएनबी पेपर प्रोडेक्ट प्रालि सरूपगंज, भंसाली पोलिमर्स प्रा.लि. आबूरोड, मॉडर्न इन्सूलेटर आबूरोड, प्रिस्टाईन पोलिमर्स प्रा.लि. आबूरोड, भारत फाईनेंस प्रा.लि, एलएंलटी स्कील ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट आबूरोड, यशा सोल्यूशन अहमदाबाद, टीमलीज प्रालि गुजरात, चैकमेट सिक्युरिटी प्रा. लि. अहमदाबाद, टाटा एआई, इन्सुलेंस सिरोही, जिनटॉक/ हाईली इलेक्ट्रोनिक्स, एमएनसी अहमदाबाद, एवं एसबीआई आरसेटी सिरोही ने भाग लिया। शिविर में 350 अभ्यार्थियों में से 155 का रोजगार प्रारम्भिक चयन किया गया एवं 12 आशार्थियों का प्रशिक्षण तथा 30 आशर्थियों का स्वरोजगार के लिए चयन किया गया। सहीराम विश्नोई उपायुक्त एवं अन्नत आर्य, सह आयुक्त जिला उद्योग एवं वाणिज्य केन्द्र सिरोही, लींड बैंक अधिकारी उम्मेदराम, उप निदेशक समाज कल्याण राजेन्द्र पुरोहित, जिला कौशल समन्वयक प्रवीण कुमार, भरत कुमार प्रधानाचार्य आई.टी.आई, बरलूट की गरिमामयी उपस्थिति रही तथा कार्यालय के भरत कुमार रावल, जगदीश कुमार रावल, योगेन्द्रसिंह, चंदूलाल, बसंत कुमार, विक्रम कुमार का विशेष योगदान रहा। जिला रोजगार अधिकारी राजूसिंह चौहान ने शिविर में भाग लेने वाले आषार्थियों, अतिथियों एवं कम्पनी के प्रतिनिधियों को धन्यवाद ज्ञापित किया।

## विधायक कोली ने विधानसभा में आदिवासी एवं चिकित्सा क्षेत्रों में सुविधाओं की मांग

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**रेवदर।** रेवदर विधायक मोतीराम कोली ने आजादी के बाद से आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र की चली आ रही समस्या को लेकर विधानसभा में विशेष उल्लेख प्रस्ताव के जरिए राज्य सरकार से समस्या के निराकरण की मांग की है। विधायक मोतीराम कोली ने शु वार को राजस्थान विधानसभा में शून्य काल के दौरान विशेष उल्लेख प्रस्ताव के जरिए बताया कि पंचायत समिति आबूरोड की आदिवासी बाहुल्य ग्राम पंचायतों में सरकारी भवन, आंगनबाड़ी केंद्र,



उप स्वास्थ्य केंद्र, विद्यालय, छात्रावास आदि स्थानों पर जाने के लिए दुर्गम रास्ते कच्चे और कटीली झाड़ियां से भरे पड़े हैं। रास्ते ज्यादातर वन विभाग के क्षेत्राधिकार में आ रहे हैं। ऐसे में वन विभाग द्वारा उन कार्यों को रुकवाया जाता है। विधायक मोतीराम कोली ने सरकार का ध्यान आकर्षित करवाते हुए वन विभाग की भूमि की किस्म परिवर्तन कर वहां पर निर्माण कार्य करने की सरकार की ओर से अनुमति दी जाए। विधायक मोतीराम कोली नेचिकित्सकों एवं पैरामेडिकल स्टाफ के रिक्त पड़े पदों पर शीघ्र ही भर्ती करने एवं सीएचसी में अस्थि रोग, सर्जन विशेषज्ञों की नियुक्तियां करने की मांग की। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र को ग्राम पंचायत लूनोल के राजगढ़ के समीप ट्रॉमा सेंटर के लिए आवंटित भूमि पर स्थानांतरित करने की मांग करते हुए बताया कि वर्तमान में जहां सीएचसी संचालित है। उन्होंने राजगढ़ के समीप ट्रॉमा सेंटर के लिए आरक्षित भूमि पर रेवदर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र को स्थानांतरित करने की मांग की।

## 'नारी शक्ति विश्व में फैला रही है सनातन संस्कृति एवं अध्यात्म की गूंज'

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**आबूरोड।** ब्रह्माकुमारी संस्थान आज पूरे विश्व में नारी शक्ति और महिला सशक्तिकरण का नायाब उदाहरण बन गया है। संस्थान से जुड़ी नारी शक्ति ने न केवल खुद का जीवन बदला है बल्कि लाखों लोगों के जीवन में बदलाव, उम्मीद और आशा की नई किरण बन गई हैं। यह विश्व का सबसे बड़ा एकमात्र महिलाओं द्वारा संचालित संगठन है। जिसकी छोटे स्तर से लेकर मुख्य प्रशासिका तक महिलाएं हैं। वर्तमान में 101 वर्षीय राजयोगिनी दादी रतनमोहिनी



मुख्य प्रशासिका हैं। संस्थान में50 हजार से अधिक ब्रह्माकुमारी बहन सेवाएं दे रही हैं। संगठन का उद्देश्य है बुराइयों, विकारों, विकृतियों और आसुरीयता से जकड़ चुकी दुनिया को फिर से स्वर्णिम भारत, स्वर्णिम धरा बनाया। इस धरा पर फिर से रामराज्य की परिकल्पना को साकार करना।

## मानक प्रश्नोतरी प्रतियोगिता का आयोजन

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सिरोही।** गोकुल भाई भट्ट राजकीय पॉलिटेक्निक महाविद्यालय में भारतीय मानक ब्यूरो जयपुर शाखा के तत्वावधान में मानक प्रश्नोतरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमे 48 प्रतिभागियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में प्रथम 4 स्थानों पर प्रतिभागी दिलावरसिंह, जतिन प्रजापत, रूखसार एवं पुलोमा वर्मा रहे। प्रधानाचार्य बाबूलाल सिगाड़िया ने इस प्रतियोगिता में प्रथम 4 स्थानों पर रहे प्रतिभागियों को पारितोषिक वितरित किए। राजेश बोहरा एवं मनोजसिंह ने सभी प्रतिभागियों को धन्यवाद ज्ञापित किया।

## नारी शक्ति किया सम्मान



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**आबूरोड।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस सप्ताह के तहत इनर व्हील क्लब ने नारी शक्ति का सम्मान कर महिला दिवस मनाया। पुलिस की कालिका पेट्रोलिंग यूनिट का भी सम्मान किया। क्लब की अध्यक्षा ने महिला सशक्तिकरण पर जोर दिया। कालिका पेट्रोलिंग टीम ने महिलाओं का उत्साहवर्धन किया। महिलाओं को सशक्त होने की सलाह दी। महिला सुरक्षा के अनुभव साझा किए। इस अवसर पर सचिव सरोज गर्ग, कीर्ति कच्छवाहा समेत क्लब की सदस्य मौजूद थी।

# आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और साइबर सुरक्षा में नए युग की शुरुआत

**माधव विवि और शेप के बीच हुआ ऐतिहासिक समझौता**

**छात्रों को मिलेगा इंटर्नशिप और रोजगार का सुनहरा मौका**

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**पिण्डवाड़ा।** आधुनिक तकनीक के युग में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और साइबर सुरक्षा के महत्व को समझते हुए माधव विश्वविद्यालय के ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सेल ने शेप के साथ एक महत्वपूर्ण समझौता (एम.ओ.यू.) किया है। इस करार का उद्देश्य छात्रों को अत्याधुनिक तकनीकों में दक्ष बनाना और उन्हें इंडस्ट्री रेडी बनाना है। समझौते के अवसर पर विश्वविद्यालय के प्रेसिडेंट डॉ. राजीव माथुर ने कहा कि इस सहयोग से छात्रों में व्यावसायिक कौशल विकसित होंगे और उन्हें रोजगार के नए अवसर मिलेंगे। रजिस्ट्रार डॉ. भावेश कुमावत ने बताया कि इस समझौते का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को साइबर सुरक्षा और एआई के प्रति जागरूक बनाना और उन्हें इस क्षेत्र में मजबूत बनाना है। ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सेल के निदेशक डॉ. अतुल कुमार मिश्रा ने कहा कि इस समझौते के तहत छात्रों को इंटर्नशिप का अवसर मिलेगा। जिसमें उन्हें उनके काम के आधार पर भुगतान भी किया जाएगा। इससे न केवल उनका व्यावहारिक ज्ञान बढ़ेगा, बल्कि वे आर्थिक रूप से भी सशक्त होंगे। कार्यशाला के दौरान प्रोजेक्ट समन्वयक जिनल शाह ने एआई-संचालित डेटा विश्लेषण और साइबर सुरक्षा की नई तकनीकों पर चर्चा की। इस दौरान यह भी बताया गया कि माधव



विश्वविद्यालय आईटीआई के बाद नॉन-आईटीआई छात्रों का भी मार्गदर्शन करेगा और उन्हें इस क्षेत्र में करियर के बेहतर अवसर उपलब्ध कराएगा। शेप के डायरेक्टर ऑपरेशन्स विशाल मेहता ने कहा कि एआई और साइबर सुरक्षा आने वाले समय में उद्योग और शोध के क्षेत्र में क्रांतिकारी बदलाव लाने वाले हैं। इस अवसर पर इंजीनियरिंग विभाग के अधिष्ठाता डॉ. प्रेनॉन बागची ने बताया कि कैसे पेशेवर इंजीनियर अपनी सेवाओं को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए एआई का उपयोग कर सकते हैं। कंप्यूटर साइंस इंजीनियरिंग की विभागाध्यक्ष संगीतासिंह ने छात्रों को बताया कि इस एमओयू के जरिए वे एआई और साइबर सुरक्षा के क्षेत्र में रोजगार के अनगिनत अवसर प्राप्त कर सकते हैं। सहायक प्रोफेसर केतन राजपुरोहित ने भी विद्यार्थियों को प्रेरित किया, जिससे बड़ी संख्या में छात्र इंटर्नशिप कार्य म में शामिल होने के लिए आगे आए।

## न्यायाधिपति गर्ग कल लेंगे बैठक

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सिरोही।** किशोर न्याय समिति अध्यक्ष एवं राजस्थान उच्च न्यायालय के न्यायाधिपति मनोज कुमार गर्ग की अध्यक्षता में रविवार को आत्मासभागार में बाल कल्याण स्टेक होल्डर के साथ बैठक आयोजित की जाएगी। यह जानकारी जिला कलेक्टर अल्पा चोधरी ने दी।

## मातृशक्ति सम्मेलन आज

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**आबूरोड।** स्वामीनारायण उच्च माध्यमिक विद्यालय दानवाव में शनिवार को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर मातृशक्ति सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा।

## छात्राओं की आंखें जांचकर बांटे चश्मे

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**आबूरोड।** रेडियो मधुबन एफएम द्वारा मनाए जा रहे साप्ताहिक अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस महोत्सव के तहत गांधीनगर के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में ग्लोबल अस्पताल के सहयोग से छात्राओं और शिक्षिकाओं का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। साथ ही आंखों की जांच कर निःशुल्क चश्मा वितरण किया गया। इस दौरान स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. पीयूषी शर्मा, ,ग्लोबल अस्पताल के डिप्टी




मैनेजर बीके अर्चना,प्रोडक्शन हेड बीके कृष्णा ने सम्बोधित किया। शिविर में 150 छात्राओं और शिक्षिकाओं ने लाभ लिया।

## कहानी प्रतियोगिता का परिणाम घोषित

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सिरोही।** अखिल भारतीय साहित्य परिषद की ओर से आयोजित कहानी प्रतियोगिता का सिरोही जिले का परिणाम घोषित किया गया । प्रतियोगिता प्रभारी परमानंद भट्ट ने बताया कि कैलाश जोशी, मनोहरसिंह तथा मुकेश कुमार पुरोहित ने क्रमशः पहला, दूसरा तथा तीसरा स्थान प्राप्त किया।

## विकलांग सहायता शिविर का समापन, 619 दिव्यांग लाभान्वित

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**पिण्डवाड़ा।** वेप्स मंडल की और से चार दिवसीय विकलांग शिविर मेहता वाडी में आयोजित किया गया। शुक्रवार को शिविर का समापन हुआ। वेप्स मंडल अध्यक्ष मनिष जैन ने बताया की इस चार दिवसीय विकलांग शिविर में 16 कत्रिम हाथ-पैर, 33 कैलीपर लगाए। जरुरतमंदो 28 वैशाखी, 110 ट्राई साईकील, 67 व्हील चैयर, 300 कान की मशीन एवं 23 सटीक, 2 वॉकर, 12 स्टॉल एवं 28 सिलाई मशीन आदि सभी 619 दिव्यांग एवं वृद्धजनों को निःशुल्क वितरण किए।



# विधिक चेतना शिविर का आयोजन

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**आबूरोड।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर न्यायालय परिसर में तालुका विधिक सेवा समिति की ओर से विधिक चेतना शिविर का आयोजन किया गया। अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश श्रीमती ग्रीष्मा शर्मा व वरिष्ठ सिविल न्यायाधीश व अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट श्रीमती सलोनी सक्सेना, सीनियर एडवोकेट दुर्गेश शर्मा, बार एसोसिएशन आबूरोड व आबूपर्वत की सभी महिला अधिवक्ता, महिला न्यायिक कर्मचारी,



महिला कांस्टेबल, कालिका पेट्रोलिंग यूनिट के सदस्यों ने भाग लिया। कार्यस्थल पर महिलाओं की सुरक्षा, महिला एवं बालको संबंधी विभिन्न कानूनों पर चर्चा की गई। समाज में महिला वर्ग को सुलभ न्याय व कानूनी सहायता दिलाने के लिए न्यायाधीश, अधिवक्ताा व पुलिस विभाग की साझा जिम्मेदारी के बिंदु भी चर्चा के विषय रहे।

## न्यूज़ ब्रीफ

### समस्याओं को लेकर मंत्री से मिले भाजपा नेता



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सरुपगंज।** क्षेत्र समेत आस-पास की समस्याओं को लेकर भाजपा सिरोही जिला मंत्री भुवनेश पुरोहित ने पिंडवाड़ा आबू विधायक समाराम गरासिया के नेतृत्व में पूर्व उपप्रधान विनोद दवे एवं एसटी मोर्चा मंडल महामंत्री विपेश गरासिया के साथ जयपुर में सहकारिता एवं नागरिक उड़यन राज्यमंत्री गौतम दक एवं विधि एवं सामाजिक न्याय मंत्री जोगाराम पटेल से मिले। भाजपा जिला मंत्री भुवनेश पुरोहित ने उन्हें बताया कि गांव में किसानों को खाद बीज समय पर मुहैया कराने सहित विभिन्न समस्याओं को बताया गया।

### देलदर को ग्राम पंचायत बनाने की मांग



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सिरोही।** उप सरपंच जसवंतसिंह के नेतृत्व मे ग्रामीणों ने शुक्रवार को एसडीएम हरिसिंह देवल को ज्ञापन देकर देलदर को ग्राम पंचायत मंडवारिया से अलग कर स्वतंत्र ग्राम पंचायत घोषित करने की मांग की। ज्ञापन मे ग्रामीणों ने बताया कि देलदर की जनसंख्या वर्तमान मे तीन हजार से अधिक है एवं ग्राम पंचायत मुख्यालय से दो किलोमीटर दुरी पर होने से पंचायत संबंधी कामों के लिए लोगो को परेशानी होती है। देवड़ा ने प्रभारी नारायणसिंह देवल एवं मंत्री ओट राम देवासी को भी इस गंभीर समस्या के समाधान की मांग की। चौथमल सूर्याल, वचनाराम देवासी, सिकंदर खान समेत ग्रामीण उपस्थित रहे।

### भाजपा मनाएगी पूर्व मुख्यमंत्री राजे का जन्मदिन एवं महिला दिवस

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सिरोही।** राजस्थान की पूर्व मुख्यमंत्री व भाजपा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष वसुंधरा राजे सिंधिया के जन्मदिन व अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर भाजपा के हर मंडल स्तर पर कायर्कम अयोजित होंगे। भाजपा जिला प्रवक्ता रोहित खत्री ने बताया कि राजे के जन्मदिन पर राज्यमंत्री ओटाराम देवासी, सांसद लुंबाराम चौधरी व भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ रक्षा भंडारी के सानिध्य में सिरोही नगर मंडल की ओर से रामझरोखा मैदान में गायों को हरा चारा खिलाया जाएगा। उसके बाद ाजकीय जिला चिकित्सालय में फल वितरण किए जाऐंगे। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष में भाजपा महिला मोर्चा के नेतृत्व में शनिवार दोहपर को आरएससेटी सिरोही में महिलाओं के आर्थिक सशक्तीकरण को बढ़ावा देने के लिए महिलाओं का सम्मेलन रखा गया है।

### महिलाएं बराबरी के अधिकार के लिए कर रही है संघर्षः राव



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**पोसालिया।** महिलाओं की ताकत और सम्मान के प्रतीक के रूप में हर साल अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस 8 मार्च को मनाया जाता है। यह दिन लैंगिक समानता, महिलाओं के अधिकारों और उनके सशक्तिकरण के प्रति जागरूकता फैलाने का प्रतीक है। आधुनिक समाज में महिलाएं हर क्षेत्र में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं, फिर भी वे कई चुनौतियों और भेदभाव का सामना कर रही हैं। शिवगंज निवासी अक्षिता सिंह राव ने बताया की महिलाओं को आज भी बराबरी के अधिकार के लिए संघर्ष करना पड़ रहा है। यह सवाल उठता है कि क्या समाज में वास्तव में बदलाव आ रहा है, या यह केवल एक दिखावा भर है? 8 मार्च, यानी अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस, केवल एक तारीख नहीं, बल्कि एक आंदोलन का प्रतीक है। यह हमें याद दिलाता है कि हर युग में महिलाओं ने अपने अधिकारों के लिए संघर्ष किया है।

### कल सिरोही आएंगी कलश यात्रा

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सिरोही।** विश्व शांति, सद्भावना, बंधुत्व और जन जागरण के उद्देश्य के साथ निकाली जा रही अखंड ज्योति कलश यात्रा रविवार सवेरे शहर में पहुंचेगी। जहां रथयात्रा का नगरवासी महामंदिर के बाहरं भव्य स्वागत कर दर्शनो का लाभ लेगें। गायत्री शक्ति पीठ के मुख्य ट्रस्टी रमेश गोमतीवाल ने बताया कि सरकेएम स्कूल के बाहर महामंदिर प्रागण से ज्योति कलश रथ का स्वागत के बाद युवतिया एवं महिलाए कलश लेकर शोभायात्रा के रूप में गायत्री शक्ति पीठ पहुंचेगी। दोपहर को अलग अलग मोहल्ले में यात्रा जाऐगी।

# मथुरा के राधारानी मंदिर में लड्डूमार होली

## महंतों ने लड्डू बरसाए, हुरियारों ने अबीर-गुलाल उड़ाया



### » बरसाना में सखियों ने नृत्य किया

**मथुरा।** मथुरा के बरसाना में राधारानी (लाडलीजी) मंदिर में लड्डूमार होली खेली गई। भक्तों पर लड्डू बरसाए गए। हुरियारों ने जमकर अबीर-गुलाल उड़ाए। इससे पहले दुल्हन की तरह सज-धजकर राधा-रानी की सखियां बरसाना से होली का निमंत्रण लेकर नंदगांव पहुंचीं। फिर नंदगांव में सखियों ने नृत्य किया। सीएम योगी भी बरसाना पहुंचे। उन्होंने लाडलीजी मंदिर में पूजा की और भक्तों पर फूल बरसाए। फिर ब्रजवासियों को संबोधित किया। इसकी शुरुआत राधे-राधे से की। फिर यमुना मैया की जय और बांके बिहारी लाल की जय के नारे लगाए। लाडलीजी मंदिर की लड्डूमार होली देखने और खेलने के लिए 10 लाख श्रद्धालु बरसाना पहुंचे। इनमें विदेशी पर्यटक भी शामिल रहे। लड्डूमार होली के लिए लाडलीजी मंदिर में बनी रसोई में 1,000 किलो शगुन के लड्डू बनाए गए। वहीं, बरसाना, वृंदावन, मथुरा, गोवर्धन और नंदगांव की 950 दुकानों में 9,000 किलो लड्डू तैयार किए गए थे।

## गोविंद देवजी मंदिर में होलिकोत्सव की धूम

### कथक-ठुमरी की रही जुगलबंदी, होली पर दर्शन व्यवस्था में किया गया बदलाव



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जयपुर।** गोविंद देवजी मंदिर में शुक्रवार से तीन दिवसीय 51वें होलिकोत्सव का शुभारंभ हुआ। सत्संग भवन में ठाकुरजी की विशाल छवि के समक्ष कलाकारों ने भजनों और नृत्य की प्रस्तुतियों से भक्तों को भाव-विभोर कर दिया। मंदिर महंत अंजन कुमार गोस्वामी की उपस्थिति में सेवाधिकारी मानस गोस्वामी ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की। पहले दिन ठुमरी और कथक नृत्य की प्रस्तुतियां आकर्षण रहीं। अंतरराष्ट्रीय ख्यातिप्राप्त पद्मश्री गुलाबो सपेरा और उनके दल ने शानदार प्रस्तुति दी। वरिष्ठ नृत्य गुरु अविनाश शर्मा के दल के 60 से अधिक कलाकारों ने होली नृत्य पेश किया। गायक संजय रायजादा और मंजू शर्मा ने संचालन करते हुए समां बांधा। वरिष्ठ गायक पं. जगदीश शर्मा ने ढूंढाड़ी भाषा में पारंपरिक होली भजन सुनाए। युवा गायक कुंजबिहारी जाजू ने होरी खेलन के मिस आजा रे... प्रस्तुत किया, जिस पर दर्शक झूम उठे। वर्तिका तिवाड़ी और उनके साथियों ने ठुमरी ऐसो हठीलो छैल... पर कथक नृत्य किया।

गायक रमेश मेवाल और कथक नृत्यांगना कृष्णेषी ने कान्हा खेलो कहां ऐसी होरी... प्रस्तुत किया। स्वाति गर्ग और उनके साथियों ने ना मारो पिचकारी... पर नृत्य पेश किया। वरिष्ठ गायक गिर्राज बालोदिया की मैं तो अबके होरी खेलूंगी... ने तालियां बटोरी। राजेन्द्र राव और उनके दल ने आज बिरज में होरी रे रसिया... पर भाव नृत्य किया। बनारसीदास ने मोहन आओ तो सही... भजन सुनाया। वरिष्ठ कथक गुरु मंजरी महाजन और उनके शिष्यों ने आज बिरज में होरी... गीत पर कथक किया।

## रेलवे मजदूर संघ ने महिला दिवस और फागोत्सव मनाया

**जयपुर।** उत्तर पश्चिम रेलवे मजदूर संघ द्वारा गणपति नगर स्थित अरावली क्लब में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस और फागोत्सव कार्यक्रम 'शक्ति स्वरूपा' का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विनोद मेहता महासचिव उत्तर पश्चिम रेलवे मजदूर संघ, मुख्य अतिथि शचि पुरवार अध्यक्ष उत्तर पश्चिम रेलवे महिला कल्याण संगठन विशिष्ट अतिथि माधुरी दीक्षित उपाध्यक्ष उ.प.रे. महिला कल्याण संगठन, डॉ मालविका गौड़ उपाध्यक्ष उ.प.रे. महिला कल्याण संगठन, कीर्ति कौशिक वरिष्ठ मंडल इंजीनियर वीना साहनी रजिस्ट्रार आरसीटी रहे। इस दौरान उत्तर पश्चिम रेलवे मजदूर संघ जयपुर मंडल अध्यक्ष सौरभ दीक्षित ने बताया कि आज का युग बराबर का युग आ चुका है, आज महिलाएं किसी भी क्षेत्र में पुरुषों से कम नही है हमारी भारतीय रेलों के सफल संचालन में महिलाओं की भागीदारी पुरुषों के बराबर हो गई है लेकिन फिर भी अभी भी महिलाओं को पुरुषों से ज्यादा समस्याओं का सामना करना पड़ है, जिसके लिए जागरूकता की जरूरत है। कार्यक्रम के अध्यक्ष विनोद मेहता ने बोला कि मां इस समाज की प्रथम शिक्षक होती है और एक महिला ही समाज को सही रास्ता दिखा सकती है इसलिए कभी भी महिलाओँ के साथ भेदभाव की दृष्टि से नही देख कर उन्हें बराबर का दर्जा देने की सोच रखनी चाहिए।

### महिलाओं ने दी सांस्कृतिक प्रस्तुतियां, मिले पुरस्कार

# राजस्थान हाईकोर्ट को मिल सकते हैं सात नए जज

## जोधपुर से चार और जयपुर से तीन के नाम की सिफारिश केंद्र सरकार को भेजी

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जयपुर।** राजस्थान हाई कोर्ट को जल्द 7 नए जज मिल सकते हैं। सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम ने राजस्थान हाई कोर्ट के लिए वकील कोटे से 7 नाम की सिफारिश केंद्र सरकार को भेजी है। अब केंद्र सरकार से अप्रूवल के बाद यह नाम राष्ट्रपति को भेजे जाएंगे। राष्ट्रपति के यहां से नियुक्ति वारंट जारी होने के बाद राजस्थान हाई कोर्ट को यह 7 नए जज मिल जाएंगे।

सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम ने जोधपुर हाई कोर्ट में प्रेक्टिस करने वाले चार अधिवक्ता और जयपुर हाई कोर्ट में प्रेक्टिस करने वाले तीन अधिवक्ताओं के नाम की सिफारिश की है। जोधपुर से अधिवक्ता सुनील बेनीवाल, अधिवक्ता मुकेश राजपुरोहित, अधिवक्ता संदीप शाह और अधिवक्ता बलजिंदर सिंह संधू के नाम की सिफारिश की गई है। इसी तरह से जयपुर से अधिवक्ता आनंद शर्मा, अधिवक्ता संदीप तनेजा और अधिवक्ता शीतल मिर्धा के नाम की सिफारिश की गई है। इनमें संदीप शाह और सुनील बेनीवाल 2019 में एएजी रहे हैं। वहीं साल 2020 में एडवोकेट मुकेश राजपुरोहित केंद्र सरकार के सहायक सॉलिसिटर जनरल राजस्थान हाईकोर्ट जोधपुर में नियुक्त किए गए थे। बलजिंदर सिंह सांदू बार काउंसिल ऑफ राजस्थान के वाइस चेयरमैन हैं।

### 43 दिनों में चार जज की हो चुकी है नियुक्ति

हाईकोर्ट में पिछले 43 दिनों चार नए जज मिल चुके हैं। 21 दिन पहले वकील कोटे से एडवोकेट मनीष शर्मा को हाईकोर्ट जज नियुक्त किया गया था। वहीं मनीष शर्मा की नियुक्ति से 22 दिन पहले न्यायिक कोटे से तीन न्यायाधीश जस्टिस चंद्रशेखर शर्मा, जस्टिस प्रमिल कुमार माथुर और जस्टिस चंद्रप्रकाश श्रीमाली को नियुक्त किया गया था।

# संतों और भक्तों ने आचार्य टेऊराम जी के जन्मोत्सव पर खेली फूलों की होली

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जयपुर।** जयपुर स्थित अमरापुर स्थान में विशेष आयोजन हुआ। प्रेम प्रकाश संप्रदाचार्य आचार्य सद्गुरु स्वामी टेऊराम जी महाराज का मासिक जन्मोत्सव चौथ पर्व मनाया गया। सुबह 6 बजे आचार्य के मंगला दर्शन में भक्तों ने पुष्प अर्पित कर मंगल कामना की। इसके बाद प्रार्थना और भजन संकीर्तन हुआ। फाग उत्सव के अवसर पर संतों ने आचार्य के विग्रहों पर पुष्प माला अर्पित कर केसर तिलक लगाया। शाम 3.30 से 4.00 बजे तक महिला मंडल ने सामूहिक चालीसा का पाठ किया। इसके बाद जयपुर की सरस निकुंज प्रभात मंडली ने फाग उत्सव की रंगत बढ़ाई। कार्यक्रम में नन्हे-नन्हे बाल कृष्ण और राधा स्वरूप ने संतों-भक्तों के साथ फूलों की होली खेली। सैकड़ों श्रद्धालुओं ने इस आयोजन में भाग लिया। मंदिर और समाधि स्थल को मौसमी फूलों से सजाया गया। मंदिर प्रांगण में आकर्षक रंगोली बनाई गई। इस अवसर पर इंदौर, कोटा समेत कई स्थानों से संत महात्मा पधारे। जयपुर, टोंक, निवाई, चाकसू, अजमेर, अहमदाबाद, गुजरात, नाडियाद, सांभर, फुलेरा और सीकर से श्रद्धालु सुबह से ही दर्शन के लिए पहुंचे। संत मनोहर लाल महाराज, संत मोनू राम महाराज, संत लालू राम, संत श्याम लाल, संत नवीन और संत गुरदास समेत अन्य संतों ने सत्संग और प्रवचन किए। गोपीनाथ मंदिर के महंत अलबेली शरण महाराज सहित कई संत-महंत कार्यक्रम में शामिल हुए।

अमरापुर धाम में फाग उत्सव की धूम



# प्रदेश में आज से बढ़ने लगेगा तापमान

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जयपुर।** उत्तर से आ रही हवा कमजोर होने से अब दिन के तापमान में बढ़ोतरी होने लगी है। कल डूंगरपुर, बाड़मेर में दिन का तापमान 35 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया। आज से हवा की दिशा बदलने से तापमान में और बढ़ोतरी होने की संभावना है। मौसम विशेषज्ञों के मुताबिक अगले एक सप्ताह तापमान में और इजाफा होने की संभावना है। होली-धुलंडी तक प्रदेश में कई शहरों में तापमान 35 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच जाएगा। पिछले 24 घंटे के दौरान राजस्थान के सभी शहरों में आसमान साफ रहा। कल दिन में कई शहरों में तेज धूप रही और तापमान में 4-5 डिग्री सेल्सियस तक बढ़ोतरी दर्ज हुई। कल दिन का सबसे अधिक तापमान बाड़मेर में 36.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। डूंगरपुर में भी कल अधिकतम तापमान 35.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। जयपुर, पिलानी, भीलवाड़ा, अजमेर, कोटा, चित्तौड़गढ़, भरतपुर, चूरू, धौलपुर समेत कई शहरों में कल दिन का तापमान 30 डिग्री सेल्सियस या उससे ऊपर दर्ज हुआ।

# गोविन्द विहार व पटेल नगर आवासीय योजनाओं के आवंटन सहमांग पत्र जारी करने हेतु लगाए जाएंगे शिविर

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जयपुर।** जयपुर विकास प्राधिकरण द्वारा गोविन्द विहार एवं पटेल नगर आवासीय योजनाओं के सफल आवंटियों के दस्तावेजों का परीक्षण कर आवंटन सहमांग पत्र जारी करने हेतु गोविन्द विहार योजना का 10 व 11 मार्च, 2025 को एवं पटेल नगर योजना का 12 एवं 17 मार्च, 2025 को प्रातः 10.00 बजे से नागरिक सेवा केन्द्र के हॉल में शिविर आयोजित किये जायेंगे।

जयपुर विकास आयुक्त आनन्दी ने बताया कि जयपुर विकास प्राधिकरण की आवासीय योजना गोविन्द विहार की लॉटरी 20 फरवरी, 2025 को एवं पटेल नगर की लॉटरी 24 फरवरी, 2025 को निकाली गयी थी। जिसमें सफल आवंटियों को आवंटन सहमांग पत्र जारी किये जाने हेतु गोविन्द विहार योजना का 10 व 11 मार्च, 2025 को एवं पटेल नगर योजना का 12 एवं 17 मार्च, 2025 को प्रातः 10.00 बजे नागरिक सेवा केन्द्र के हॉल में शिविर आयोजित किया जा रहा है। जिसमें सफल आवंटियों के दस्तावेजात परीक्षण पश्चात आवंटन सहमांग पत्र जारी किये जावेगे। अतः गोविन्द विहार एवं पटेल नगर के समस्त आवंटियों को सूचित किया जाता है कि आपके आवेदन फार्म में अंकित विवरण अनुसार सभी मूल दस्तावेजात ऑनलाईन स्वयं/ई-मित्र के माध्यम से अपलोड कर निर्धारित दिनांक को समस्त मूल दस्तावेज के साथ शिविर में उपस्थित होवें।

## नगर निगम हेरिटेज का सालाना बजट 1439 करोड़ का होगा

**जयपुर।** जयपुर नगर निगम हेरिटेज ने लगातार चौथी बार बिना बोर्ड बैठक के सालाना बजट सरकार को भेज दिया है। साल 2025-26 नगर निगम हेरिटेज द्वारा शहर के विकास और मूल कार्यों पर 1439 करोड़ रुपए का बजट तैयार किया गया है। इसे सरकार की स्वीकृति मिलने के बाद लागू किया जाएगा। हालांकि बिना बोर्ड बैठक के बजट अनुमोदन को लेकर पार्षदों ने विरोध शुरू कर दिया है। जयपुर नगर निगम हेरिटेज की कार्यवहक मेयर कुसुम यादव ने कहा कि इस साल विधानसभा सत्र की वजह से इस बार बजट बोर्ड बैठक का आयोजन नहीं हो सका। हर साल फरवरी में ही बजट तैयार कर सरकार तक भेजना होता है। ऐसे में इस बार नगर निगम हेरिटेज में लगभग 1439 करोड़ रुपए का बजट तैयार किया गया है। इसे नगर निगम के कमिश्नर ने सरकार को अनुमोदन के लिए भेज दिया है। उन्होंने कहा कि जल्द ही नगर निगम हेरिटेज द्वारा बोर्ड बैठक का आयोजन किया जाएगा। जैसे ही विधानसभा सत्र खत्म होगा। 15 मार्च के आसपास मार्च में नगर निगम हेरिटेज की बोर्ड बैठक आयोजित की जाएगी।

## जयपुर में दहशत फैलाने के लिए तोड़फोड़

### पुलिस ने निकाली परेड, सड़क पर लंगड़ाते हुए चले बदमाश

**जयपुर।** जयपुर में डेंटल क्लिनिक में तोड़फोड़ करने के मामले में बस्सी थाना पुलिस ने दो बदमाशों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने दोनों बदमाशों की पैदल परेड करवाई। लंगड़ाते हुए चलते दोनों बदमाश दोबारा अपराध नहीं करने की बोलते मिले। गिरफ्तार आरोपियों ने पूछताछ में दहशत फैलाने के उद्देश्य से वारदात करना कबूल किया है। बस्सी थाना पुलिस मामले में फरार साथियों की तलाश कर रही है।

ट्रेनी आईपीएस अभिजीत तुलसीराम पाटिल ने बताया- डेंटल क्लिनिक में तोड़फोड़ के मामले में आरोपी राहुल चौधरी (23) और नीरज मीणा (24) निवासी बस्सी को अरेस्ट किया गया है। पुलिस टीम ने दोनों बदमाशों को दबिश देकर बस्सी इलाके से पकड़ा है। इनके कब्जे से वारदात में यूज थार और कार भी जब्त की है। पूछताछ में आरोपियों ने दहशत फैलाने के चलते क्लिनिक में तोड़फोड़ करना स्वीकार किया है।

पुलिस ने गिरफ्तार दोनों आरोपियों की वारदात स्थल के पास पैदल परेड निकाला। लगड़ाते हुए चल रहे दोनों बदमाश हाथ जोड़कर माफी मांगते दिखे। चलते हुए बोल रहे थे दोबारा अपराध नहीं करेंगे, अपने काम से काम रखेंगे। दोनों आरोपियों से मौका तस्दीक करवाकर पुलिस पूछताछ कर रही है। पुलिस टीमें मामले में फरार साथियों की तलाश में दबिश दे रही है।

# आठ माह में 26 एससी-एसटी छात्रों की मौत



## ओडिशा सरकार ने विधानसभा में दी जानकारी

### » जुलाई 2024 से अब तक छह छात्रों ने की आत्महत्या

**भुवनेश्वर।** ओडिशा सरकार द्वारा संचालित छात्रावासों में एक जुलाई 2024 से अब तक अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति (एससी और एसटी) के 26 छात्रों की मौत हुई है। विधानसभा में मंत्री द्वारा शुक्रवार को यह जानकारी दी गई है। एसटी और एससी विकास, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण मंत्री नित्यानंद गोंड ने बीजू जनता दल (बीजेडी) के वरिष्ठ सदस्य रणेंद्र प्रताप स्वैन ने विधानसभा में एक प्रश्न का उत्तर देते हुए कहा कि पिछले आठ महीनों में विभिन्न छात्रावासों में 26 एससी/एसटी छात्रों की मौत हुई। छह छात्रों ने छात्रावासों में आत्महत्या की जबकि शेष 20 ने विभिन्न अस्पतालों में इलाज के दौरान अपनी जान गंवाई है।

### » 14 जिलों में हुई मौतें

राज्य के 14 जिलों में ये मौतें हुई हैं। रायगढ़ जिले में सबसे अधिक सात जबकि कोरापुट और मलकानगिरी जिलों में तीन-तीन छात्रों की मौत हुई। इसके अलावा सुंदरगढ़ और बरगढ़ जिलों में इस अवधि के दौरान दो-दो छात्रों की मौत हुई है।

### एससी-एसटी छात्रों के राज्य में 1762 स्कूल

एसटी एवं एससी विकास, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग के तहत कुल 1,762 स्कूल संचालित हैं, जिनमें नामांकित विद्यार्थियों में से लगभग 90 प्रतिशत एसटी (अनुसूचित जनजाति) बच्चे हैं।

### राज्य में चल रहे 5841 छात्रावास

एसटी बच्चों को आवासीय शिक्षा प्रदान करने के लिए विभाग के तहत 5,841 छात्रावास संचालित हैं। उन छात्रावासों में पांच लाख से अधिक छात्र रह रहे हैं, जिनमें से 90 प्रतिशत एसटी और 10 प्रतिशत एससी (अनुसूचित जाति) बच्चे हैं।




स्वत्वाधिकारी - नारायण पब्लिकेशन प्रा. लि., प्रकाशक, मुद्रक एवं सम्पादक, हेमल पुरोहित के लिए अम्बर ऑफसेट प्रा. लि., डी.एल. टॉवर, 3-ए, विद्याश्रम संस्थानिक क्षेत्र, जे.एल.एन. मार्ग, जयपुर से मुद्रित एवं कोरल स्टूडियो-1, प्लॉट नं. बी-64/65 , फ्लैट नं. 106, सहकार मार्ग, इमली फाटक, जयपुर से प्रकाशित। रजि. नं. RAJHIN/2009/31386 सम्पादक- हेमल पुरोहित। सम्पर्क करें: 0141-2743001, e-mail : Jtjaipur@gmail.com